रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-67 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पीएम मोदी ने लोकनर्तक कनक राजू के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित तेलंगाना के प्रख्यात गुसाडी लोक नर्तक और सांस्कृतिक प्रतीक कनक राजू के निधन पर शोक व्यक्त किया। राजू (84) का कल निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने गुसाडी नृत्य को संरक्षित करने में राजू के समृद्ध योगदान और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण पहलुओं को उनके प्रामाणिक रूप में विकसित करने के लिए उनके समर्पण और जुनून की सराहना की। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया।

### धनखड़ के जोधपुर पहुंचने पर शेखावत ने किया स्वागत



**जोधपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के राजस्थान की दो दिवसीय यात्रा के तहत शनिवार को जोधपुर पहुंचने पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने उनका स्वागत किया। धनखड़ का शेखावत ने जोधपुर हवाई अड्डे पर अगवानी करते हुए स्वागत किया। धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ भी उनके साथ थी। इस अवसर पर राज्य के संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी धनखड़ का स्वागत किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने आईआईटी जोधपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। धनखड़ रविवार को जयपुर में जयपुर जिला न्यायालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### आंध्र में कार-लॉरी की टक्कर से छह लोगों की मौत

**अनंतपुर।** आंध प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार को कार और लॉरी के बीच टक्कर से छह लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कार सवार लोग ताड़ीपत्री में नागरा कीर्तन कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अनंतपुर लौट रहे थे। इसी दौरान के नयनापल्ली क्रॉस पर कार का टायर पंचर हो गया और अनियंत्रित होकर लॉरी से टकरा गयी। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सतोष, शानमुख, वेंकन्ना, श्रीधर, प्रसन्ना और वेंकट के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# नया भारत विश्व में अपना उचित स्थान पाने के लिए आगे बढ़ रहा है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विकसित छत्तीसगढ़ का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होगा। समग्र विकास के लिए नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य महत्वपूर्ण होता है। अच्छा स्वास्थ्य लोगों की उत्पादकता और रचनात्मकता को बढ़ाने में सहायक होता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह शामिल होकर संस्थान के 25 विद्यार्थियों को 33 स्वर्ण पदक एवं 6 विद्यार्थियों को सुपर स्पेशलिस्ट की उपाधि प्रदान की।




### अच्छे स्वास्थ्य से बढती है उत्पादकता और रचनात्मकता : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि जनजाति समाज में सिकल सेल एनीमिया की अभी भी समस्या है। भारत सरकार सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी ही अग्रिम पंक्ति में होते हैं। आप सामान्य लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूक बना सकते हैं, आम नागरिकों को सरकार द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों से अवगत करा सकते हैं। आप नीति निर्माता और सम्माननीय जनता के बीच सेतु का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप लोगों के ग्रामीण क्षेत्रों में जाने से देश की बहुत बड़ी जनसंख्या की वास्तविक समस्याओं से अवगत हो पाएंगे। मैं चाहती हूं कि सभी विद्यार्थियों को समय-समय पर गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ करना चाहिए। मुर्मु ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अधिकांश जनता गांव में रहती हैं, उन लोगों तक उचित स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना चुनौती पूर्ण कार्य है। इस संदर्भ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य में चिकित्सा शिक्षण, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान इस विश्वविद्यालय के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। यह प्रसन्नता की बात है कि विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों में आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ आयुष की शिक्षा भी दी जाती है।

### छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से किया जा रहा है विस्तार : सीएम साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के 33 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक और 6 छात्रों को सुपर स्पेशलिटी की उपाधि मिलने पर बधाई दी और कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र मानवता की सेवा का प्रतीक है। उन्होंने सभी स्नातक छात्रों को समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन और सेवा भाव से कार्य करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की बढ़ती लोकप्रियता का भी जिक्र किया और प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय इन पद्धतियों में भी शिक्षा प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर होना हमें उनके सिद्धांतों और समाज के हर तबके तक सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महामारी, विज्ञान रोग नियंत्रण एवं अनुसंधान संस्थान और शिक्षकों के प्रशिक्षण संस्थान को देश के चिकित्सा क्षेत्र में मील का पत्थर बताया।पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति श्री प्रदीप कुमार पात्रा ने संस्थान का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## आरटीई प्रभारी 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < सारंगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में पदस्थ आरटीई (शिक्षा का अधिकार) प्रभारी अरुण दुबे को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई बिलासपुर एसीबी की टीम ने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में दबिश दी। बिलासपुर एसीबी के ई. निरीक्षक केशवनारायण आदित्य के अनुसार, निजी स्कूल एसोसिएशन संघ के उपाध्यक्ष ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अरुण दुबे, जो कि आरटीई फाइलों को आगे बढ़ाने का कार्य देखते हैं, ने फाइल के हिसाब से रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के अनुसार, आरटीई के तहत 1 लाख से कम की राशि वाली फाइलों के लिए 3000/- और 1 लाख से अधिक की बिल वाली फाइल के लिए 5000/- रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। इस प्रकार, कुल 44 फाइलों पर 2,16,000 रुपये की अवैध मांग की गई थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद, एसीबी की टीम ने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में दबिश दी और कार्यालय में पदस्थ आरटीई प्रभारी अरुण दुबे को 50,000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

## वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में आईएमएफ सहित प्रमुख संस्थाओं में सुधार की जरूरत : सीतारमण

वार्ता < वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले 80 वर्षों में एक बहुपक्षीय संस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विकास की सराहना करते हुये कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में आईएमएफ सहित प्रमुख वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की आवश्यकता है। सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आईएफएफमें 'एमडी के वैश्विक नीति एजेंडा' पर आईएमएफसी प्लेनरी सत्र में भाग लिया और गुटो में बटे विश्व के लिए एक सेतु का काम करने के लिए आईएमएफकी सराहना की और कहा कि आईएमएफकी मुख्य योग्यता के साथ-साथ संगठन के भीतर संसाधनों की उपलब्धता का उचित संज्ञान लेने के बाद सदस्यों की जरूरतों के अनुसार अपनी निगरानी, ऋण और क्षमता विकास को तैयार करके भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।

## 13वें दीक्षांत समारोह 745 विद्यार्थी सम्मानित

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आईआईआईटी, दिल्ली के 13वें दीक्षांत समारोह में 745 विद्यार्थियों को डिग्रियां देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के तहत डिग्रियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को दिल्ली के उपराज्यपाल और भारतीय अंतरिक्ष संस्थान के अध्यक्ष ने सम्मानित किया। समारोह में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड संचार इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लाइड मैथमेटिक्स, कंप्यूटर साइंस एंड डिज़ाइन, कंप्यूटर साइंस एंड सोशल साइंसेस, कंप्यूटर साइंस एंड बायोसाइंसेज, और कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में 516 बी.टेक. स्नातकों को डिग्री प्रदान की गयी।

## भाजपा केजरीवाल की जान लेने पर आमादा : आप

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आप के सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी रोहित सहरावत भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सोशल मीडिया पर उसकी फोटो मौजूद है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा द्वेष और हिंसा की राजनीति में इस कदर आगे बढ़ चुकी है कि अब वह केजरीवाल की जान लेने पर अमादा है। भाजपा केजरीवाल की जान की दुश्मन बन गई है। आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है।

## छत्तीसगढ़ में गोल्फ खेलों का अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, इससे देश विदेश में खेलों के क्षेत्र में बनेगी प्रदेश की पहचान : ओपी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खेलों की शानदार अधोसंरचना तैयार हो रही है और राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन लगातार कर रहे हैं। परंपरागत खेलों के साथ ही गोल्फ जैसे खेलों के आयोजन से छत्तीसगढ़ को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान मिली है। यह बात नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित गोल्फ खेल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में वित्त और आवास मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के लोग अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। इनकी प्रतिभा को निखारने के लिए सरकार द्वारा इन्हें लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास की अपार संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ खनिज, वन, उद्योग आदि क्षेत्रों में विकसित राज्य है। नवा रायपुर को प्रदूषण मुक्त शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। नवा रायपुर में पानी की उपलब्धता भरपूर है। यहां पर पीपल फॉर प्यूपिल का कैंपेन चलाकर पर्यावरण को स्वस्थ्य बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में गोल्फ के खेल के संभावनाओं को बढ़ाने के लिये यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। नवा रायपुर में गोल्फ खेल के लिए 200 एकड़ का क्षेत्र सुरक्षित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, एन.आर.डी.ए. के सीईओ सौरभ कुमार सहित सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित थे। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जक्सय साह ने कहा कि गोल्फ में धैर्य और एकाग्रता की जरूरत होती है। इस खेल को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव तक ले जाएं, इस खेल को बढ़ावा देने की जरूरत है। नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्य ने कहा कि गोल्फ के प्रति उत्साह ने सिद्ध कर दिया कि गोल्फ को छत्तीसगढ़ में बढ़ावा दिया जा सकता है। खेल के इस आयोजन में सरकार ने मदद दी। इस प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ का नाम गोल्फ खेल में नाम रोशन कर दिया। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने प्रतिबद्ध है। नवा रायपुर में चौंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा।

## भूमि पत्तन पेट्रापोल में यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन करेंगे शाह

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को पश्चिम बंगाल के भूमि पत्तन पेट्रापोल में यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दक्षिण एशियाई देशों के साथ सांस्कृतिक और व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण को एक नयी गति, दिशा और आयाम प्रदान किया है। भूमि पत्तन पेट्रापोल दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा लैंड पोर्ट है और यह भारत तथा बंगलादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए एक अहम प्रवेश द्वार है। पेट्रापोल (भारत)-बेनापोल (बंगलादेश) व्यापार और यात्री आवाजाही दोनों के मामले में भारत-बंगलादेश के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमि सीमा क्रॉसिंग में से एक है। भारत और बंगलादेश के बीच करीब 70 प्रतिशत भूमि-आधारित व्यापार (मूल्य के हिसाब से) इसी भूमि बंदरगाह के ज़रिए होता है। पेट्रापोल भूमि पत्तन भारत का आठवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आव्रजन बंदरगाह भी है जो भारत और बंगलादेश के बीच सालाना 23.5 लाख से ज़्यादा यात्रियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। भूमि पत्तन पेट्रापोल में नया यात्री टर्मिनल भवन, इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र है, जो भारत और बंगलादेश के बीच यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए तैयार है।

## शिवराज ने दिल्ली के प्रदूषण पर बैठक की

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति पर एक उच्च स्तरीय बैठक की और इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर जन जागरण की अपील की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि दिल्ली में प्रदूषण की भयानक समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता चौहान ने की। बैठक में केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कृषि मंत्री, दिल्ली के वन पर्यावरण मंत्री, संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव और कृषि सचिव सहित प्रमुख अधिकारी इस बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष से इस वर्ष तक पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 35 प्रतिशत और हरियाणा में 21 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2017 के मुकाबले पराली जलाने की घटनाओं में भी 51 प्रतिशत से भी ज्यादा की गिरावट दर्ज की गयी है। राज्यों ने बताया कि वह स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा उनके नोडल अधिकारी तय हैं। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जा रहा हैं। चौहान ने कहा कि सरकार अपनी ओर से भी सारे प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की एक व्यापक समस्या है और इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए। एक तो व्यापक पैमाने पर जन जागरण अभियान चल रहा है। उसे और प्रभावी ढंग से केंद्र -राज्य मिलकर चलाने का प्रयत्न करेंगे। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से नुकसान होता है। इससे भूमि का स्वास्थ्य भी बिगड़ा है। ? कीट भी मारे जाते हैं। धरती कड़ी हो जाती है? और उर्वरकता कम होती जाती है। पिछले वर्ष सब्सिडी पर केंद्र सरकार ने प्रणाली प्रबंधन की तीन लाख से ज्यादा मशीनें दी गयी हैं। उन मशीनों का प्रभावी प्रयोग किया जाना चाहिए। चौहान ने कहा कि कई बार छोटे किसानों तक इन मशीनों की पहुंच नहीं हो पाती है, जिनके पास छोटे खेत होते हैं, वे किरायें पर मशीनें लेकर पराली का प्रबंधन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पराली को खेत में ही दबा दें तो वह खाद बन जाती है, समस्या की वजह वह वरदान बन जाती है।

### एक नर हाथी, एक मादा हाथी के अलावा एक शावक भी हुआ करंट का शिकार

# पहली बार एक साथ तीन हाथियों की मौत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ वन मंडल के तमनार रेंज में बीती रात 11केवी करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ जाने के कारण एक साथ तीन हाथियों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचे। तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराते हुए आगे की कार्रवाई में विभाग जुट गया है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों 158 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 80 हाथी मौजूद है वहीं रायगढ़ वन मंडल में भी 78 हाथी दो दलों में घरघोड़ा रेंज में ही विचरण कर रहे हैं। हाथियों के द्वारा अलग-अलग जगहों में ग्रामीणों की फसलों को भी लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बीती रात तमनार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बकचबा बीट के चुहकीमार में स्थित वन विभाग के नर्सरी में 11केवी करंट प्रवाहित तार जो कि काफी नीचे से होकर गुजरा था उसके संपर्क में आ जाने से एक नर हाथी, एक मादा हाथी के अलावा एक हाथी शावक की मौत हो गई है। रायगढ़ जिले में पहली बार एक साथ तीन हाथी की मौत करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से वन विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। आनन-फानन में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शुरूआती जांच में विभाग को पता चला है कि 11केवी तार के संपर्क आने से ही तीनों हाथियों की मौत हुई है। इस मामले में रायगढ़ वन मंडल की डीएफओ स्टाईलो मंडावी ने बताया कि करंट की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत हुई है। इस क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए हाथी प्रभावित इलाकों में लगातार मुनादी कराते हुए लोगों को सावधान किया जा रहा है।

### 45 प्रतिशत हाथी पिछले छः साल में मरे : नितिन सिंघवी



**रायपुर।** वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने कहा कि पिछले 6 सालों में ही बिजली करंट से 35 हाथी मरे हैं जो कि अभी तक बिजली करंट से मरे 78 हाथियों का 45 प्रतिशत होता है। 2001 से लेकर 2024 तक कुल 224 हाथियों की मौत हुई उनमे से 78 हाथी बिजली करंट से मरे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की गाइडलाइंस कहती है कि बिजली कंपनी और वन विभाग संयुक्त रूप से वनों से गुजर रही बिजली लाइनों का निरीक्षण समय-समय पर करेंगे और वन विभाग भी बिजली कंपनी को झूलती लाइनों के बारे में बताएगा। जानकारी के अनुसार जिस लाइन से टकराकर के हाथियों की मौत हुई वह कई दिनों से झूल रही थी और वन विभाग की नर्सरी के पास ही थी। ऐसा लगता है कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी सो रहे थे जब कि सभी को मालूम था कि वहां हाथी विचरण होता है।

## सेबी जैसी संवैधानिक संस्था में भ्रष्टाचार से गड़बड़ा रहा है आर्थिक आधार : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का पतन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही नहीं बढ़ा है बल्कि सेबी जैसी संस्थाओं में गड़बड़ी होने लगी है जिससे अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंच रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार जड़ जमा रहा है और देश की विकास का आधार खोखला हो रहा है। उन्होंने कहा, संस्थागत पतन ने देश में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था अब प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की बजाय एकाधिकार को बढ़ावा दे रही है। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्रतिगामी कर प्रणाली में फंस गए हैं, उद्यमियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और खुदरा निवेशक अनिश्चित और असुरक्षित बाजार की ओर देख रहे हैं। अर्थव्यवस्था का यह माहौल समृद्धि और नवप्रवर्तन को सक्षम तथा प्रभावी बनाने वाला नहीं है। गांधी ने प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- सेबी प्रमुख मधुबी बुच पुरी पर लगे आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा,माधवी बुच का घोटाला इस बात का उदाहरण है कि जब संस्थाएं ध्वस्त हो जाती हैं और भाईचारा हावी हो जाता है तो क्या होता है। जिन लोगों को आम भारतीयों और उनके निवेशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से इनकार कर दिया है और वे लोग खुद ही व्यापक पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार और कदाचार में लिप्त हैं। इस घोटाले पर अब तक जो जानकारी सामने आई है वह बस एक शुरुआत भर है। भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम एक बड़ा सिंडिकेट कर रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार इन मुद्दों को उठा रही है, कई घोटालों की जांच कर रही है और सच्चाई को उजागर कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर सवाल किया, शेयर बाजार में 10 करोड़ छोटे और मझोले निवेशकों की मेहनत की कमाई में हेराफेरी कौन कर रहा है। सरकार जवाब दे कि सेबी चेयरमैन पर लगे घोटालों को लेकर उन्हें संसदीय जांच से क्यों बचा रही है। सवाल यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मजबूत बाजार नियामक सेबी की पवित्रता और अखंडता को नष्ट कर क्यो जर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 साल के दौरान देश में किसी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं के साथ समझौता नहीं किया लेकिन मोदी सरकार इन पर लगातार हमला कर रही है जिसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नवा रायपुर सेक्टर 24 स्थित नवीन मुख्यमंत्री निवास पहुंची। उनके यहां पहुंचने पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय सहित परिजनों ने परंपरागत रूप से उनका आत्मीय स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने मुख्यमंत्री के परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की। राष्ट्रपति ने सबके साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई। मुर्मु ने बच्चों को आशीष दिया और राष्ट्रपति भवन की पुस्तक और चॉकलेट उपहार स्वरूप दिए। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मु के सम्मान में मुख्यमंत्री साय ने अपने निवास में भोज का आयोजन किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान की विभिन्न अवसरों पर ली गई छायाचित्र का एल्बम नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में भेंट किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय डिजिटल का है और फोटो डिजिटल रूप में तुरंत मिल जाती हैं। लेकिन आपने इतने सीमित समय में इसका एल्बम तैयार कर मुझे दिया है। आपने इस फोटो एल्बम के माध्यम से मेरे छत्तीसगढ़ प्रवास को चिरस्मरणीय बना दिया है।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुख्यमंत्री निवास में रोपा बेल का पौधा



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आमंत्रण पर उनके नवा रायपुर स्थित निवास पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निवास परिसर में बेल का पौधा रोपा। उनके साथ राज्यपाल रमेन डेका ने आंवला का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु के स्वागत में जशपुर जिले से आए करमा नर्तक दल ने मनमोहक शैली में नृत्य प्रस्तुत किया। इन मंजे हुए कलाकारों की मांदर की थाप पर लयबद्ध प्रस्तुति देखकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने करमा नर्तक दलों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके साथ फोटो खिंचवाई।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के साथ लिया सामूहिक छायाचित्र



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपनी जीवन-पद्धति, खान-पान, लोक-नृत्य, लोक-संगीत, लोकवाद्यों, कलाओं रीति-रिवाजों, तीज-त्यौहारों, अस्थाओं और अन्य आदिम परंपराओं से काफी प्रभावित हुईं। छत्तीसगढ के पारंपरिक वेषभूषा में सजे आदिवासियों के साथ सामुहिक छायाचित्र लिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक खुशवंत साहेब एवं रोहित साहू उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपने बीच पाकर अभिभूत हो गए। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली पुरखौती मुक्तांगन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ के जनजातीय समाज के गौरव और आत्मसम्मान को बढाने और उन्हे सम्मान देते हुए छत्तीसगढ के सरगुजा, बस्तर और दंतेवाडा जिले के नर्तक दलों के साथ छायाचित्र कराया गया। सरगुजा, बस्तर और दंतेवाडा जिले के नर्तक दलों में शमिल महिला और पुरूषों में पांरपरिक वेषभूषा में संज-संवरकर तैयार थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, प्रमुख सचिव आदिम जाति एवं कल्याण विभाग सोनमणि बोरा एवं प्रमुख सचिव संस्कृति अन्बलगन पी., मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द, आयुक्त आदिवासी विकास नरेंद्र दुग्गा, संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति विवेक आचार्य भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का भिलाई हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल होने हेलीकॉप्टर से भिलाई पहुचीं। राष्ट्रपति मुर्मु का हेलीपैड पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु साय, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु को राज्यपाल डेका ने स्मृति चिन्ह किये भेंट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के प्रवास के अंतिम दिन राजभवन में उन्हें ससम्मान बिदाई दी गई। राष्ट्रपति मुर्मु को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा छत्तीसगढ़ की पहचान, बेल मेटल से निर्मित स्मृति चिन्ह और विश्व प्रसिद्ध कोसा की साड़ी भेंट की गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने भी राष्ट्रपति भवन की काष्ठ से निर्मित प्रतिकृति उन्हें भेंट की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थी।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महाप्रभु भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि और निरंतर प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित महाप्रभु भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि और निरंतर प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा। राष्ट्रपति मुर्मु इस दौरान जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने इस मौके पर मंदिर पहुंचे प्रदेश के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्टजनों से भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि ओड़िसा के जगन्नाथ पुरी स्थित महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ के पांव छत्तीसगढ़ के सोंढूर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के तट पर स्थित प्रयाग नगरी राजिम में पड़े थे, जिसे वर्तमान में भगवान कुलेश्वर मंदिर के रूप में आज लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं। इसी की याद में गायत्री नगर में भी महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया गया है।

## दीपावली पर स्थानीय सामग्री के उपयोग को करें प्रोत्साहित : डॉ. यादव

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए मंगलकामना की है कि सभी के जीवन में महालक्ष्मी की कृपा बनी रहे। डॉ यादव ने प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली पर सभी के मन में वोकल फॉर लोकल'' का भाव रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सभी को वोकल फॉर लोकल के लिये प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि दीया-बाती बनाने वालों, साफ-सफाई व श्रृंगार की सामग्री बनाने वालों और ऐसी ही गतिविधियों में स्थानीय स्तर पर लगे व्यक्तियों और उनके परिवारों से मिलकर, दीपावली पर्व के उत्साह और उल्लास का प्रकटीकरण होता है। भगवान श्रीराम ने भी सभी लोगों के साथ मिलकर सभी के कल्याण की कामना के साथ अपना राज्य चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. यादव भी दीपावली मनाने के लिए स्वयं बाजार जाकर स्थानीय स्तर पर बनाए गए उत्पाद खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि हम सबका यह सामूहिक प्रयास हो कि गरीब और मजदूर परिवार का कोई भी सदस्य भूखा न रहे।

## वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

एजेंसी ◂ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फिर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि मइयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार के महिला सदस्य के अपमान की चिंता नही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने केलिए, वोट बैंक केलिए कितना नीचे गिरेगे हेमंत सोरेन। मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी ,एक जनप्रतिनिधि हैं फिर भी मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री जी सत्ता मद में डब चुके हैं। कहा कि थोड़ी भी प्रतिष्ठा बची है तो मुख्यमंत्री जी को इरफान अंसारी पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## नये स्मार्ट शहरों में प्रशासनिक भवन प्रकृति के करीब, ऊर्जा-दक्ष होंगे

एजेंसी ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी) के तहत विकसित किये जाने वाले नये स्मार्ट शहरों में बनाये जाने वाले प्रशासनिक भवनों को पारिस्थितिकी की दृष्टि से स्वस्थ और प्रकृति से जुड़ाव वाला रखने तथा उनका डिजाइन ऊर्जा-दक्ष रखने पर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इस परियोजनाओं का विकास वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की प्रशासनिक निगरानी के तहत किया जा रहा है। मंत्रिमंडल ने ऐसे 12 समार्ट औद्योगिक शहरों के विकास के प्रस्ताव को अनुमति दी है, जो विविध प्रकार की परिवहन प्रणालियों से अच्छी तरह जुड़े होंगे।

## इरफान अंसारी को मंत्रीमंडल से बर्खास्त करें हेमंत सोरेन : शिवराज

एजेंसी ◂ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड में कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी का सीता सोरेन पर दिए अमर्यादित बयान पर भाजपा नेताओं ने कड़ा विरोध किया है। भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन के मंत्रीमंडल से इरफान अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने इरफान के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। क्या इरफान अंसारी को शर्म नहीं आता है। आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है। उनको शर्म करनी चाहिए। चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दूर्गा सोरेन की पत्नी, शिबु सोरेन की बहु और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। वे झारखंड भाजपा की सम्मानित नेता हैं। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए भद्दी शब्दों का इस्तेमाल किया। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन जी का अपमान नहीं किया बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। यह भारत के नारी शक्ति का अपमान है। अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शर्म आती है तो इरफान अंसारी को मंत्री मंडल से बाहर निकाल देना चाहिए। इस बीच कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सीता सोरेन पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान का घोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के लिए बहुत ही अपमानजनक टिप्पणी की है। महिलाओं के लिए कांग्रेस की क्या सोच है कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के बयान से स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस महिला और युवा विरोधी पार्टी है।

## किसान से रिश्वत लेते पीएमजीएसवाई का एएई गिरफ्तार

**देहरादून।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के उत्तराखंड जनपद के देहरादून जनपद अंतर्गत, कालसी प्रखंड में नियुक्त एक अपर सहायक अभियन्ता अपराह्न, सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की टीम ने पांच हजार रुपए की एक ग्रामीण से रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस के पुलिस अधीक्षक धीरेंद्र गुंज्याल ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा विजिलेंस के हेल्पलाईन नम्बर 1064 पर दर्ज करायी गयी शिकायत पर पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत, बनाई गयी सड़क में शिकायतकर्ता के खेत के कटान का भुगतान करने के एवज में संबंधित एएई सुंदर सिंह चौहान रिश्वत मांग रहा है। इस पर उपरोक्त सुन्दर सिंह चौहान को उसके कार्यालय कालसी से विजिलेंस की टीम ने शिकायतकर्ता से रू0 5,000/-( पॉच हजार रुपये) रिश्वत ग्रहण करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

## बीएसएफ ने फाजिल्का में हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की खुफिया शाखा की सूचना पर कार्रवाई करते हुये, बीएसएफ के जवानों ने 25 अक्टूबर, 2024 को फाजिल्का जिले के गांव-टाहलीवाला के समीपवर्ती क्षेत्र से दो हेरोइन तस्करों को पकड़ा है। उनके कब्जे से एक आई-फोन और एक अमेरिकी डॉलर बरामद हुआ।



बीएसएफके प्रवक्त ा ने बताया कि पकड़े गये तस्कर जिला फाजिल्का के गांव ढाब खुशहाल जोया और गांव हाजरा राम सिंह के निवासी हैं। इसके अलावा, पकड़े गये तस्करों के खुलासे पर, बीएसएफद्वारा 26 अक्टूबर, 2024 को सुबह के समय गांव- टाहलीवाला क्षेत्र के समीपवर्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान दौरान जवानों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट (कुल वजन- 540 ग्राम) सफलतापूर्वक बरामद किया।

## सैनी ने मोदी से मुलाकात कर परियोजनाओं पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात कर राज्य के विकास के संबंध में विभिन्न विकास परियोजनाओं और योजनाओं पर चर्चा की। सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आने वाले समय में केंद्र और हरियाणा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास की गति को तीव्रता से आगे बढ़ायेगी और विकास के मामले में ''नॉनस्टॉप हरियाणा बढ़ता हुआ हरियाणा'' होगा। उन्होंने मोदी के साथ मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से कहा कि गत दिवस हरियाणा विधानसभा में सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली और प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि हरियाणा में विकास की गति में तीव्रता लायें, ताकि लोगों के जीवन को सरल और सुगम बनाया जा सके। इसी कड़ी में गत दिनों उनकी नयी दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ भी बैठकें हुई है, जिसमें कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। सैनी ने कहा कि गुरुग्राम में मेट्रो रेल और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का विस्तारीकरण होगा, तो वहीं सराय कालेखां से पानीपत तक जाने वाली आरआरटीएस परियोजना को करनाल तक बढ़ाने का भी काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से लोगों को यातायात जाम से निजात मिलेगी और उनका सफर सुगम और सरल होगा।

## पंजाब सरकार के गलत फैसलों के कारण मंडियों में हुई धान की अधिकता : बिटटू

वार्ता ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार को आगामी धान खरीद सीजन के दौरान राज्य की अनाज मंडियों में अधिकता पैदा करने के लिये जिम्मेदार ठहराया।

बिट्टू ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह पहली बार है जब पंजाब जैसे कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के मुख्यमंत्री द्वारा लिये गये गलत फैसलों का खामियाजा कृषि से जुड़े हर क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने किसानों की जमीनी हकीकत जानने के लिये राज्य की एक भी अनाज मंडी में कदम रखने की हिम्मत नहीं की है। इसके बजाय पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह किसानों की समस्याओं को साझा करने के लिये अनाज मंडियों में जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसानों, आढ़तियों, चावल मिल मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को परेशान करके पंजाब सरकार हाल ही में संपन्न हुये लोकसभा चुनावों में राज्य की जनता से अपनी हार का बदला ले रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्र के साथ हुई बैठक में मान ने वादा किया था कि पंजाब सरकार के पास धान भंडारण के लिये तीन लाख टन से अधिक जगह खाली पड़ी है।

उन्होंने सवाल किया, अगर जगह की कमी नहीं है, तो पंजाब की मंडियां धान से क्यों भरी पड़ी हैं।

## गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिये यूपी कांग्रेस ने कसी कमर

वार्ता ◂ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर हो रहे विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार कर रही कांग्रेस ने अपने एक वरिष्ठ पदाधिकारी को अनुशासनहीनता के आरोप में पदमुक्त कर दिया है। जिला कांग्रेस प्रयागराज गंगापार के अध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव ने फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध में नामांकन पत्र दाखिल किया था। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता माना और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया। इस बीच कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिये हर सीट के लिये एक-एक समन्वय समिति का गठन किया है। राय ने कहा कि प्रदेश में हो रहे उप चुनावों में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिये एक समन्वय समिति का गठन किया है। विधानसभावार गठित इस समन्वय समिति को यह जिम्मेदारी सौंपी गई की वह अपनी अपनी संबंधित विधानसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों से समन्वय स्थापित कर उनकी विजय सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका का मजबूती से निर्वहन करें।

# फरसगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

## जिला प्रशासन के प्रयासों से हितग्राही लाभान्वित: एलएन पटेल

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com






राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में जिला प्रशासन द्वारा लोक शिकायतों के त्वरित निराकरण, विकास कार्यों के आवश्यकतानुसार स्वीकृत करने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन साधारण को पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के ग्राम पंचायतों एवं हाट बाजारों के दिनों में शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों को निराकरण किया जा रहा है। जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर का आयोजन 24 अक्टूबर को फरसगांव में किया गया। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत फरसगांव, आमगांव, दण्डवन, छिनारी, तुरठा, बावड़ी एवं हलामीमुंजमेटा के ग्रामीण भारी मात्रा में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लिया गया। उपस्थित ग्रामीणों को शासन के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी विभाग के अधिकारियों के द्वारा दी गई। नारायणपुर जनपद सीईओ एल.एन.पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 109, कृषि के 25, उद्यानिकी के 17, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 11, क्रेडा विभाग के 5, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 10, जल संसाधन के 2, सहकारिता लेम्स के 14, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 8, राजस्व विभाग के 7, महिला एवं बाल विकास विभाग के 2, शिक्षा विभाग के 3, वन विभाग के 1, विद्युत के 1, आदिम जाति कल्याण विभाग के 3, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के 1 और दूर संचार विभाग के 2 आवेदन इस प्रकार शिविर में मांग एवं समस्या के 228 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर स्थल में 81 आवेदनों का निराकरण किया गया तथा 147 आवेदन लंबित है, जिसका निराकरण शीघ्र किया जाएगा। शिविर में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। नारायणपुर जनपद सीईओ एल.एन.पटेल ने बताया कि जिला प्रशासन के प्रयासों से हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग एवं समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का शिविर स्थल पर उपस्थित लोगो को वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित जनपद अध्यक्ष पंडीराम वड्डे ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आग्रह किया। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पहल संस्था द्वारा बैला टैलेंट हंट का किया गया आयोजन





पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिले के सुदूर अंचल में स्थित लोह नगरी बैलाडिला में निवासरत बच्चों की गायन और नृत्य की कला को निखारने के लिए बैलाडिला की पहल नामक संस्था ने अपने पहले प्रयास में बैला टेलेंट हंट के नाम से आयोजन करवा कर बैलाडिला के बच्चों में छिपी गायन और नृत्य की प्रतिभा को मंच प्रदान कर निखारने का अभिनव प्रयास किया।उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर अंचल में स्थित बैलाडिला क्षेत्र में कई कलाओं की कई प्रतिभाएं छुपी हुई है जिनको मंच देते हुए निखारने के उद्देश्य के साथ पहल का पहला प्रयास सफल होता दिखा। पहल संस्था के अध्यक्ष जमील खान और सचिव के साजी ने बताया कि बैलाडिला में गायन और नृत्य की कई प्रतिभाएं छिपी हुई है क्योंकि आज तक किसी भी संस्था ने उन कलाकारों को मंच प्रदान नही किया परंतु हमारी संस्था ने बैला टेलेंट हंट कार्यक्रम के माध्यम से नवोदित एवं छिपे हुए कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए उनकी हौसला अफजाई करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को करवाया है।विदित हो कि ऑडिसन के बाद नगर के फुटबॉल ग्राउंड में शुक्रवार को बैला टेलेंट हंट का फाइनल मुकाबला रखा गया।जिसमें ग्रुप डांस के विजेता को 25000 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले को 15000 रुपये ,एवं तृतीय स्थान पाने वाले को 10000 रुपये का नगद पुरुस्कार दिया गया ।गायन वर्ग में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के विजेताओं को 15000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 10000 रुपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 5000 रुपये नगद पुरुस्कार से नवाजा गया। इस दौरान पहल संस्था के अध्यक्ष जमील खान, सचिव के साजी, परियोजना प्रमुख संजीव साही, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, श्रमिक संघ एटक के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, श्रमिक संघ इंटक के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह, बीटीओए के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह गौतम, पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल राजी मोल विशेष रूप से मौजूद रहें।

# बीएसएफ 135वीं वाहिनी फुटबॉल टेलेंट हंट प्रतियोगिता का फाइनल आज





पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कीड़ा परिसर मैदान नारायणपुर में 135वी वाहिनी बी.एस.एफ. के कमांडेंट नवल सिंह व तेदट फुटबॉल क्लब नारायणपुर के सहयोग से आयोजित बीएसएफ अबूझमाड़ टेलेंट हंट फुटबॉल टूर्नामेंट का आज 26 अक्टूबर को फाइनल मैच होने जा रहा है। इंटर बटालियन सेक्टर लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल सुबह 09 बजे से 135 बटालियन बीएसएफ और 11 बटालियन बीएसएफ के बीच होगा और दूसरा फाइनल मैच शाम 2:30 बजे से ओरछा बी और शांतिनगर की टीमों के बीच खेला जाएगा। फुटबॉल मैच को लेकर खेल प्रेमियों के दिलों में खुशी की लहर है। कमांडेंट 135 बटालियन नवल सिंह और उनके बटालियन के कार्मिक इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं । इस फुटबॉल मैच का आयोजन का उद्देश्य पुछने पर कमांडेंट नवल सिंह, 135वी बटालियन बी. एस. एफ. ने बताया कि हम चाहते है की सुदूर गांवों में छिपी खेल प्रतिभा को सामने लाना व बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकुद में भी आगे बढ़ने में मदद करना है तथा खेल के साथ-साथ मुख्य धारा में जुड़ने का मौका मिले एवं उनमें देश के सुरक्षा बलों और सरकार के प्रति सदभाव पैदा हो।

# जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट में दबिश देकर खाद्यान्न सामग्री के नमूने लिए जा रहे

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत करते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों में दबिश देकर छापामार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में संचालित होटल, रेस्टारेंट में दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में निम्न गुणवत्ता वाली अमानक मिठाई, खाद्यान्न सामग्री विक्रय एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरुपयोग किये जाने के संबंध में संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर कार्रवाई की गई। अमानक स्तर की खाद्यान्न सामग्री पाए जाने पर नमूने लेकर लैब भेजने की भी कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के चारामा नगर पंचायत में मेसर्स यादव दूध डेयरी से दूध, राजा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट से खोवा, सुरेश होटल से पनीर एवं कुन्दा, दुर्गेश रेस्टोरेंट से दही, जोधपुर मिष्ठान भंडार से खोवा एवं पेड़ा की जांच कर मिष्ठान्नों का नमूना प्राप्त कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु रायपुर स्थित लैब भेजा गया। फूड एंड ड्रग्स विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर में दुर्गा होटल से स्ट्राबेरी स्वीट्स, जैन मिष्ठान से खजूर रोल, गोपाल स्वीट्स से कलाकंद गुलशन होटल से मिल्क बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार माजीसा किराना स्टोर भानुप्रतापपुर से निलांस सेवाइया लाल गुलाब सरसों तेल, मैगी मसाला, अचार एवं अन्य सामग्री 5576 रुपये, जायसवाल प्रोविहजन स्टोर्स भानुप्रतापपुर के अभिषेक जायसवाल से एवरेस्ट धनिया मसाला, निलांस चिकन मसाला गुजराती पापड़, विकेजी चनाचूर, लाल गुलाब सरसों तेल कीमत 3660 रुपये, जैन एजेंसी भानुप्रतापपुर हल्दीराम रोस्टेड चना 1320 रुपये, राजस्थान किराना स्टोर भानुप्रतापपुर पारले हाइड एंड सीक अनमोल टम्मी, नेचुरल टोस्ट, वाघ बकरी चाय 2690 रुपये, अरिहंत सुपर मार्केट भानुप्रतापपुर सुंदर तिल्ली टोस्ट चिंगस हाट गारलिक 480 रुपये, आशीर्वाद प्रोविहजन स्टोर्स 12776 रुपये कुल 30000 रुपये की एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त की गई। इसी तरह कांकेर में जय हिंद होटल से मलाई बर्फी, जैन मिष्ठान से पनीर, केसर पेड़ा, नेकी हसन से मथुरा पेड़ा, जय हिन्द रेस्टोरेंट पनीर, राजस्थान स्वीटस से बादाम बर्फी का सैंपल जांच हेतु लिया गया एवं होटल रुबरु जायका से 5 किग्रा पुराना मटन, दाल पका 5 क्रिग्रा काबुली चना उबला 2 कि.ग्रा. रसगुल्ला 1 कि.ग्रा. मछली 3 कि.ग्रा. खराब पाए गए जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया एवं वेज एवं नानवेज व्यंजन अलग-अलग नहीं रखने हेतु होटल संचालक को नोटिस दिया गया। बताया गया कि राखी त्यौहार में लिए गये खाद्य नमूना में जैन मिष्ठान कांकेर के खोवा, राजस्थान स्वीट्स कांकेर के पेड़ा, दुर्गेश रेस्टोरेंट चारामा बर्फी, गुलशन होटल भानुप्रतापपुर के रसगुल्ला, आजाद होटल भानुप्रतापपुर के पनीर, एवं तारकनाथ मिष्ठान भंडार के चमचम के नमून अमानक पाये गये जिसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत माननीय एडीएम न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही भानुप्रतापपुर के गणपती होटल से 1 नग, दसरु बिरयानी सेंटर 2 नग, प्रभु होटल 2 नग, आजाद होटल से 1 नग, गोपाला स्वीटस से 1 नग एवं कांकेर में लक्ष्मी रेस्टोरेंट से 2 नग, दुर्गा मारवाड़ी होटल से 1 नग, राजेश होटल से 2 नग कुल 12 घरेलू सिलेंडर पर कार्यवाही की गई।

# नगरपालिका परिषद किरन्दुल के कर्मचारी द्वारा किया गया श्रमदान



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में प्रत्येक शनिवार प्रातः स्वच्छता श्रमदान हेतु निर्देशित किया गया हैं। जिसके तहत शनिवार सुबह 9:30 बजे किरंदुल गांधीनगर हाट बाज़ार एवं कॉलेज चौक में नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गई।मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र कार्यक्रम सहायक सुरेंद्र कुमार पोयाम,डॉ सत्यनारायण सिंह,उप अभियंतातीरथ राम सिंह, जॉर्डन राम, धनंजय शर्मा, मनराखन ठाकुर, लोमन सिन्हा, अंकाल राम नेताम, नागेश चौरे, एडमल स्वामी, मनीषा ठाकुर, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं सभी प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहें।

# कोण्डागांव राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम में शिक्षिका मधु तिवारी एवं छात्रा किरण सम्मानित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





एससीईआरटी एवं रूम तो रेड इंडिया ट्रस्ट छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी साक्षरता कौशल में सुधार एवं बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने हेतु राज्य में पठन अभियान दिनांक 02/09/2024 से 16/10/2024 तक आयोजित था। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से राज्य के सभी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के साथ रोचक सीखने की गतिविधियां, शिक्षक, समुदाय और बच्चों का एक साथ कहानी सुनना और सुनाना, पढ़ने और लिखने की गतिविधियों का प्रदर्शन करना, प्रतिदिन पढ़ने हेतु समय निर्धारित करना, पुस्तकालय की पुस्तकों से कहानी पढ़ना, कहानी से संबंधित अपने विचार लिखना, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पठन सामग्री का उपयोग करना आदि गतिविधियां शामिल हैं।इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य स्तर पर पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रूम टू रेड के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अब तक किए गए प्रयास उनके प्रभाव,बुनियादी साक्षरता ने बाल साहित्य की भूमिका,लैंगिक समावेशन,शिक्षक क्षमता संवर्धन आदि पर अतिथियों द्वारा प्रकाश डाला गया।अनुभव व उपलब्धियों के संगम में छात्रों को भी शामिल किया गया,जिसमें जिला कोंडागांव के विकासखंड कोंडागांव के प्राथमिक शाला हरदीपारा की छात्रा किरण नेताम शामिल हुई जिन्हें इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में लेखक, अनुवादक व छात्रों को सम्मानित किया गया। कोंडागांव जिले से लगातार दो बार राज्यपाल सम्मान प्राप्त शिक्षिका मधु तिवारी प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला जोंदरापदर द्वारा लिखी कहानी 'दादी की झाड़ू' चौदह भाषाओं में अनुवाद की जाएगी जिसमें पांच भाषाओं में अनुवादित स्टॉल में प्रदर्शित की गई थी,शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में एससीईआरटी से उप संचालक पुष्पा किसकोटा, यूएसएआईडी से शिखा जैन, भाग्यलक्ष्मी बालाजी ऑपरेशन डायरेक्टर रूम टू रेड, एससीईआरटी से डीकेश्वर वर्मा उपस्थित थे। कोंडागांव जिले से छात्रा किरण एवं शिक्षिका मधु तिवारी को राज्य से सम्मानित होने पर जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा जिला कोंडागांव से डीईओ आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे, एडीपीओ शीला शार्दूल, जिला के समस्त एपीसी, बीईओ कोंडागांव मनोज दुबे, बीआरसी कोंडागांव मालती ध्रुव, राजू दीवान संकुल समन्वयक बाखरा, छात्रा की मेंटर शिक्षिका सुरजोतीन ठाकुर एवं संकुल बाखरा के समस्त शिक्षकों ने पुरस्कृत छात्रा और शिक्षिका एवं सम्बंधित संस्था को बधाई दिया।

## बच्चे शिक्षा के साथ-साथ स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी ले रहे हैं भाग

# बिंजोली में पालक ने अपने बच्चे के जन्मदिवस पर कराया न्योता भोज

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोज के परिपालन में विकास खंड माकड़ी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिंजोली में गांव के एक जागरूक पालक पिता कंवलनाथ बघेल एवं माता दसमीं बघेल के द्वारा अपने बेटे (सूरज कुमार बघेल कक्षा - पांचवीं) के जन्म दिवस पर विद्यालय में न्यौता भोज कराया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर बच्चों और जागरूक पालकों, शिक्षकों ने स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। प्रधान अध्यापक सुदामा नाग ने बताया कि स्कूलों में अब न्योता भोज जैसे आयोजन से बच्चों में स्कूल के प्रति रुचि बढ़ रही है।

ग्रामीण परिवेश के बच्चे ऐसे मौके पर अत्यधिक प्रसन्न होकर शिक्षा के साथ-साथ स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। अब गाँव में जनप्रतिनिधि, अभिवावक और ग्रामवासी भी विभिन्न अवसरों पर स्कूल में न्यौता भोज करा रहे हैं। इस दौरान संकुल समन्वयक विशंभर बघेल, संतोष पोर्ते, संदीप तिर्की सहायक शिक्षक उच्च प्राथमिक विद्यालय डोंगरीगुडा बिंजोली के प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी, शिक्षक वेदप्रकाश कंवर, रमाकांत मांझी, और सरपंच अनिता चंदू बघेल, उपसरपंच रविंद्र बघेल, नंदलाल दयमन बघेल, टेकसर, सेमलाल के साथ ही गांव के जागरूक माताएं, जगवती, दुलमा, अर्चना, लछनदई, सुमती, सोमारी, दुलेश्वरी, सविता, लखमी, महंगी, हीराबती, कनकदई, शांति कश्यप, कुशमा, नीलावती, गोकूलचंद बघेल, पंच सोनवारू बघेल, ट्यूटर शिक्षक बलीराम बघेल, सचिव रामकुमार यादव, नीलाम्बर बघेल, रतिराम बघेल शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रंजीत बघेल, एवम स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# पटेलपारा किरन्दुल में सौर ऊर्जा आधारित पेयजल आपूर्ति योजना का एएम, एनएस महाप्रबंधक ने किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी द्वारा सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत शनिवार को किरन्दुल बस्ती पटेलपारा में परियोजना तृप्ति के अंतर्गत सौरऊर्जा आधारित पेयजल आपूर्ति योजना का उद्घाटन एएमएनएस महाप्रबंधक वाई वी राघवेलु ने किया। बता दें इस सोलर वाटर सिस्टम की क्षमता 5000 लीटर हैं। इसके माध्यम से पटेलपारा के 300 परिवार को लाभ मिलेगा।

मौके पर सीएसआर प्रमुख डॉ. तेजप्रकाश, वार्ड पार्षद राजू कुजाम, विजय सोढ़ी, सोनू कुंजाम, सोनू मंडावी, जोगा कुंजाम आदि ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित ग्रामीणों ने एएमएनएस की इस पहल की सराहना की और पानी की सुविधा के लिए धन्यवाद दिया।

# एसडीएम तहसीलदार ने तोड़ी छोटे-छोटे धान बिचौलियों की कमर बड़े कारोबारी के खिलाफ कार्यवाही का इंतजार




पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बीते कुछ दिनों से एसडीएम तुलसीदास और तहसीलदार चितेश देवांगन ने उड़िसा से धान लाकर समर्थन मूल्य में बेचने वाले बिचौलिया की मंशा पर पानी फेर दिया है घर घर पहुंचकर ताबड़तोड़ तरीके से उड़ीसा के धान पर कार्यवाही किया जा रहा है इसी तर्ज पर आज एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने देवभोग सरगीगुड़ा के केवल नागेश पिता चेतन नागेश दाबिश देते अवैध तरीके धान की भंडारण किए 152 बोरी धान को जब्त किया हालांकि यह जब्ती की कार्यवाही से पहले केवल नागेश के घर पर कोई नहीं होने के कारण घर ताला तोड़कर धान जब्ती की कार्यवाही को अंजाम दिया। इसी तरह तहसीलदार चितेश देवांगन ने मौखागुड़ा के सुखचंद पिता रवीराम के घर 225 बोरी भंडारण धान को जब्त किया गया हालांकि इससे पहले तहसीदार देवांगन ने सरगीगुड़ा के जशवंत के घर से भी 65 बोरी धान जब्त किया, जिसके बाद क्षेत्र के धान सप्लायरों के बीच काफी ज्यादा हड़कंप मचा हुआ है क्योंकि सबसे खास बात तो यह की पहले संबंधित किसान से पूछताछ में ही पूरा कबूला जाता है कि कितना खेत है कितना धान की कटाई किया है धान कहा रखा गया है ऐसे तमाम सवालों के जवाब से असंतुष्ट अधिकारी सीधा ठिकाना पर धावा बोल रहे हैं ताकि आसानी के साथ उड़िसा के धान होने की पुष्टि किया जा सके यही वजह की अब कार्यवाही किए मामला में किसी किसान ने भी खुद खेत से पैदावार फसल पर कार्यवाही करने का आरोप नहीं लगाया है।

### एक भी व्यापारी के ठिकाना गौदाम में छापा नहीं

देवभोग मुख्यालय के साथ झाखरपारा में 10 से अधिक बड़े बड़े व्यापारी हैं खुलेआम उड़िसा से अपने अपने पिकअप पर रोजाना सैकड़ों क्विंटल धान ला रहे हैं जिसे अपने अपने ठिकाना के साथ गौदाम में भर भर कर किसानो के बीच पहुंचा रहे हैं लेकिन मजाल है किसी अधिकारी ने ऐसे बड़े बड़े धान तस्कर के गोदाम या ठिकाना पर छापा मारा है जबकि मुख्यालय और झाखरपारा के धान तस्करों द्वारा खुलेआम धान लाया जा रहा है जिसकी चर्चा भी खूब होती हैं कि छोटे छोटे बिचौलिया के खिलाफ जिस तरह कार्यवाही का मुहिम छेड़ा गया है उसी तरह बड़े बड़े धान सप्लायर के खिलाफ भी कार्यवाही होना चाहिए लेकिन अफसोस की बात है। कार्यवाही के शुरुवात दिन से लेकर आज तक कोई बड़ा कारोबारी का धान या वाहन पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाया है शायद यही वजह है कि स्थानीय अधिकारियों को बड़े बड़े अधिकारियों के समक्ष नतमस्तक होने की चर्चा चौक चौराहा मे खूब हो रही है।

### चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारियों पर भी सवाल

सबसे खास बात तो यह है कि उड़िसा के धान को रोकने के लिए क्षेत्र में 15 अस्थाई चेकपोस्ट बनाया है जहां पटवारी सचिव रोजगार सहायक सहित पुलिस जवानों की तैनाती होती हैं उसके बावजूद भी उड़ीसा का धान पहुंचना चेकपोस्ट में तैनाती अधिकारी कर्मचारियों के कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करता है।

# विविध कार्यक्रमों के साथ आदित्य विद्या मंदिर बैंकुठ में धूमधाम से मनाया गया दीपावली पर्व



पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

विकासखंड तिल्दा समीपस्थ क्षेत्र के बैकुंठ रेल्वे स्टेशन समीप के आदित्य विद्या मंदिर में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल संचालक पवन साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेंद्र सिन्हा व विशिष्ट अतिथियो में प्राचार्या हरप्रीत कौर, भारती साहू आदि रहे। विशेष सहयोग -राखी पाल, मधु यदु एवं सभी प्री प्राइमरी शिक्षक बता दे कि स्टेशन पारा बैकुंठ के इस आदित्य विद्या मंदिर में सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों के द्वारा श्री राम चन्द्र जी के जयघोष के साथ लक्ष्मी माँ, सरस्वती माँ गणेश भगवान के छायाचित्र मे माल्यार्पण कर धूपदिप व श्रीफल अर्पित किया गया। ज्ञात हो कि अगली महत्वपूर्ण कडी मे यहां के बच्चों के द्वारा रामलीला, समुद्र मंथन से परिपूर्ण रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कर, शिक्षक व विद्यार्थियों का मनमोह लिया। बच्चों की वेशभूषा, व नृत्य देखते ही बन रहा था। गौरतलब हो कि इस कार्यक्रम में अतिथियों ने संबोधित किया। जिसमें मुख्य अतिथि पवन साहू ने कहा कि यहा के बच्चे बहुत ही हुनरमंद, गुणवान है। इससे यह साबित होता है कि इन बच्चों का भविष्य मंगलमय है। अंत मे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुएसभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दीपावली की विशेष बधाई देते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा किया गया।

# भाजपा के विपिन उपोवेजा संगठन चुनाव अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 के संगठन चुनाव कराने हेतु जिला संगठन चुनाव अधिकारी व सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई है उसी के तहत हमारे सरायपाली निवासी भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा को जिला सह संगठन चुनाव अधिकारी की नियुक्ति प्रदेश संगठन के द्वारा किया गया है।इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सेजेस गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर संतोष शर्मा के निर्देश पर शासकीय स्वामी आत्मानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गरियाबंद में छात्राओं की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद तथा प्रशांत कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद एवं अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से शरदचंद निषाद (विधिक सह परिविक्षा अधिकारी) गोपाल सिंह कवंर (सामाजिक कार्यकर्ता) मिशन शक्ति योजना से कु. मनीषा वर्मा (जिला मिशन समन्वयक) अंजली नाविक (जेण्डर विशेषज्ञ) तथा चाईल्ड लाईन से कु. सोनाली ध्रुव (केस वर्कर) शामिल हुए। उक्त साक्षरता शिविर में यशवंत वासनीकर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मोटर व्हीकल एक्ट तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले की जानकारी दिये। प्रशांत कुमार देवांगन ने किशोर न्याय तथा बालकों से संबंधित विधि की जानकारी दी। शरदचंद निषाद विधिक सह परिविक्षा अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पान्सरशीप योजना, बाल विवाह, नशा मुक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा कु. मनीषा वर्मा जिला समन्वयक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# सिप अबैकस स्कूल भंवरपुर का हुआ शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

विगत रविवार के दिन सिप अबैकस स्कूल भंवरपुर का शुभारंभ किया गया। इस उपलक्ष्य पर बच्चों के लिए कलरिंग कॉन्टैक्ट आयोजित किया गया। इस ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। यहां सभी बच्चे अलग-अलग स्कूल से अपने अभिभावकों के साथ आए हुए थे। यह मौका सिप अबैकस के दूसरे ब्रांच के शुभारम्भ का था। गौरतलब हो कि सिप अबैकस बसना विगत 7 साल से बसना के आसपास के बच्चों में याद करने की क्षमता, तीव्र सोचने की क्षमता, सुंदर लेखनी, एकाग्रता, गणित मास्टर, फेटोजेनिक मेमोरी आदि क्षमताओं को बढ़ते आ रहा है। इस स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रजीत कौर होरा ने बताया कि बड़ेसाजापाली, सागरपाली, लम्बर, भंवरपुर ,पिरदा, चनाट आदि गांवों के पालकों के लगातार आग्रह पर ही उन्होंने अपना दूसरा केन्द्र भंवरपुर में प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है। 20 अक्टूबर के कार्यक्रम में लगभग 450 पालकगण उपस्थित हुए थे। इस कार्यक्रम में विशेष तौर से छत्तीसगढ़ स्टेट हेड गुरमीत सिंह चावला रायपुर से पहुँचे थे। साथ ही बसना नगर के दविन्दर सिंह होरा विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी बच्चे और पालक सिप अबैकस बसना के बच्चों द्वारा दिखाए गये प्रदर्शन से काफी प्रसन्न और प्रभावित हुये। उन्होंने अपने बच्चों का दाखिला भी सिप अबैकस स्कूल में करवाया। होरा ने आगे बताया कि आगामी 27 अक्टूबर को नये बैजेस की शुरुआत हो रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल नर्सिंग होम के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. भारतीय अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने होरा को सिप अबैकस भंवरपुर और बसना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पालकों को भी इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया और अपने बच्चों को इसका पूरा लाभ उठाने के लिए आव्हान किया। यह कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे से संध्या 6:30 तक चली।

# नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के मौजूदगी वार्ड की सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




नगर में स्वच्छता अभियान को गति देते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के मौजूदगी मे दिपावली के पूर्व सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रायपुर जिला तिल्दा -नेवरा नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी जो राजनितिक दृष्टि से कम वहीं सामाजिक व धार्मिक दृष्टिकोण से हमेशा जनता के मध्य जुड़ा हुआ है, जिनके द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्वयं मौजूद होकर सफाई, स्वच्छता अभियान को गति दे रहा है। गौरतलब हो कि तिल्दा-नेवरा नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी का राजनीतिक जीवन के पूर्व से ही सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमो के प्रति लगाव रहा है , नगरपालिका उपाध्यक्ष के पद पर आसीन होंने के पहले इनके द्वारा विकास मित्र मंडल के नाम पर युवा वर्ग का एक समूह बनाया गया है, जो नगर के किसी भी क्षेत्र मे सामाजिक स्तर से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता है, यही नहीं सफाई अभियान में हमेशा से इस समूह का विशेष योगदान रहा, जो विकास सुखवानी के नगरपालिका उपाध्यक्ष के पद पर आसानी होने तक बदस्तूर जारी है। नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने स्वच्छता को लेकर कहा है कि यह अभियान महज तीज त्योहार ही नहीं, अपितु हमेशा दिन चर्या में समाहित करने की आवश्यकता है, चुंकि स्वच्छता से नगर के साथ साथ चिंतन भी स्वस्थ व स्वच्छ होगा। नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने नगरवासियों से अपिल किया है कि साफ सफाई व स्वच्छता के मामले पर गंभीरता बरते, इसके लिए किसी तीज त्योहार की आवश्यकता नहीं है, उन्होंने आव्हान किया कि सभी नगरवासी अपने घरों के सामने की रोजाना साफ सफाई हेतु समय निकालकर स्वच्छता का आवाज बुलंद करे। वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि नगरपालिका चुनाव को 57 महिना बीत गया , पंचवर्षीय पूरा होने में महज तीन महिने ही शेष है, नगरपालिका चुनाव की तिथि नजदीक आते ही इनका नगर स्वच्छता पर ध्यान जा रहा है, इसके पहले ये विरोधाभासी लोग किस बिल में छुपे हुए थे, तिल्दा-नेवरा नगर की जनता बुद्धिजीवी व जागरूक हैं, वह भलि भांति जानता है कि चुनाव की तिथी नजदीक आते ही बरसाती मेढक टर्राने लगा है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा व स्वच्छता अभियान चलाया गया



पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य साखीराम पटेल, शिक्षक सुशील सतपथी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक सहायक गुणसागर पटेल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ट्रैक्टर, डंफर, कंटेनर एवं मोटरसाइकिलो में संकेतक के रूप में रेडियम पट्टी लगाया गया तथा चालकों से हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, रात में डीपर का उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, एवं विद्यालय के पास वाहन धीरे चलाते हुए यातायात चिन्ह एवं निर्देशों का पालन करने हेतु आग्रह किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शिक्षक चेतन कुमार पटेल, चंद्रशेखर पटेल, कर्मचारी अनंतराम पटेल, किशन बाग के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में उगआए घास को उखाड़ कर साइकिल स्टैंड का समतलीकरण का कार्य किया गया। इस अभियान में विद्यालय के स्वयंसेवक कु. आरती यादव, अंजलि बरिहा, भानुमति, हेमलता यादव, जागेशिनी मानिकपुरी, खिलेश्वरी दास, नवीन दास, मनीषा, रश्मि, सुनीता साहू, मानसी विशाल, सपना भारद्वाज ,तमन्ना दास, वैष्णवी साहू, देवकी विशाल, तनुजा पटेल, भानु प्रताप, चंद्रशेखर, चंद्रशेखर सिदार, चितरंजन, दीपक, देवराज, दीपेश भोई, गोकुल, प्रताप पटेल रोशन, यशवंत, अमन नाग, कैलाश नायक, खीरसागर पटेल, प्रदीप थानापत, राकेश यादव, रितेश साहू, रूपेंद्र पटेल सुमित बाग, तोषकुमार चौहान आदि ने हिस्सा लिया।

# महाविद्यालय में मनाया गया जनजाति गौरव सप्ताह



पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

नवीन शासकीय महाविधालय भवरपुर में प्राचार्य डॉ. एस. के साव के निर्देशन एवं सहायक प्राध्यापक एस के पटेल के मार्गदर्शन में जनजाति गौरव सप्ताह दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत से किया गया तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन हुआ। एस के पटेल ने जनजातियों के गौरवशाली इतिहास समृद्ध संस्कृति एवं परम्परा पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बिरसा मुंडा से भगवान बिरसामुंडा होने तक के सफर पर अपने गंभीर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हेरोद तिग्गा व्याख्याता समाजशास्त्र ने छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र नारायण सिंह के वीरनारायण बनने तक के सफर पर प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली पोस्टर, भाषण, निबंध लोकनृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़? चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक गण कृष्णकात ठाकर, गजराज नायक डॉ. रमीज दानी, रितेश नायक, धनुर्जय पटेल, दीपक राठौर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 5 नवंबर को होगा राज्योत्सव

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में 05 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव में राज्य स्तर के कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों के साथ ही स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित स्टॉल सजेंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्योत्सव समारोह की तैयारी बैठक ली। उन्होने राज्योत्सव के सफल आयोजन हेतु सम्बंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्योत्सव समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा जिसके अंतर्गत समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल में मंच व्यवस्था एवं आवश्यक टेंट एवं पंडाल की व्यवस्था हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग, लाईटिंग एवं माईक व्यवस्था हेतु सीएसपीड़ीसीएल के कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी, फूलमाला, गुलदस्ता व्यवस्था हेतु सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य सुविधा हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, साफ-सफाई व्यवस्था हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पेय जल हेतु पीएचई को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# नई दिशा अभियान के तहत पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या विद्यालय के 223 छात्राओं ने संगोष्ठी में लिया हिस्सा



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु हर सप्ताह स्कूल, कॉलेज एवं ग्राम पंचायतों में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार में स्थित पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या विद्यालय में गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 वी से 12 वीं तक के लगभग 223 छात्राओं ने भाग लिया। संगोष्ठी में नशामुक्त समाज व जीवन जीने की कला के बारे में बताया गया। संगोष्ठी में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि परिवार में एक व्यक्ति भी नशा करता है तो उसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है और परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच जाता है। दृढ संकल्प एवं सकारात्मक सोच से नशे की लत से छुटकारा पाया जा सकता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र भी नशा छोड़ने में सहयोग करता है। केंद्र में मनोचिकित्सक द्वारा ईलाज के साथ दवाई भी दी जाती है। संगोष्ठी में छात्राओं को परिवार, मोहल्ले के आस- पास के वातावरण को नशे से मुक्त करने हेतु जानकारी दी गई तथा संकल्प वाचन किया गया। खैरघाट स्थित नशामुक्ति केंद्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा -पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर मनोचिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, तूलिका परघनिया सहित समाज कल्याण विभाग कर्मचारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में जनजातीय गौरव अतीत के थीम पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं मेघनाथ सिदार संयोजक जनजातीय अतीत गौरव के निर्देशन में विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस जनजातीय अतीत गौरवशाली ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति एवं परम्परा पर रंगोली ,निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए रंगोली प्रतियोगिता के प्रभारी दीपक कुमार एवं डॉ.राधेश्याम पटेल, निबंध प्रतियोगिता के प्रभारी यू के बरिहा एवं अनिल तांडी और चित्रकला प्रतियोगिता के प्रभारी सत्यप्रकाश खरबंदे एवं पूजा सोनी को नियुक्ति किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू, अंजलि एवं संगीता एम.काम. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान ममता चौधरी एवं साहेबा बानो एम ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान एवं तृतीय स्थान पर उषा साहू एवं झरना प्रधान रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री मिश्रा एम ए हिंदी तृतीय सेमेस्टर ,द्वितीय स्थान पायल साहू एम ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान एवं तृतीय स्थान सरोज निषाद पीजीडीसीए रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गिरी लाल सागर एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर ,द्वितीय स्थान जय कृष्ण सुरजाल एमएससी प्राणी शास्त्र तृतीय सेमेस्टर एवं दिव्या वर्ग एम ए तृतीय सेमेस्टर भूगोल एवं रोशनी बंछोर बीएससी भाग दो तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य ।जनजातीय गौरवशाली अतीत के ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति एवं परम्परा पर आधारित यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिकता प्रदान की।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट सीएसआर द्वारा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एंड मानब संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के मार्गदर्शन में 26/10/2024 दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा अधिकारी देवेश सिंह शामिल हुए, जिन्हें अग्नि, सड़क, एलपीजी एवं विद्युत सुरक्षा जागरूकता के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोमनाथ वर्मा सदस्य योगेश साहू संस्था प्रमुख प्राचार्य बी एल कोसले व शिक्षक गणों में एस के खटकर, डीपी साहू, आरके साहू, दिलीप कुमार बंदे, अर्चना मिंज, प्रमोद देवांगन, मोहन भारद्वाज, मंजू चौहान, राजेश मांड्रे सहित पूरा शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।सीएसआर प्रमुख विनोद वास्तव, अधिकारी ज्योस्तना पति एवं रंजय पांडे एवं टीम से जानकी बाई, हेमलता धाऊ, उपस्थित थे। छात्रों के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें खतरों को पहचानने और आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है, जिससे उनके दैनिक जीवन में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

# बसना में छात्राओं को विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने किया साइकिल वितरण

## छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में होगी सहूलियत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसना के लोकप्रिय विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया। साइकिल वितरण के दौरान विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से उन्हें स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। छात्राओं को समय पर स्कूल जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना होगा। बल्कि वे स्वयं अपनी साइकिल से विद्यालय आवाजाही कर सकेंगी। सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य उन बालिकाओं को साइकिल प्रदान करना है जो दूर दराज के के क्षेत्र से शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, साइकिल न केवल परिवहन का एक साधन है बल्कि यह स्वतंत्रता वह शक्तिकरण का प्रतीक भी है, यह हमारी बालिकाओं को अपने लक्ष्य की दिशा में बढ़ाने में मदद करेगा, बालिकाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने में मददगार साबित होगा। इधर छात्राओं के बीच साइकल वितरण से खुशी देखी गयी। साइकिल वितरण समारोह में स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं शाला अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, प्राचार्य एनके पण्डा, विधायक प्रतिनिधि व महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, भाजपा पिरदा मण्डल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, कामेश बंजारा, वैष्णव पात्र, खिरोद पुरोहित, एचके बेहरा, एसके विशाल, सतीश बेहरा, राजकुमारी गुप्ता, सहदेव कुमार, भुवनेशदास सहित अन्य कार्यकर्ता व शिक्षक,छात्र- छात्राओं उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन विवेक दास ने किया।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में अराजकता का माहौल, सरकार की विफलता की नैतिक जिम्मेदारी लेते खुद इस्तीफा दें सीएम: बैज

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में रोज-रोज घट रही घटनाएं यह साबित करने के लिये पर्याप्त हैं कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनाओं को रोक पाना सरकार के बूते की बात नहीं है। ऐसी नकारी और निक्कमी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिए। जब जनता अपने जान माल की सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों पर उतर आए तथा राज्य के हालात अराजक हो जाएं,तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देने में ही जनता की भलाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। सरकार की अकर्मण्यता का नतीजा है जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावना पूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफविद्रोह पर उतर आई है। पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिए गए, सूरजपुर में अपराधी के घर पर हमला करने गई भीड़ ने एसडीएम को पीटने के लिये दौड़ा दिया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ अपराधी पर कार्यवाही की मांग को लेकर जनता ने 24 घंटे चक्काजाम कर दिया था तब जाकर पुलिस ने कार्यवाही की। यह सारी घटनाएं बताती हैं कि भाजपा के राज में अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे हैं। दीपक बैज ने कहा कि सरकार की विफलता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है। सरकार बेपटरी हो चुकी है। 4 एसपी और कलेक्टर, दर्जनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हटाने के बाद भी सरकार कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रही तब मुख्यमंत्री, गृह मंत्री को हटाने में क्यों हिचकिचा रहे हैं? मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि उनके गृहमंत्री की गलती नहीं है तो सरकार की नाकामी की जिम्मेदारी खुद लेकर तत्काल इस्तीफा दें। इस मौके पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह अंबिकापुर के महापौर डॉ.अजय तिर्की जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित हजारों की संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ऋचा की गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

साहित्यिक और सांस्कृतिक मंच ऋचा की अक्टूबर माह की गोष्ठी वृंदावन हाल के मीटिंग रुम में डाक्टर अमृता शुक्ला द्वारा आयोजित की गई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती और ऋचा की संस्थापिका शांति यदु की तस्वीर पर उनके पुत्र ब्रिगेडियर प्रदीप यदु और पुत्रवधु मंजु यदु के द्वारा माल्यार्पण किया गया। मंच की भूतपूर्व अध्यक्षा लतिका भावे तथा वर्तमान अध्यक्षा मंजुला हर्ष श्रीवास्तव, सचिव नीता श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। चूंकि पिछले माह संस्था की वरिष्ठ सदस्या और भूतपूर्व अध्यक्षा शशि मिश्रा का दुखद निधन हो गया है, इसलिए इस बार माहौल थोड़ा गमगीन रहा। सभी ने उनके लिये दो शब्द कहे। प्रदीप यदु उनके लिए कहते हुए बहुत भावुक हुए, क्योंकि शशि, शांति यदु की समकालीन थी। अनिल श्रीवास्तव जाहिद का हर बार की तरह बेहद सधा हुआ बेहतरीन संचालन रहा। इस माह नीता श्रीवास्तव और अंजु यदु का जन्मदिन था, अतः पुष्पगुच्छ से स्वागत व बधाईयाँ प्रेषित की गई। इस गोष्ठी में सुरेंद्र रावल, डॉक्टर चितरंजन कर, डॉक्टर सुरेश तिवारी, दिलीप वरवंडकर, रामेश्वर शर्मा, प्रदीप यदु, अनिल श्रीवास्तव आशा मानव, लतिका भावे, डॉक्टर मंजुला हर्ष श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, मंजु यदु, इरा पंत, माधुरी कर, चँद्रकांता अग्रवाल, शकुनतला तरार, नीता श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव नीलिमा मिश्रा और स्वयं डाक्टर अमृता शुक्ला द्वारा काव्य पाठ किया गया। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत शशि मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

# 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत 09वीं किश्त की राशि अंतरित की

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जैसे ही मोबाइल में नोटिफिकेशन की घंटी बजी, वैसे ही महिलाओं में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ये खुशी किसी और चीज की नहीं, बल्कि महतारी वंदन योजना की राशि महिलाओं के खाते में आने की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर से प्रदेश के 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत 09वीं किश्त की राशि अंतरित की। इसमें जिले के 02 लाख से अधिक महिलाएं भी शामिल है। राष्ट्रपति मुर्मु ने महिलाओं को इस राशि के साथ दीपावली की अग्रिम बधाई भी दी। महतारी वंदन योजना की राशि दीपावली से पहले मिलने से महिलाओं में खुशी की लहर है।



मुंगेली विकासखंड के ग्राम कुंवागांव की मनीषा कश्यप बताती है कि पहले दीपावली का त्यौहार के समय हाथ में पैसा नहीं होने के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन प्रदेश में जब से विष्णुदेव की सरकार बनी है, तब से हर महीने उनके खाते में एक हजार रुपए मिल जाता है। इस बार सरकार ने संवेदनशील पहल करते हुए दीपावली के पहले ही यह राशि हमारे खाते में अंतरित कर दी। इससे हमारी खुशी दुगुनी हो गई है। बच्चों के लिए पटाखे, दीप, मिठाई खरीदने में परेशानी नहीं होगी। महिलाओं ने राशि मिलने पर शासन प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने और उनके मान-सम्मान में वृद्धि के उद्देश्य से हर महीने उनके खाते में 01 हजार रुपए राशि अंतरित किया जा रहा है। इससे महिलाओं की न केवल छोटी छोटी जरूरतें पूरी हो रही है, बल्कि कई महिलाएं इस राशि का अपने व्यापार, व्यवसाय में उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ संवर रहा है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला मुंगेली की इकाई गठित की



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला मुंगेली की इकाई गठित की गई यह कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेली के कॉन्फ्रें स हॉल में गुरुवार को आयोजित की गई थी इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता एवं प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बिलासपुर विभाग संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य शुभम जायसवाल एवं प्रदेश एस एफ डी संयोजक इंदीवर शुक्ला की उपस्थिति में संपन्न किया गया इस जिला के अन्य कार्यकर्ताओ में जिले के संगठन मंत्री यमन दास जिला संयोजक अतुल साहू श्वेतगंगा इकाई नगर मंत्री ताम्रध्वज साहू अमन शर्मा अद्वित मिश्रा एवं प्रमोद यादव की उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ दीपक प्रज्वलन के साथ किया गया तथा संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा नवीन कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया। शुभम जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में परिषद के स्वर्णिम इतिहास को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

# ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवस कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय, फास्टरपुर (सेतगंगा) के साभागर में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में देवेंद्र परिहार (लेखक एवं कवि), विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वतंत्र कुमार जटाशंकर (सहायक प्राध्यापक, दीनदयाल उपाध्याय शासकीय नवीन महाविद्यालय, झलमला, जिला - कबीरधाम) आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. के. मिश्रा सर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र परिहार सर द्वारा आदिवासियों के इतिहास, उनके योगदान तथा उनके गौरव पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, उन्होंने रानी दुर्गावती की शौर्य गाथा से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वतंत्र कुमार जटाशंकर के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह और अन्य आदिवासी क्रांतिकारियों के योगदान को विस्तार से समझाया गया। प्राचार्य डॉ मिश्रा सर द्वारा आदिवासी समाज की समाजशास्त्रीय एवं मानवशास्त्रीय व्याख्या की गई। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आदिवासी लोकगीतों पर रंगारंग एवं भव्य नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ अमित सिंह, दिलीप देवांगन सर एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# दीपावली पर्व नजदीक आते ही बाजारों में मिट्टी के दीये बिक्री के लिए पहुंचने लगे

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

दीपावली पर्व नजदीक आते ही बाजारों में मिट्टी के दीये बिक्री के लिए पहुंचने लगे है। कुंभकार मोहल्ले में घरों को रोशन करने मिट्टी के दीये गढ़े जा रहे हैं। गणेश एवं दुर्गा प्रतिमाओं के बाद अब कुंभकार मोहल्ले में दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए दीये बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। कुम्हार परिवारों ने दीपावली के लिए दीये बनाने का काम पखवाड़ा भर पहले से शुरू कर दिए हैं। दिए बनाने नगर के कुम्हार मोहल्ले में कई परिवार लगे हुए हैं। मिट्टी लाने से लेकर पकाने तक का काम पूरा परिवार मिलकर करता है। कुम्हार मिट्टी के दीये के साथ-साथ नांदी व लक्ष्मी की मूर्ति भी बना रहे हैं। हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार होने के कारण लोगों के घरों में आज भी इन दीयों से घर रोशन होते हैं। मिट्टी से बने दीये दीवाली में खूब बिकते हैं। कुंभकार मोहल्ले में लगभग



10 परिवार रहते हैं जिसमें से 6-7 परिवार मिट्टी के दीये गढ़ने का काम करते है। एक परिवार द्वारा दीपावली त्यौहार के समय लगभग 10 से 12 हजार दीये बनाकर बिक्री किया जाता है। कन्हैया कुंभकार ने बताया कि प्रतिवर्ष 10 से 12 हजार दीये की बिक्री हो जाती है। उन्होंने बताया कि पकाने के लिए लगने वाला भट्टा एक ही दिन में खुल जाता है। लकड़ी, कंडा व पैरा डालकर 5 हजार दीये एक भट्टी में लगाई जाती है। संतोष कुंभकार ने बताया कि दीये बनाने का काम 15-20 दिन पहले ही शुरू कर देते हैं। उन्होंने बताया कि छोटा दीया 10 रुपए में 12 नग, बड़ा दीया 5 रुपए नग व दीया स्थापित करने के लिए कलश (पोरहा) 20 रुपए नग है। कुंभकार मोहल्ला में अन्य लोगों में प्रकाश, प्रमोद मिट्टी के दीये बनाने में व्यस्त हैं। प्रमोद ने बताया कि दीये सैकड़े में बेचते हैं। लाईट झालर के उपयोग बढ़ जाने से भी दीये का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले जितनी मात्रा में दीया बिक जाती थी। उतनी ही मात्रा में अभी भी दीया बिक जाता है।

# 3 व्यापारी के धान से लदी 3 पिकअप को एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार ने किया जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

धान के बड़े बड़े कारोबारियों को छूट देने की आम धारना पर देवभोग एसडीएम तुलसीदास मरकाम और तहसीलदार चितेश देवांगन नायब तहसीलदार विजय सिंह ने पूर्ण विराम लगाते आज 3 बड़े व्यापारी के धान से लदी 3 पिकअप को देवभोग खोखसरा और झाखरपारा सीमावर्ती क्षेत्र में पकड़कर थाना को सुपुर्द कर दिया है जिसके बाद से चौक चौराहा सहित छोटे छोटे बिचौलिया के बीच भी एसडीएम तहसीलदार की जमकर सराहना किया जा रहा है क्योंकि अधिकांश अखबार में बड़े बड़े धान कारोबारियों पर कार्यवाही नहीं करने का सवाल खड़ा किया जाता रहा जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने स्थानीय प्रशासन को सखूत लहजे उड़िसा से धान लाने वाले बड़े छोटे सबके खिलाफ समान कार्यवाही करने का आदेश दिया जिसके मद्दे नजर एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार ने धान व्यापारियों में से प्रमुख 3 बड़े व्यापारी के गाड़ी को धान के साथ जब्त किया है सूत्रों के अनुसार



खोखसरा के सीमावर्ती क्षेत्र में झाखरपारा के व्यवपारी अनिल माहेश्वरी और देवभोग से रितेश अग्रवाल एवं दिलीप अग्रवाल के पिकअप में लदी 140 बोरी धान के खिलाफ कार्यवाही किया गया है इस कार्यवाही के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है इस कार्यवाही से छोटे से लेकर बड़े बड़े सप्लायर के हाथ पांव फूले दिखाई पड़ रहा है क्योंकि यह कार्यवाही से साफ़ सकेंत दे दिया है कि उड़िसा से बड़े या छोटे कोई भी धान लाए सबके विरुद्ध समान कार्यवाही होगे।

**तहसीलदार की घेरा बन्दी सॉलिड** : जिस तरह तहसीलदार अवैध धान सप्लाई के खिलाफ कार्यवाही की मुहिम छेड़े हैं उसे लेकर काफी ज्यादा तारीफ हो रहा है क्योंकि तहसीलदार चितेश देवांगन किसी भी बिचौलिया के घर पर छापामारी करने से पहले पूरी तरह पुष्टि कर लेते है कि उक्त बिचौलिया की खेत कितना है उस पर कितना धान बोया गया वर्तमान में धान की कटाई सहित तमाम जानकारी की पुष्टि के बाद ही ऐसे बिचौलिया के घर पर धावा बोल रहे हैं शायद यही वजह की अभी तक तहसीलदार चितेश देवांगन के कार्यवाही पर किसी प्रकार सवाल खड़ा नहीं किया जा रहा है बल्कि चौक चौराहा मे तहसीलदार देवांगन की जमकर सराहना सुनने को मिल रहा है कि आखिरकार बड़े छोटे तमाम धान सप्लायरों के खिलाफएक समान कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है.

**चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारियों पर भी सवाल** : सबसे खास बात तो यह है कि उड़िसा के धान को रोकने के लिए क्षेत्र में 15 अस्थाई चेकपोस्ट बनाया है जहां पटवारी सचिव रोजगार सहायक सहित पुलिस जवानों की तैनाती होती हैं उसके बावजूद भी उड़ीसा का धान पहुंचना चेकपोस्ट में तैनाती अधिकारी कर्मचारियों के कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करता है।

# श्रद्धा महिला मंडल द्वारा निःशुल्क सिलाई मशीन एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र का वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




श्रद्धा महिला मंडल एस ई.सी.एल. बिलासपुर प्रशिक्षण उपरान्त सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र का वितरणकिया गया. श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल, बिलासपुर की अध्यक्षा पूनम मिश्रा और उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित हो कर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए हसदेव क्षेत्र की जागृति महिला समिति के बीच श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर के कमेटी मेम्बर सविता अग्रवाल, पूनम सिंह एवं प्रियंका श्रीवास्तव ने मधुबन क्लब राजनगर में 16 महिलाओं एवं 15 बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 6 माह के प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र एवं 16 सिलाई मशीन भेंट की। सभी बच्चे एवं महिलाओं को खाद्य पदार्थ दिए गये। कम्प्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षकों का सम्मान उन्हे पौधे दे कर किया गया।

प्रियंका श्रीवास्तव के द्वारा सभी बच्चों को आर्शिवचन दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र से बड़ा कोई धन नहीं होता जो आपको आज मिल चुका है, और सभी बच्चों को बधाई दी। कमेटी के सदस्यों ने सभी बच्चों को पौधे भेंट किए और कहा कि उन्हें घर पर लगाकर इनकी देखभाल करें। हसदेव क्षेत्र की प्रथम महिला विनीता शर्मा द्वारा सभी बच्चों को बधाई दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉ. बिश्नोई, पुष्पा सिन्हा, अर्चना साहू, रजनी सिंह, ऊषा शर्मा, सरीता सिंह एवं समस्त जागृति महिला समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

## वन भूमि का फौती नामांतरण होने पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया

**मुंगेली।** रैनी बाई ने वन अधिकार पत्र से प्राप्त वन भूमि का फौती नामांतरण होने पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दें कि लोरमी विकासखण्ड के ग्राम टिंगीपुर निवासी गंगाबाई का आकस्मिक निधन हो जाने पर उनकी पुत्री द्वारा फौती नामांतरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर की अधिसूचना के तहत गंगाबाई को वन अधिकार के तहत ग्राम टिंगीपुर में प्राप्त वन भूमि कक्ष क्रमांक 91 आर. एफ रकबा 2.509 हेक्टेयर को रैनीबाई वल्द मानसिंह के नाम पर नामांतरण किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **जीवन लाल बारले,** मीना बाई बारले खाता सं. LNDUR02118-190076233 | 8 अगस्त 2024 ₹ 431132/- दिनांक 7 अगस्त 2024 | मकान नं. 231, वार्ड नं. 28/31 शिव मंदिर वार्ड, केएच नं. 105/1 का भाग, गांव देवबलोडा, पीएच नं. 02 आर.एन.एम पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग (सी. जी.) पिन-490025 **क्षेत्रफल 1225 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 25 अक्टूबर 2024 |
| **मुरारी साहु,** भागवती साहु, सोनिया एस, पुनाराम साहु खाता सं. LNBIL02922-230241023 | 8 अगस्त 2024 ₹ 1068300/- दिनांक 7 अगस्त 2024 | सम्पत्ति केएच नं. 140/8 गोडखमी, पी.सी. नं. 07/18, गोंड खमही गेट के पास, महामाया परा, ब्लॉक - लोरमी, जिला मुंगली (सी.जी.) पिन-495115 **क्षेत्रफल 0.129 हेक्टेयर (बी-1 एरिया के अनुसार क्षेत्रफल 0.105 हेक्टेयर)** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 25 अक्टूबर 2024 |
| **सीताराम यादव,** तनेश्वरी यादव खाता सं. LNBHI03522-230234686 | 9 दिसम्बर 2023 ₹ 357907/- दिनांक 4 दिसम्बर 2023 | सम्पत्ति केएच नं. 1057/39 (केएच नं. 1057/30 का हिस्सा) एरिया-950 वर्ग फीट स्थित मौजा-जमुल-शिवपुरी, वार्ड नं. 15 (शिपुरी हिस्से के भीतर), पी.एच. नं. 18, आर.एन.एम. दुर्ग-1, तह. व जिला दुर्ग (सी.जी.) विक्रय विलेख नं. 1634 पिन 490024 **क्षेत्रफल 950 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 25 अक्टूबर 2024 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 27-10-2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/4525/वाचक-अपर कले./2024 जशपुर, दिनांक 01/10/2024

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तौफिक अंसारी आ. रफिक अंसारी, उम्र 24 वर्ष, जाति-जुलाहा, निवासी-वार्ड क्र. 2 दर्जी मोहल्ला करबला रोड जशपुरनगर, तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.), प्रथम पक्ष एवं श्रीमती आरसी परवनी आ.साबिर कुरैशी, उम्र 22 वर्ष जाति-जुलाहा, निवासी-सन्ना, तहसील-सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा-15 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके बीच विवाह पंजीयन कर प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

02. इस विवाह पंजीयन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो वे दिनांक 29.10.2024 को स्वतः या अधिवक्ता के मार्फत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-जशपुर (छ.ग.)**

## संपादकीय

### भारत-चीन संबंध मोदी-शी मुलाकात

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** और शी जिनपिंग की कजान में मुलाकात से भारत-चीन संबंध एक महत्वपूर्ण सकारात्मक मोड़ पर आ गए हैं। 23 अक्टूबर को कजान में आयोजित 'ब्रिक्स' सम्मेलन के दौरान एक ऐतिहासिक अवसर आया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने औपचारिक द्विपक्षीय मुलाकात कर सीमा पर तनाव घटाने का निर्णय किया। पांच साल में यह पहली द्विपक्षीय बैठक 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प से संबंध खराब होने के बाद हुई है। इस झड़प के कारण वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। कजान में निकला समाधान महीनों तक चली उच्चस्तरीय राजनयिक व सैनिक वार्ताओं का नतीजा है जिसकी परिणति विवादास्पद सीमा पर पूर्ण शांति स्थापना के रूप में सामने आई है। जून, 2020 में गलवान घाटी में खूनी झड़प के बाद तनाव बहुत बढ़ गया था। चार दशक से अधिक समय बाद यह दोनों देशों के बीच सीमा पर सर्वाधिक गंभीर झड़प थी जिसमें दोनों देशों के सैनिक हताहत हुए थे। इसमें बीस भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इस घटना ने पहले से दोनों देशों के बीच चली आ रही असहमतियों को और हवा दी जिसके परिणामस्वरूप डेपसांग मैदान तथा डेमचोक समेत एलएसी पर कई स्थानों पर सैनिक टकराव पैदा हुआ था। हालांकि, पिछले वर्षों में दोनों पक्षों की ओर से कुछ शांति प्रयास हुए थे, पर इसके बावजूद दोनों देशों के सैनिक महत्वपूर्ण स्थानों पर टकराव की स्थिति में बने हुए थे।



यह गतिरोध दूर करने के लिए पिछले चार साल में राजनयिक बैठकों के 31 दौर तथा सैनिक वार्ताओं के 21 दौर चले। जुलाई में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच दो महत्वपूर्ण बैठकों ने समग्र समाधान का रास्ता निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। बीजिंग के प्रति ज्यादा टकराव वाला दृष्टिकोण अपनाने के लिए मोदी पर अमेरिका का दबाव था, लेकिन चीन के प्रमुख सहयोगी रूस से मोदी के बेहतर संबंधों ने संभवतः चीन के दृष्टिकोण में बदलाव लाने में सहायता की। कजान सम्मेलन में दोनों नेताओं ने एलएसी पर सैनिकों के बीच पूर्ण शांति स्थापना के एक रोडमैप पर सहमति बनाई है जिसमें प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया गया है। इस योजना में चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाया गया है जिसमें विवादित क्षेत्रों में टकराव वाली स्थितियां फौरन समाप्त करना तथा इसके बाद सीमा के सहमति वाले क्षेत्रों में गश्त शुरू करना शामिल है। अंतिम चरण में सेनाओं को पीछे हटाया जाएगा जो भारत की 'देखो और पुष्टि करो' नीति के अनुरूप होगा ताकि चीन द्वारा प्रतिबद्धताओं का पालन सुनिश्चित किया जा सके। शांति स्थापना का यह प्रयास दुनिया के दो सबसे बड़े देशों के बीच महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन यह केवल शुरुआत है और अभी लंबा रास्ता तय करना है। वास्तव में सीमाओं पर शांति से तनाव घटेगा, पर सीमा विवाद के मुख्य मुद्दे का अभी समाधान नहीं हुआ है। अब समय आ गया है कि इस महत्वपूर्ण कदम से आगे बढ़ते हुए प्रक्रिया को 'सीमा समस्या' के स्थाई समाधान की ओर ले जाया जाए ताकि फिर कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना न घटे। यह दोनों ओर के बिजनेस समुदायों के लिए बहुत राहत की बात होगी क्योंकि दोनों देशों के बीच तनाव के कारण उनको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भारत और चीन के बीच कजान समझौते ने संवाद और सहयोग का एक रास्ता खोल दिया है। इससे दो विशाल एशियाई देशों के बीच एक ऐसे महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत हुई है जब वे अपने मतभेदों को परस्पर विचार-विमर्श से दूर कर शांतिपूर्ण व स्थाई भविष्य की ओर देख सकते हैं।

# समृद्धि की आधारशिला बनी छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना

## बनाने से लेकर संवारने तक विष्णु की भूमिका अहम, ढाई दशक के विकास ने दिलाई छत्तीसगढ़ को अलग पहचान

**विकास शर्मा**
प्रकाशन अधिकारी
छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, रायपुर

**देश** का 26 वाँ राज्य छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। प्रसन्नता और संतोष के साथ आज के छत्तीसगढ़ को निहारने वाले वे लोग अधिक होंगे जिन्होंने अपने जीवन में चार से अधिक बसंत देखे होंगे। उस पीढ़ी के लिए इस छत्तीसगढ़ का विकास गर्व का एहसास कराने वाला है। स्थापना दिवस के इस पड़ाव पर हम सभी को अतीत में अवश्य झांकना चाहिए जिससे आज की पीढ़ी भी जान और मान सके कि इतिहास के अंधेर और अंधकार को पीछे छोड़ आज हमारा छत्तीसगढ़ देश में कैसे प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है। आज छत्तीसगढ़ की विकास दर 6.9 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत के करीब है। प्रतिव्यक्ति आय एक लाख 47 हजार रूपए है जो वर्तमान मध्यप्रदेश से अधिक है। प्रतिव्यक्ति बिजली की खपत राष्ट्रीय औसत 1327 यूनिट से कहीं अधिक 2211 यूनिट है। ये कुछ उदाहरण हैं जो विकास के आधारभूत मानकों में प्रदेश की स्थिति को दर्शाते हैं।

राज्य ने बीते ढाई दशकों में हर क्षेत्र में प्रगति की है और विकास के सभी आयामों में सफलता पाई है, पर इस सफलता को भी सापेक्षता के साथ देखे जाने की आवश्यकता है। किस पड़ाव से आज हम किस मुकाम पर पहुँचे हैं यह बहुत मायने रखता है। सिर्फ ढाई दशक पहले मध्यप्रदेश के इस एक तिहाई हिस्से छत्तीसगढ़ को मूलभूत सुविधाओं और महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के लिए ताकते ही रहना पड़ता था। अधोसंरचना का विकास हो या शासकीय योजनाओं का लाभ भोपाल से निकलकर भोपालपट्टनम पहुँचना बड़ा ही कठिन था। यह भौतिक दूरी से ज्यादा इस क्षेत्र के प्रति उपेक्षा का नजरिया था जो किसी भी विकास कार्य को हमसे दूर रखता था।

बिजली आपूर्ति का मामला हो या सड़कों का विस्तार, चिकित्सा हो या शिक्षा सभी मूलभूत मामलों में यह मध्यप्रदेश के अन्य विकसित क्षेत्रों से कही पीछे धकेला गया था। मध्यप्रदेश के दौर में 28 केन्द्रीय कम्पनियों तथा 40 प्रशिक्षण संस्थाओं में से सिर्फ एक-एक छत्तीसगढ़ में स्थापित था यानि 68 में से सिर्फ दो संस्थान छत्तीसगढ़ के हिस्से था। ऐसे ही बजट आवंटन से लेकर व्यय के मामलों में छत्तीसगढ़ को दोयम व्यवहार का सामना करना पड़ता था। मध्यप्रदेश के राजस्व में कुल 68 प्रतिशत हिस्सा जिस छत्तीसगढ़ से मिलता था वहाँ सिर्फ 12 प्रतिशत खर्च किया जाता था।

राज्य पुनर्गठन आयोग 1953 में जब गठित हुआ तब भी बड़ी मजबूती से पृथक छत्तीसगढ़ की मांग की गई थी। छत्तीसगढ़ महासभा, भातृसंघ, संघर्ष मोर्चा, छत्तीसगढ़ पार्टी, गोंडवाना पार्टी विकास मंच, छत्तीसगढ़ फौज, छत्तीसगढ़ मंच जैसे राजनीतिक तथा गैरराजनीतिक संगठनों ने समय-समय पर अहिंसक आंदोलनों के माध्यम से पृथक राज्य की मांग के लिए संघर्ष जारी रखा।




पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने छत्तीसगढ़ समेत दो अन्य राज्यों के गठन का बड़ा निर्णय लिया । वर्ष 2000 में पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं तत्कालीन गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने संसद में जब इन तीन राज्यों के गठन को लेकर विधेयक प्रस्तुत किया तो सबसे अधिक आमसहमति छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को लेकर थी। छत्तीसगढ़ का भूभाग 44 वर्षों तक मध्यप्रदेश का हिस्सा रहा वहीं एक नवंबर 1956 के पहले मध्यभारत और बरार प्रांत में शामिल था।

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की दशकों की मांग, जब विधेयक बनकर आया तो संसद में चंद घंटों की चर्चा में लगभग निर्विरोध पारित भी हो गया। यह छत्तीसगढ़ को राज्य की मान्यता देने में एक आमसहमति को दर्शाता है। राज्य गठन के लिए विविधवत शुरूआत 18 मार्च 1994 में हुई जब भाजपा विधायक गोपाल परमार के अशासकीय प्रस्ताव को मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा सर्वानुमति से पारित किया गया। केन्द्र की तत्कालीन सरकार ने इसे महत्व नहीं दिया। बाद में अटल जी ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादे अनुसार सबसे पहले 1998 में कैबिनेट से पास कर अपनी दृणता को प्रदर्शित किया, पर सरकार गिर जाने के कारण प्रस्ताव पारित हो न सका। पुनर्निर्वाचित होने पर प्रस्ताव फिर लाया गया।

31 जुलाई 2000 को मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। 02 अगस्त को लोकसभा में विधेयक पर कुल सवा तीन घंटे की चर्चा में विधेयक बिना किसी संशोधन के पारित किया गया। 15 सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया और राष्ट्रीय जनता दल, सीपीआई(एम) तथा समाजवादी पार्टी को छोड़ भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत सभी दलों ने राज्य गठन का समर्थन किया। दूसरी तरफ 9 अगस्त को राज्यसभा में लगभग चार घंटे चली चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया। 25 अगस्त को राष्ट्रपति डॉ. के आर नारायणन ने इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर अधिनियमित किया।



खास बात यह रही कि जिस दिन कृषि प्रधान राज्य के गठन का प्रस्ताव लोकसभा ने पारित किया वो हरेली अमावस्या का दिन था। यह छत्तीसगढ़ की कृषि परंपरा में विशेष उत्सव का दिन होता है। दूसरी ओर राज्यसभा ने वनवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ के गठन संबंधी प्रस्ताव को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 9 अगस्त को पारित किया। यह एक बड़ा सुखद संयोग है कि जिस वनवासी बहुलता वाले राज्य का गठन 24 वर्ष पूर्व किया गया था उस छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वनवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक विलक्षण संयोग यह भी कि जिस लोकसभा में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन का प्रस्ताव पारित हुआ तब विष्णुदेव साय उसके सदस्य के रूप में शामिल थे।

राज्य गठन के बाद गठित सरकारों ने लोकभावना के अनुकूल तेजी से विकास पर बल दिया और स्थिर सरकारों के गठन ने विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाया है। सुशासन की राह पर चल रही सरकारों ने विभिन्न प्रतिकूलताओं के बीच प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से भरे राज्य को तेजी से आगे बढ़ाया है जिसके परिणामस्वरूप बीते ढाई दशकों में राज्य ने विकास के स्थापित प्रतिमानों को छुआ है। जीवन स्तर में बहुत बेहतरी आई है। बहुत कुछ किया जा चुका है पर अभी बहुत से काम बाकी हैं। इसलिए स्थापना के रजत वर्ष में राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी जी की एक पंक्ति हमें प्रेरित करेंगी कि जो पाया उसमें खो न जाएं, जो खोया उसका ध्यान करें।

# ब्रिक्स सम्मेलन और भारत-चीन मुद्दे

> शिखर सम्मेलन भारत के अमेरिका के साथ संबंधों और चीन के साथ उसके मुद्दों के बीच एक अंतर्क्रिया थी।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

**रूस** के ऐतिहासिक शहर कज़ान में इस सप्ताह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत और सदस्य देशों के बीच शक्ति संतुलन को फिर से स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। यह भारतीय प्रधानमंत्री के लिए अपेक्षाकृत कम समय अंतराल में राष्ट्रपति पुतिन से मिलने का एक और अवसर था। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी के बीच द्विपक्षीय बैठक थी, विशेष रूप से, जब यह संकेत दिया गया था कि भारत-चीनी सैनिक सीमाओं पर एक संरचित विघटन प्रक्रिया का पालन करेंगे।

2020 में भारतीय सीमाओं पर चीन द्वारा सैन्य वृद्धि के बाद से भारत-चीन संबंध सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे और तब से कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई है। जबकि चीन ने सैन्य हस्तक्षेप के माध्यम से भी भारतीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर दावा बनाए रखा, वह सामाजिक और आर्थिक शर्तों पर भारत के साथ जुड़ना चाहता था। भारत ने कहा कि चीन के साथ कोई भी आगे की बातचीत सीमाओं पर एक प्रभावी संरचित सैन्य डी-एस्केलेशन पर आधारित होगी। कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पश्चिमी देशों के लिए एक तरह का प्रदर्शन था कि समानांतर विश्व व्यवस्था अच्छी स्थिति में है। चीन भारत के द्विपक्षीय संबंधों को अमेरिका-भारत के चश्मे से देखता आ रहा है।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी के बीच द्विपक्षीय बैठक की पूर्व संध्या पर, चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने एक संपादकीय प्रकाशित किया, जिसमें लिखा था, हाल के वर्षों में, अमेरिका ने चीन पर दबाव डालते हुए भारत को लुभाने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। चीन ने अमेरिका-भारत सहयोग के मजबूत होने से विचलित हुए बिना अपनी स्थिति को बनाए रखा है। भारत ने यह भी देखा है कि जैसे-जैसे अमेरिका-भारत रक्षा संबंध गहरे होते जा रहे हैं, दोनों देश मूल्यों को साझा करने का दावा करते हैं, लेकिन वास्तव में, अमेरिका केवल भारत का उपयोग करके चीन को थका देना चाहता है, जबकि वह भारत को गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है। इसके विपरीत, वह भारत को चीन का सामना करने की अग्रिम पंक्ति में धकेल सकता है। साथ ही, चीन के साथ लंबे समय से चल रहे सीमा गतिरोध ने भारत के लिए अतिरिक्त रक्षा बोझ बढ़ा दिया है; चीन की अर्थव्यवस्था से अलगाव के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों ने चीन और भारत के बीच व्यापार के आंकड़ों को लगातार बढ़ने से नहीं रोका है। ये सभी परिवर्तन संकेत देते हैं कि टकराव के बजाय सहयोग दोनों देशों और उनके लोगों के साझा हितों के साथ संरेखित है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने भारत और चीन को यह याद दिलाया कि दोनों देशों को अपनी आपसी चिंताओं का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के साथ-साथ नई साझेदारी के अवसर तलाशने की भी आवश्यकता है। शिखर सम्मेलन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन की कई महत्वपूर्ण वैश्विक नेताओं को अपने देश में आकर्षित करने की क्षमता को भी प्रदर्शित किया, भले ही वे पश्चिमी ब्लॉक द्वारा तेजी से अलग-थलग पड़ रहे हों। भारत रूस-यूक्रेन युद्ध में हर हितधारक के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। युद्ध क्षेत्र में शामिल इन सभी देशों के शीर्ष अधिकारियों के बीच कई उच्च-स्तरीय संपर्क हुए हैं। भारत ने चीन और ब्राजील जैसे अन्य ब्रिक्स सदस्य देशों के विपरीत रूस-यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान पेश करने से खुद को रोक लिया है। राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कज़ान में पीएम मोदी ने कहा, हम रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बारे में नियमित संपर्क में बने हुए हैं।



जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना है कि मुद्दों का समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही हासिल किया जाना चाहिए। हम शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली का पूरा समर्थन करते हैं। शांति प्रयासों की दिशा में भारत के प्रयासों पर विस्तार से बात करते हुए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, इस साल जुलाई में प्रधानमंत्री की मॉस्को यात्रा से लेकर अगस्त में उनकी कीव यात्रा और दोनों देशों के नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत को शांति को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों के रूप में देखा जाना चाहिए। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे एक नई वैश्विक व्यवस्था को और तेज करेंगे।

## आप की बात

### बोइंग में हड़ताल

**अमेरिकी विमानन कंपनी** बोइंग का इन दिनों बुरी हालत में है। इसके कामगार लंबी हड़ताल पर चले गए हैं। बोईंग प्रबंधन के अनुसार उसे पिछले 6 सप्ताह से जारी हड़ताल के कारण करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो चूका है। इसके बावजूद प्रबंधन ने 30 फीसद वेतन बढ़ोतरी का कर्मचारी संगठनों का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। यूनियन की मांग है कि वृद्धि 40 फीसदी होनी चाहिए और पेंशन लाभ फिर से चालू किया जाना चाहिए जिसे 10 वर्ष पूर्व बंद कर दिया गया था। छह सप्ताह पुरानी हड़ताल के विस्तार से बोइंग की हालत और बिगड़ गई है क्योंकि वह पहले से ही भारी कर्ज में डूबा हुआ है और तीसरी तिमाही में 6.2 बिलियन डॉलर का नुकसान झेल चुका है। हड़ताल के कारण कंपनी के तीन जेटलाइनरों का उत्पादन बंद हो गया है। वैसे तकनाकी दृष्टिकोण से भी इस कंपनी के उत्पादों ने खराब प्रदर्शन के जरिये कंपनी की साख को पिछले कुछ सालों में भारी नुक्सान पहुंचा है। अनेक खराबियों के कारण बोइंग विमानों की अब तक 26 दुर्घटनायें हो चुकी है जिनमे 700 से ज्यादा मौतें हुई हैं। इन सब घटनाओं से कंपनी अभी जूझ ही रही थी कि कामगारों की हड़ताल सामने आ गया। इस तरह विमानन क्षेत्र के एक प्रमुख निर्माता व अमेरिकी सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी बोइंग का भविष्य अंधकारमय लग रहा है।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कार्य संस्कृति का महत्व

**माइंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन** की ओर से हाल में करवाई गई एक ग्लोबल स्टडी की रिपोर्ट ने वर्क कल्चर और मेंटल हेल्थ के रिश्तों पर नए सिरे से रोशनी डाली है। इसके अनुसार, टीम में काम करना मेंटल हेल्थ के लिए बेहतर होता है। खासकर भारत में वर्क फ्रॉम होम के मुकाबले वर्क फ्रॉम ऑफिस मॉडल अधिक लाभदायक पाया गया है। मेंटल हेल्थ को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला फैक्टर सहकर्मियों के साथ रिश्ते होते हैं। इस स्टडी को सभी ऑफिस वालों को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि आप ऑफिस में अपने सहकर्मियों के साथ दिन का एक बहुत बड़ा हिस्सा गुजरते हैं। ऐसे में ऑफिस का माहौल यदि सौहार्द्रपूर्ण और द्वेष-रहित हो, बॉस के संबंध सभी कर्मचारियों के साथ स्नेहपूर्ण और सहयोग देने वाले हों, ऊंची नीची पोस्ट के कारण आपसी व्यवहार में कोई भेदभाव ना हो तथा सभी एक दूसरे के कार्य में सहयोग करने को सदैव तत्पर हो तो सभी कर्मचारियों की मेंटल हेल्थ और ऑफिस का माहौल उत्साह पूर्ण बना रहेगा। कार्यालय में उपयुक्त कार्य संस्कृति से कर्मचारियों के मन में जो उत्साह और प्रसन्नता पैदा होती है उसका अनुकूल प्रभाव ऑफिस से घर जाने पर भी कायम रहेगा।

**- सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### स्वागत योग्य निर्णय

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय** ने उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रधानों विशेषकर महिला प्रधानों को प्रधानों के अधिकार एवं कर्तव्य को लेकर तीन माह में प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने प्रधानपति के कार्य करने के चलन को हतोत्साहित करने बल दिया है। उसका यह निर्णय निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की ग्राम सभाओं में महिला आरक्षण के नाम पर महिलाओं को ग्राम प्रधान तो चुन लिया जाता है, किन्तु उनमें से अधिकांश के दर्शन ही दुर्लभ होते हैं तथा उन्हें अपने अधिकार व कर्तव्यों का ज्ञान ही नहीं होता। महिला प्रधानों के स्थान पर प्रधान-पति या एजेंट ग्राम प्रधान के अधिकारों का काम करते हैं। अनेक मामलों में वे अपनी इस गैर-कानूनी स्थिति का दुरुपयोग अधिक करते हैं। इनमें सरकारी जमीन पर राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत कर भू-माफियाओं को अवैध कब्जे कराना तथा व्यक्तिगत भूमि को सरकारी बता कर लोगों को ब्लैकमेल करने जैसे कृत्य शामिल हैं। इससे महिला सशक्तीकरण को भी धक्का लगता है, जबकि इसी उद्देश्य से महिलाओं को आरक्षण दिया जाता है। विडंबना है कि अब यह बीमारी नगरों व महानगरों तक भी पार्षद-पति के रूप में पहुंच गई है।

**- सुधाकर आशावादी,** मेरठ

### बदलती दीपावली

**भारत** के सभी त्योहारों में दीपावली का विशिष्ट स्थान है। इस त्यौहार पर साफ-सफाई से लेकर खरीदारी और मनपसंद मिठाईयां का आनंद उठाने का उल्लास रहता है तो बच्चे भी मनपसंद कपड़ों और पटाखों से आनंद मानते हैं। मगर इंटरनेट के इस युग में सब कुछ कृत्रिम सा हो गया है। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के बाद पूरा दिन लोगों से मिलने-जुलने, आने-जाने और हर जगह नाश्ता करने में निकल जाता था। मगर अब व्हाट्सएप, फेसबुक आदि पर बधाइयों का आदान-प्रदान करके इतिश्री कर लेते हैं। मन में भरपूर आनंद और उत्साह हो तो अमीर और गरीब की दीवाली में कोई फर्क नहीं है। अमीर सोने चांदी और हीरे जवाहरात खरीदने हैं तो गरीब आर्टिफिशियल ज्वेलरी व नया-नया सजावटी सामान खरीद कर जश्न मना लेता है। दीपावली नए वर्ष के रूप में पूरे वर्ष को उत्साह और आनंद के साथ मनाने का तथा स्नेह और प्रेम के साथ लोगों के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देती है। दीपावली में परंपरायें बनाए रखने का प्रयास भी होना चाहिए।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की हुई बैठक

## बैठक में सांसद भोजराज नाग सहित विधायक एवं जनप्रतिनिधि हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की बैठक 25 अक्टूबर को कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद भोजराज नाग, विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिला पंचायत के अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा सहित पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सचिव डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारियों के अलावा जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्य योजना का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्यों ने राशि का उपयोग पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा स्वीकृत सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए कुआं, तालाब आदि का निर्माण निर्धारित स्थान पर ही कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान की राशि आवश्यकतानुसार जिले के सभी क्षेत्रों के लिए आबंटित की जाएगी। इस दौरान विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा एवं श्री कुंवर सिंह निषाद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने भी जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि के उपयोग के संबंध में अपने सुझाव दिए। कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि का उपयोग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के माँग के आधार पर जिला खनिज न्यास संस्था के राशि का उपयोग जिले के जरूरतमंद लोगों के मदद हेतु किया जाएगा। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान की नोडल अधिकारी पूजा बंसल ने जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत विगत वर्षों के कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला खजिन न्यास संस्थान के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं। इसके अतंर्गत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निःशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत् जीविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यों के लिए इस राशि का उपयोग किया जायेगा। इसी तरह न्यास की शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वालें क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सर्वाजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

# जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर में मिले 354 आवेदन मौके पर आधे आवेदनों का नहीं हो पाया निराकरण



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप ग्रामीणों तक शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उनके समस्याओं को मौके पर समाधान करने के उद्देश्य से जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में शिविर का आयोजन कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम बाघामुड़ा में शनिवार 26 अक्टूबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम बाघामुड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 354 मांग और शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 145 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। 209 लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष मती समुंद बाई कुर्रे, जनपद उपाध्यक्ष तुलस कश्यप, आसपास के पंच-सरंपच और हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर सहित मुख्यअतिथियों ने दीप प्रज्जलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर वर्मा ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉल तथा स्व सहायता केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होने ग्रामीण जनों से संवाद कर आवश्यक जानकारी भी ली। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर वर्मा सहित जनप्रतिनिधि गोदभराई में शामिल हुए और शिशुओं को अन्न प्राशन भी कराया। उन्होंने गर्भवती माताओं को कुपोषण कीट भी प्रदान किया। शिविर में स्वास्थ विभाग द्वारा ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं किसान हैं और किसानों की समस्याओं को न केवल समझते हैं, बल्कि उन्हें महसूस भी करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर नागरिक तक पहुँचाना है, ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

# जनजातीय समाज का गौरव शाली ऐतिहासिक योगदान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ थानखमरिया
www.dailypioneer.com

स्व ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखमरिया जिला बेमेतरा में जनजातीय समाज का गौरव शाली इतिहास-एतिहासिक, समाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. वीना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई. इस अवसर पर मुख्य वक्ता लवन सिंह कंवर सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय राजमाता विजया राजेसिंधिया कन्या महाविद्यालय जिला- कबीरधाम उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि-जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत उनकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली में परिलक्षित होता है। ऐतिहासिक दृष्टि से, उन्होंने जंगल, पहाड़, और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाजिक दृष्टिकोण से, उनकी सामूहिकता, समानता, और परस्पर सहयोग की भावना ने उनके समाज को सुदृढ़ किया। जनजातीय समाज ने भारतीय संस्कृति में कला, संगीत, नृत्य, और शिल्प का अनमोल योगदान दिया है। आध्यात्मिक रूप से, प्रकृति के साथ उनका गहरा संबंध और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके आदर्श आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका इतिहास संघर्ष, साहस और समर्पण का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी ओमप्रकाश मरकाम सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, सह संयोजक तोरण लाल साहू, कन्हैया साहु, प्रांजल मिश्रा, हरि साहु , भूतपूर्व छात्र आदर्श जोशी उपस्थित हुए। इस अवसर छात्रों के लिए विविध कार्यक्रम निबंध, भाषण, परिचर्चा आयोजित की गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# सीडीओ प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के सुरक्षा गार्डों को 6 महीने से राशि का भुगतान नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सीडीओ सिक्योरिटी गार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ठेका समाप्त होने के 6 महीना बाद भी सुरक्षा गार्ड को पूरी राशि का भुगतान नहीं करने की जानकारी देने तथा भुगतान में सहयोग करने के लिए ऑपरेटिंग अर्थॉरिटी नवीन जैन के अलावा भिलाई इस्पात संयंत्र एवं दल्ली राजहरा में विभिन्न अधिकारियों को लगाया आवेदन ऑपरेटिंग अर्थॉरिटी नवीन जैन ने कहा सुरक्षा गार्ड के बचत राशि का भुगतान के मामले के संबंध में अति शीघ्र कार्यवाही होगी तथा सभी सुरक्षा गार्ड को भुगतान अति शीघ्र होगा। विदित हो कि सीडीओ सिक्योरिटी गार्ड एंड प्राइवेट लिमिटेड सर्विस का सुरक्षा गार्ड का ठेका अप्रैल 2020 से 10 मार्च 2024 तक था। जो कि इस्पात भवन भिलाई से संचालित हो रहा था जिसके अंतर्गत दल्ली राजहरा की सुरक्षा गार्ड भी आते थे। जिसे सीडीओ सिक्योरिटी गार्ड एंड प्राइवेट लिमिटेड के संचालक अंजलि द्विवेदी के द्वारा संचालित किया जाता था ।सुरक्षा गार्ड का ठेका 2 साल के अंतराल में दो बार इसी कंपनी को दिया गया है, जो की 10 मार्च 2024 को समाप्त हो चुका है। ठेकादार द्वारा पहले 2 वर्षों तक सुरक्षा गार्ड की वेतन संबंधी भुगतान को सही समय पर किया गया । लेकिन अंतिम दो वर्षों में सुरक्षा गार्ड को हमेशा वेतन भत्ता के लिए दो से तीन महीना तक घुमाता रहा, जब तक यूनियनों के द्वारा ठेकेदारों को दबाव नहीं बनाया गया तब तक उन्हें उनका भुगतान नहीं किया गया। कई बार स्थिति ऐसा भी आया कि सुरक्षा गार्ड के द्वारा हड़ताल पर जाने के उपरांत ही उन्हें वेतन का भुगतान किया गया । ठेकेदार के द्वारा हर बार सुरक्षा गार्ड को घुमाता रहा उनका कहना था कि मेरा भुगतान बीएसपी प्रशासन की ओर से नहीं किया गया है इसलिए मैं वेतन देने में असमर्थ हूं द्य उनकी ठेका 10 मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है लेकिन अंतिम भुगतान अभी तक बकाया है। अप्रैल 2023 से लेकर मार्च 2024 तक मिलने वाली दीपावली बोनस की राशि जुलाई 2023 से 10 मार्च 2024 तक खदान में मिलने वाली ठेका श्रमिकों को माइंस भत्ता एवं नाइट अलाउंस की राशि तथा सरकार द्वारा तय की गई रिटेलचमेंट की राशि जो कि प्रतिवर्ष ठेका समाप्त होने पर श्रमिकों को दी जाने वाली एक दिन की दैनिक वेतन का 15 गुना होता है अर्थात एक साल में 15 दिन की राशि श्रमिकों को वेतन के रिचेटमेंट की राशि के रूप में मिल जाती है। जो कि 4 साल के ठेका के दरमियान दो माह के वेतन के लगभग बनता है यदि पूरे राशि को जोड़ा जाए तो लगभग एक-एक सुरक्षा गार्ड को 60 हजार की राशि ठेकेदार के द्वारा भुगतान की बनती है जो अब तक इन सुरक्षा गार्ड को अप्राप्त है। यूनियन के द्वारा जब ठेका संचालक अंजलि द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब तक बीएससी मैनेजमेंट के द्वारा उनकी अंतिम भुगतान की राशि नहीं दी जाती तब तक ठेका श्रमिकों को भुगतान नहीं किया जाएगा। इसी तरह सुरक्षा गार्ड को राज्य सरकार का वेतन दिया जाता था इसके खिलाफदल्ली राजहरा के श्रमिक यूनियनों के द्वारा केंद्रीय श्रम आयुक्त में प्रबंधन और ठेकादार के खिलाफकेस की गई जिसका फैसला सुरक्षा गार्ड के पक्ष में आया। जिसमें लेबर कोर्ट ने सुरक्षा गार्ड को बकाया राशि का भुगतान करने ठेकेदार और बीएससी प्रबंधन को आदेश दिया। लेबर कोर्ट के द्वारा दो यूनियनों के केस में दिसंबर और जनवरी में आदेश दिया गया था लेकिन ना तो ठेकेदार और ना ही बीएससी प्रबंधन इन सुरक्षा गार्ड को राशि की भुगतान करने में इच्छुक नजर आ रहे हैं जो कोर्ट के आदेश की अवमानना है। यदि सुरक्षा गार्ड को डिफेंस राशि की भुगतान की जाती है तो प्रत्येक सुरक्षा गार्ड को लगभग ?2.80 लाख रुपए की राशि का भुगतान होगा। यदि दोनों राशि को समाहित किया जाए तो एक-एक सुरक्षा गार्ड को तीन लाख चालीस हजार रुपए के लगभग मिलेंगे। मदन माइती नगर अध्यक्ष भारतीय जनता ट्रेड यूनियन दल्ली राजहरा ने मांग पत्र की प्रतिलिपि इनको सौपा है .मुख्य महाप्रबंधक आईओसी दल्ली राजहरा इंचार्ज नगर प्रशासक (आईओसी) दल्ली राजहरा इंचार्ज कार्मिक (विभाग) आइओसी दल्लीराजहरा कार्यपालक अधिकारी (माइंस ) इस्पात भवन भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई।

# नगर पालिका आम निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के सभागार कक्ष में नगर पालिका आम निर्वाचक नामावली तैयार करने का संशोधित कार्यक्रम कार्यवाही द्वितीय चरण मे प्राधिकृत अधिकारी एवं बी एल ओ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के संशोधित आदेश में पूर्व में दावा / आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2024 में एक सप्ताह की वृद्धि करते हुए दिनांक 30 अक्टूबर 2024 को ?अंतिम तिथि नियत करते हुए छत्तीसगढ़ नगर पालिका फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम आदेशों में संशोधित करते हुए निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है द्य दावे / आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30/10/2024 बुधवार अपरान्ह 3.00 बजे तक। दावे / आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तारीख 08.11.2024 शुक्रवार। प्ररूप क - 1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.11.2024 शुक्रवार एवं प्ररूप क - 1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 12.11.2024 मंगलवार निर्धारित है। कार्यशाला में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हिंसाराम नायक एवं भूपेंद्र वारड़ेकर ने बताया कि प्रारूप- क में निर्वाचक अपना नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने, प्रारूप -ख मे त्रुटि सुधार के लिए, प्ररूप -ग में निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित करने दावा- आपत्ति कर सकते हैं। विशेष रूप से प्ररूप - क 1 के संबंध में जानकारी दी गई कि बी एल ओ / नए मतदाता आच्छादित विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करा लिए जाने के कारण नगर पालिका की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए आवेदन प्ररूप क -1 मे दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8.11.2024 शुक्रवार निर्धारित है ।

# बैगलेस डे के अवसर पर रानो में आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के साजा विकास खण्ड के ग्राम रानो के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में दीपावली पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 14 जोड़ी प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसकी मुख्य बात ये भी है कि इस वर्ष बालिकाओं के साथ साथ दो जोड़ी बालकों ने भी इसमें भाग लिया। तथा इन बालकों को संस्था की नवाचारी एवं विज्ञान शिक्षिका प्रतीक जैन ने स्वयं पुरस्कृत किया। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बहुत ही अच्छी रंगोली बनाई। निर्णायक की भूमिका में संस्था के प्रधान पाठक किशुन राम साहू तथा संस्था की शिक्षिका कनकलता सरसुधे थी। सर्व सम्मति से कक्षा 6 की कुमारी केसर तथा देवपिका की रंगोली को प्रथम स्थान घोषित किया। जिन्होंने मां शारदे की वीणा तथा हमारे भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर को अपनी रंगोली में शामिल किया था। द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 की डुमेश्वरी तथा ललिता रहीं। संस्था के सभी सदस्यों ने बच्चों के इस प्रयास को खूब सराहा। सभी बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रयास किया। संस्था की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने इस आयोजन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि गांव के बच्चों में ऐसी अनेक प्रतिभाएं मौजूद हैं जिन्हें सिर्फ़ एक मौके एवं प्लेटफार्म की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के आयोजन से उनकी प्रतिभाएं तो सामने आती ही हैं साथ ही उनकी झिझक एवं भय भी दूर होता है। साथ ही साथ उनकी दक्षता में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, शिक्षिक अवध राम वर्मा, शिक्षिका कनकलता सरसुधे तथा प्रतीक जैन एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

# ढारा में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने किया सी सी रोड और रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन

## निर्वाणी दीदी ने अपने सक्रियता और शैली से ग्रामीणों के दिलों मे बनाई जगहः मूलचंद साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्राम पंचायत ढारा में 5 लाख 20 हजार की लागत से बनने वाले सी सी रोड निर्माण एवं 2लाख 10 हजार की लागत से बनने वाले महामाया रंग मंच निर्माण का भूमिपूजन किया, कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच उर्मिला साहू, प्रतिनिधि कैलाश साहू, उपसरपंच नीतू बंजारे, पंच एवं भाजपा नेता बल्लू साहू, मूलचंद साहू, वेद प्रकाश चतुर्वेदी,प्यारे दास बंजारे,अमर साहू,सरिता बाई,सेवती बाई साहू, सबाना बाई,ईश्वरी बाई चतुर्वेदी, लक्ष्मी बाई यादव सहित वरिष्ठ ग्रामीण नागरिको ने जिला पंचायत सदस्य का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भूमिपूजन में आये ग्रामीणों से कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की सरकार में विकास के काम सायं सायं हो रहे हैं,ये सरकार मिशन की सरकार है, पहले वाले कमीशन के थे, भूमिपूजन करके जा रहीं हूँ, गुणवत्ता से कोई समझौता नही होना चाहिए,अगर कोई समझौता करने की कोशिश करेगा तो ध्यान रखना ये मोदी ,विष्णु और दयाल दास की डबल इंजन की सरकार है, अंजाम बुरा होगा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता डॉ सौरभ निर्वाणी ने आये लोगो और युवाओं को विष्णुदेव सरकार के सुशासन की पत्रिका सुशासन के नवीन आयाम का वितरण किया,पंच बल्लू साहू ने जिला पंचायत सदस्य निर्वाणी से ढारा से नवागांव तक के सड़क को बनवाने के लिए मांगपत्र सौपा, प्रधानपाठक चोवराम बंजारे और शिक्षक विष्णु साहू ने अपने मांगपत्र के माध्यम से केवल 2 ही शिक्षकों के भरोसे प्राईमरी स्कूल संचालन का हवाला देते हुए, शिक्षकों की मांग रखी, मूलचंद साहू ने अपने संबोधन में कहा की जिस तरह से पांच साल से प्रज्ञा निर्वाणी ने क्षेत्र की सेवा की है, हमारे हर सुख दुख में साथ खड़ी रही हैं,हम सभी चाहते हैं वो हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहें, प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने कार्यशैली से जनप्रतिनिधियों की विश्वसनीयता को बहाल किया है,उपस्थित पंचों और सरपंच ने अतिथियों के साथ मिलकर भूमिपूजन के लिए लाए शीलालेख की पूजा कर निर्माण कार्य की शुरुवात की।

## पिकरी शराब दुकान से निकालें गये प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा आबकारी अधिकारी पर लगाया गंभीर आरोप

# लंबे समय से चल रहा है शराब में पानी मिलाकर बेचने का खेल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पिकरी शराब दुकान में शराब में पानी मिलाकर बेचने का खेल लंबे समय चल रहा था इस बात का उजागर पिकरी शराब दुकान में प्लेसमेंट में काम करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकलने के बाद चार कर्मचारियों ने एक पत्रकार वार्ता में जानकारी दिया गया

एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में सतीश बारले, विष्णु कुमार गेंण्डें, रमेश कोशले के उपस्थिति में शेख गौहर ने बताया कि जिले में शराब में पानी मिलाकर बेचने का खेल लंबे समय से चल रहा था। हम लोगों को शराब में पानी नहीं मिलाने पर नौकरी से निकलने की धमकी दी जाती थी हम लोग जानते थे ऐ गलत है परन्तु नौकरी से निकलने का डर से ऐ काम कर रहे थे उन्होंने बताया कि शराब की पेटी को खोलकर 14-15 नग बोतल में पानी मिलाकर वापस पैक कर दिया जाता था। इसी बीच बीते 21 सितंबर को प्लेसमेंट कंपनी द्वारा छापा मारा गया जहां पर अनियमितता पाई गई तो हम लोगो को कंट्रोल रूम लाया गया जहां पर आबकारी विभाग के सहायक आबकारी अधिकारी खंडूजा साहब द्वारा पूछताछ किया गया जहां पर मल्टी सुनील चंद्राकर खंडूजा साहब के सामने कबूल किया मल्टी ढक्कन शीशी को देता था इन्होंने बताया कि 180 एमएल देसी शराब में 25त्न पानी की मिलावट की जाती है। आबकारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी के उपर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी द्वारा प्रतिमाह 60 हजार वसूली की जा रही थी। यह 2 साल से शराब में मिलावट का खेल चल रहा है। जब प्लेसमेंट अधिकारी द्वारा छापा मारने पर इस तरह की अनियमितता पकड़ी गई तब आबकारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी द्वारा छोटा-मोटा केश बनाने कह करके कोरा कागज में 07 कर्मचारियों से हस्ताक्षर ले लिए गए। ऐ सभी कर्मचारी बीते 2 साल से बेमेतरा पिकरी शराब दुकान में कार्यरत थे। उक्त कार्य सुपरवाइजर कृष्णा रजक व आबकारी उपनिरीक्षक वीणा भंडारी की जानकारी में सारा खेल चल रहा था इसके बावजूद सेल्समैन स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। जबकि कार्यवाही सभी के उपर होना चाहिए था लेकिन हम लोगों के उपर किया गया इन लोगों का कहना था कि हम प्लेसमेंट कर्मचारियों पर हुए कार्यवाही को शून्य करते हुए काम पर वापस रखा जाए नहीं तो कार्रवाई सभी के उपर होना चाहिए

इसके साथ ही इन लोगों ने यह भी बताया कि प्लेसमेंट कम्पनी द्वारा हम लोगों को न तो नियुक्ति पत्र दिया गया था और न ही नौकरी से निकालने के संबंध में कोई पत्र दिया गया है । इस संबंध में आबकारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी का पक्ष लेने के लिए मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल फोन नहीं उठाया इसी तरह जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद कुमार नेताम से भी इस संबंध में जानकारी लेने के लिए मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क किया तो उन्होंने भी मोबाइल फोन को नहीं उठाया

# साल्हेपुर स्कूल में बच्चों ने दीपावली का उत्सव मनाया

## दीपावली एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है: अम्बालिका पटेल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला साल्हेपुर, विकासखंड बेरला के बच्चों द्वारा दीपावली के अवसर पर अपने अपने स्कूल प्रांगण में शिक्षकों के साथ मिलकर सुरहुत्ती के अंजोर उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक अंबालिका पटेल सहित संतोष केशरवानी अध्यक्ष एसएमसी, प्रकाश गायकवाड़ सरपंच ग्राम पंचायत डागनियां, शाला के अन्य शिक्षकों डागेंद्र निषाद, प्रदीप कुमार, एवं ग्रामीण लोगों ने बच्चों के साथ समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने दीपावली के महत्व को बताते हुए कहा कि दीपावली हमारे देश का एक प्रमुख त्यौहार है। यह त्यौहार कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। दीपावली का मतलब दीपों की एक पंक्ति से है जो अंधकार को भगाकर प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। जिस प्रकार दीप के जलने से अंधकार मिट जाता है। उसी प्रकार दीपावली के दिन एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर, एक दूसरे से आत्मीयता से मिलकर, एकता, प्रेम, और भाईचारे का संदेश देकर अपने रिश्ते मजबूत बना कर हमारे अंदर की अंधकार को दूर कर खुशियों से प्रकाशित करते है। इस दिन नए कपड़े पहनते है। अमावस्या के दिन माता लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा की जाती है। बताशे का प्रसाद चढ़ाया जाता है। मिठाइयां बांटते है, बच्चे फुलझड़ी जलाते है, फटाखे फोड़ते है, फटाखे सावधानीपूर्वक फोड़ने चाहिए ताकि की भी तरह की अनहोनी न हो। रंगोली बनाते है। लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गोवर्धन की पूजा की जाती है। भाई दूज में बहने अपने भाइयों की पूजा करते है। राउत नाचा होती है, महिलाएं सुवा नृत्य करती है। ये हमारी संस्कृति की धरोहर है। इस दीपोत्सव में खुशियां बाटी जाती है। यह त्यौहार धनतेरस से शुरु होकर भाईदूज तक यह त्यौहार चलता है। इस प्रकार दीपावली का त्यौहार जीवन जीने का नया उत्साह प्रदान करता हैं तथा हमें खुशियों की सौगात देता है।

# बगिया जाने के लिए निकले ईसाई समुदाय के जन सैलाब को लोरो घाटी में रोका, बैरिकेडिंग वाटर कैनन का उपयोग



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

ईसा मसीह के बारे में दिए गए विवादित बयान का मामला अब और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है. जशपुर विधायक रायमुनि भगत के विवादित बयान पर अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर ईसाई समुदाय लगातार विरोध कर रहा है. शुक्रवार को आस्ता से बगिया सीएम कैंप कार्यालय तक जाने के लिए ईसाई समुदाय की ओर से न्याय यात्रा निकाली गई है. शनिवार को समुदाय की बढ़ती भीड़ को देखकर जिला



पुलिस प्रशासन ने लोरो घाटी में बैरिकेडिंग कर भीड़ को आगे बढ़ने से रोक दिया.

## पानी का किया बौछार

भीड़ जब बैरिकेडिंग को पार कर अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ना चाह रही थी उसी दौरान वाटर कैनन का उपयोग कर पानी की बौछार किया गया. इस दौरान ईसाई समुदाय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपराध दर्ज करने की मांग पर और बगिया जाने की मांग पर अड़े रहे.

## नहीं मिली थी अनुमति

न्याय यात्रा निकालने को लेकर प्रशासन की ओर से ईसाई समाज को अनुमति नहीं मिली थी. बगैर अनुमति मिले सीएम कैंप तक जाने के लिए निकली भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा था. पानी के बौछार से कुछ लोग घायल भी हुए हैं.

## मिंज ने कहा, यह गलत है

कुनकुरी के पूर्व विधायक यूडी मिंज ने लोरो घाटी में रोकने की प्रक्रिया को गलत बताते हुए कहा, ईसाई समुदाय के सबसे अधिक पूज्यनीय अराध्य के बारे में विवादित और घोर निंदनीय बयान बिना सोचे समझे विधायक जशपुर ने दिया है. इस पर अपराध दर्ज होना ही चाहिए.

# नाबालिग से छेड़खानी के मामले में तीन वर्ष की कडी कैद

## सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को माना दोषी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग से छेडखानी के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष कडी कैद की सजा सुनाई है। मामला घरघोड़ा न्यायालय का है। थाना घरघोड़ा के अपराध क्रमांक 472,2022 के अनुसार 01 नवंबर 2022 प्रार्थिया की 10 वर्षी नाबालिक पुत्री रात्रि लगभग 8 बजे घर पर नहीं मिली तब आसपास पता करने पर भी पता नहीं चला ,तभी अभियुक्त मोहन सिंह ठाकुर के कमरे से बच्चे की रोने की आवाज सुनकर उसकी माता प्रार्थिना ने तथा पड़ोसियों ने जाकर देखा तो अभियुक्त के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जहां से बच्चे की रोने की आवाज आ रही थी दरवाजा खोलवाने की कोशिश किया गया किंतु अभियुक्त ने दरवाजा नहीं खोला तब दरवाजा को जबरन धक्का देकर खोला गया तो प्रार्थिया की नाबालिक पुत्री दौड़कर आई और अपने मां से लिपट कर जोर जोर से रोने लगी और बताई ,कि जब वह शौच के लिए बाहर निकली थी तभी अभियुक्त उसे बुलाकर अपने घर के कमरे में ले गया और गलत नीयत से छेड़खानी करते हुए उसकी लज्जा भंग करने की कोशिश कर रहा था एवं चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहा था अभियुक्त चाकू दिखाकर डरा धमका कर 10 वर्षी नाबालिक को अपने कमरे में बंद कर रखा था नाबालिक पीड़िता की माता ने घटना की शिकायत उसी दिनांक को घर घोड़ा थाने में की थी जिस पर थाना प्रभारी घर घोड़ा के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक एडमोन खेस को प्रकरण की विवेचना की जिम्मेदारी दी। विवेचना अधिकारी एडमोन खेस द्वारा प्रार्थिया की शिकायत के आधार पर जांच प्रारंभ की गई जांच उपरांत मोहन सिंह ठाकुर के विरुद्ध अपराध किया जाना सबूत पाए जाने पर धारा 342 354 506 भाग 2 भारतीय दंड संहिता एवं लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 के तहत अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिस पर माननीय न्यायालय ने सुनवाई करते हुए सभी साक्षियों का परीक्षण प्रति परीक्षण उपरांत उभय पक्ष के तर्क श्रवण कर,विद्वान न्यायालय ने अभियुक्त मोहन सिंह ठाकुर को भारतीय दंड संहिता की धारा 342 354 506 भाग 2 एवं पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत दोषी पाते हुए अलग-अलग धाराओं में सजा निर्धारित कर अभियुक्त को धारा 342 भारतीय दंड संहिता के तहत 6 माह का कारवास एवं 1000 जुर्माना धारा 354 भारतीय दंड संहिता के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 जुर्माना भारतीय दंड संहिता की धारा 506 भाग 2 के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 जुर्माना तथा पाक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 जुर्माना के अर्थ दंड से दंडित करने का दंडादेश पारित किया। उल्लेखनीय है कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी तथा अर्थ दंड अदा न करने की स्थिति में माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को एक माह की कठोर कारावास की सजा भुगताने का भी दण्डादेश दिया है।

# कन्या शाला देवकर में दीपोत्सव पर विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में बस्ता विहीन शनिवार को दीपावली का उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया उक्त आयोजन में बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर दिये सजाये, साथ ही उन दियो को जलाकर और शाला में जगह -जगह उजागर कर संदेश दिया की जिस प्रकार दिया दिया अंधकार को मिटाकर उजाला फैलाता हैं हमें भी अशिक्षा के अंधकार को चीरकर ज्ञान का प्रकाश फैलाना हैं। साथ ही बच्चों ने आम के पत्तों से तोरण निर्माण कर शाला की कक्षाओ मे लगाया। सुवा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई, रसोइया चाची पुष्पा ,सुनीता और सुंदर ठाकुर द्वारा गौरा गौरी गीत गाया गया द्य हमारे छत्तीसगढ की पारंपरिक वेशभूषा मे बच्चों को तैयार किया गया। बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाया, चित्रकारी किया, दीपावली पर निबंध लेखन कार्य किया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों को दिवाली के उपलक्ष्य पर फुलझड़ी और चाकलेट वितरण किया गया। बच्चे, रसोइया, स्टाफ ने शिक्षकों के साथ मिलकर फुलझड़ी जलाया। उक्त आयोजन में सामाजिक सहभागिता भी रही। समाज से आस्था अग्रवाल ने अपनी माताजी के साथ शाला में बच्चों को दिये सजावट कराकर वितरण किया और चाकलेट भी प्रदान किया। प्रधान पाठिका ने सभी बच्चों और शाला परिवार को दीपावली की शुभकामन देते हुये दीपावली का महत्व बच्चों को बताया। शिक्षक आशुतोष चौबे ने दीपावली की पौराणिक कथा बच्चों को बताया। उक्त आयोजन में श्रध्दा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, आशुतोष चौबे, पुष्पा साहू, महेसिया निषाद, सुनीता साहू, सुंदर ठाकुर, खेमा, रामप्यारी उपस्थित थे।

# टी-20 ब्लास्ट में नाइट क्रिकेट का आयोजन टीमों की हुई घोषणा, 12 टीम में होगा महासंग्राम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

क्रिकेट की लोकप्रियता को बढ़ाने और खिलाडियों को मौका देने के लिए टी-20 ब्लास्ट आयोजन समिति के द्वारा रायगढ़ स्टेडियम में ड्यूज बॉल आधारित क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 12 टीमें शामिल होंगी। आयोजन समिति के सदस्य निलेश तिवारी, अमित कुंवर, अक्षय गुप्ता ने बताया कि संयोजक एवं वरिष्ठ सदस्य रामचन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में रायगढ़ स्टेडियम मे स्थानीय खिलाडियों को बढ़ावा देने के लिए टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता की रात्रिकालीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमे सफेद बॉल में शानदार रौशनी के बीच रात्रिकालीन आयोजन मे 12 टीमें शामिल होंगी।



**लाखों के होंगे इनाम**-समिति के सदस्य अभिषेक गुप्ता, आशिक हुसैन व सचिन मिश्रा ने बताया कि इस भव्य आयोजन में इनामों की बारिश होने जा रही है। जिसमें पहला पुरस्कार 2 लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार-1लाख रूपये रखी गई है। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरिज श्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज, विकेट कीपर आदि के लिए भी ट्रॉफी व नगद पुरस्कार रखे गए हैं। ज्ञात हो कि इस बार की इनामी ट्रॉफी विजेता एवं उपविजेता 6 फीट से भी ऊंची बनाई गई है। जो लोगों के लिए कौतुहल का विषय होगी।

**टीमों का हुआ गठन**-आयोजन समिति के सदस्य रजत शर्मा व गगनदीप सिंह, सचिन चौहन ने जानकारी दी कि स्थानीय गेलेक्सी मॉल में सभी टीमों के डायरेक्टर टीम के गठन के लिए पहुंचे थे। जिसमें इन्ड्स एनर्जी, देवघर एजेंसी, एपी ब्लास्टर, आर.आर.एनर्जी, लिजेंड वारियर, केके हेमंत, रायगढ़ रायनोज, शिवांश सूपर ज्वाइंट्स, रायगढ़ पैथर, सूर्या सूपर किंग, रायगढ़ सिकंदर व संस्कार स्काई के प्रतिनिधि शामिल थे।

कार्यक्रम के आरंभ में सभी को नियमावली बताई गई। यह प्रतियोगिता बीसीसीआई के नियमों के आधार पर खेली जाएगी। सभी टीम के आइकॉन प्लेयर चुने गए जिसमें गगनदीप सिंह, अभिषेक सेठ्ठी, राहुल सिदार, राहुल नायक, आशीष कोरी, अक्षय गुप्ता, करण महेश, खिलेश सिदार, मोहसीन अहमद, अभिजीत साहू, आदर्श वर्मा, अजहरूल कादरी शामिल हैं। इसके बाद सभी खिलाडियों की गुणवत्ता के आधार पर टीमें गठित हुई।

**रणजी स्तर के खिलाड़ी होंगे शामिल**-समिति के निलेश तिवारी, सचिन चैहान, अभिषेक गुप्ता ने बताया कि 12 टीमों का चयन हुआ जिसमें14-14 खिलाडियों की टीम बनी इसमें 5 खिलाड़ी रायगढ़ जिले से बाहर के प्रत्येक टीम में शामिल किए गए हैं। इन खिलाडियों में रणजी स्तर के, बोर्ड खेले हुए, विश्वविद्यालय टीम के सदस्य, छत्तीसगढ़ 23, 19 व 16 के नामी खिलाड़ी शामिल हैं। बाहरी खिलाडियों में इस प्रतियोगिता में शामिल होने की इतनी होड़ लगी थी कि केवल 60 खिलाडियों का चयन होना था लेकिन 144 बाहरी खिलाडियों ने पंजीयन फार्म भरा था। इससे पता चलता है कि इस प्रतियोगिता का महत्व कितना अधिक है।

# कलेक्टर रणबीर शर्मा ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तैयारियों की समीक्षा की, किसानों को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत न हो

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा अनुरूप 14 नवंबर 2024 से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाना है। । इस दौरान आगामी धान खरीदी की तैयारी का बिंदुवार समीक्षा कर खरीदी केंद्रों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर खरीदी के पहले सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी के लिए पर्याप्त जगह, साफ -सफाई, फेंसिंग, चबूतरा, ड्रेनेज, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीव्ही, पेयजल व किसान विश्राम गृह की व्यवस्था कराने के साथ-साथ पर्याप्त तारपोलिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने किसानों को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्क़त न हो, इसके लिए खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य, कॉल सेंटर, फायर ब्रिगेड, पुलिस थाना व कंट्रोल रूम के नंबर जरूरी रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं।

**पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करने कहा**-बैठक में कलेक्टर ने समितिवार रकबे की जानकारी ली और बढ़े हुए रकबे का सत्यापन करने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि बारदाने की कमी से जिले के किसी भी धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने खरीदी के दौरान समितियों में स्टेंसिल का स्याही लाल रंग का उपयोग करने के निर्देश दिए। समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए इस साल भी किसानों की पहचान उपरांत धान खरीदी बायोमेट्रिक प्रणाली से की जाएगी। पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा धान खरीदी की संभावना को देखते हुए धान बेचने आने वाले किसानों का मौके पर ही फिंगर प्रिंट लिया जाएगा, उसके बाद ही धान खरीदी होगी। इसके लिए किसानों से 31 अक्टूबर तक समितियों में अपना आधार नंबर और उनके द्वारा नामित एक अन्य रिश्तेदार का आधार पंजीयन कराने के लिए जिले में यह प्रक्रिया शुरू है।

**ऐसे होगी बायोमेट्रिक खरीदी प्रक्रिया**-किसी भी तरह की फर्जी खरीदी रोकने के लिए इस साल आधार नंबर बायोमेट्रिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें धान बेचने के लिए किसानों को स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति धान बेचते समय अपने अंगूठे के निशान की मदद से आधार कार्ड पर आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। समितियों में किसानों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। किसान द्वारा या नामित व्यक्ति के द्वारा अगर किसी कारणवश धान बेचने में कोई दिक्कत हो तो एक-एक ट्रस्टेड पर्सन यानी विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति कलेक्टर द्वारा की जाएगी, वह किसान को धान बेचने में मदद करेगा। किसान का आधार मशीन में स्वीकार नहीं होने पर किसान के पंजीकृत मोबाइल नंबर में ओटीपी आएगा, जिसका उपयोग कर धान खरीदी प्रक्रिया संपादित की जाएगी।

**पिछले साल से यह प्रणाली लागू**-खरीफ सीजन 2023-24 में पारदर्शी तरीके से धान खरीदी करने के लिए शासन द्वारा बायोमेट्रिक प्रणाली लागू की गयी है, जिसमें किसान अपना अंगूठा लगाने के पश्चात अपनी धान बिक्री कर सकते हैं। जिस तरह से पीडीएस की दुकान पर राशन लेने के लिए अंगूठा लगाना पड़ता है। अब उसी तरह किसानों को धान बेचते समय अंगूठा लगाना पड़ेगा। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नामिनी बनाने की सुविधा प्रदाय किया गया है। जिसके आधार पर स्वयं उपस्थित होकर या उनके द्वारा बनाए गए नामिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। **समिति प्रबंधकों का आधार भी अनिवार्य किया**-इसी प्रकार बीते वर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु एवं अन्य कारणों से निरस्त किए जाने के लिए ऐसे किसानों की जानकारी तहसीलदारों को प्रेषित की जाएगी। धान खरीदी केंद्रों में भी उक्त प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए समिति प्रबंधकों का आधार भी अनिवार्य किया गया है। नवीन धान पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पासबुक, आधार कार्ड की फोटोकापी, बी-1 पी-2, ऋण पुस्तिका की फोटोकॉपी, नामिनी का आधार कार्ड की फोटोकापी, अन्य हिस्सेदार का सहमति प्रमाण-पत्र, मोबाइल नंबर एवं एक फोटो के साथ समिति का सदस्यता होना अनिवार्य है।

# मिठाई दुकानों का निरीक्षण, 21 नमूने जांच के लिए भेजे गए

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





खाद्य एवं औषधि प्रशासन बिलासपुर द्वारा दीपावली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए लगातार मिठाई दुकानों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान अनियमितता, गन्दगी या मिलावट की शंका होती है, तो ऐसे खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूना लेकर जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा जा रहा है। इस सीजन में अब तक 21 नमूने जांच हेतु रायपुर भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बेहरा ने बताया कि छोटे बड़े सभी खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। जिन दुकानों से 21 नमूने लिए गए हैं, उनमें खोया मंडी गोल बाज़ार से खोये के नमूने सहित राजस्थान जलेबी, बंगाल स्वीट्स, रॉयल स्वीट्स, शारदा स्वीट्स, शंकर चाना वाला का बिना खाद्य अनुज्ञप्ति खाद्य व्यापार किये जाने के कारण खाद्य नमूना लेकर प्रकरण बनाया गया है। इसके अलावा सावन स्वीट्स रतनपुर, सीताराम होटल रतनपुर, दीपक होटल खम्हरिया, कृष्णा डेरी तखतपुर, ए वन स्वीट्स तखतपुर, संतोष होटल रतनपुर, बाबा स्वीट्स सीपत, पाण्डेय स्वीट्स सरकंडा, जीतेन्द्र होटल मस्तुरी, माँ भवानी होटल गनियारी से जाँच हेतु खाद्य नमूना का संकलन किया गया है। आगे भी त्यौहार को देखते हुए निरंतर निरिक्षण एवं कार्यवही जारी रहेगी ताकि लोगों को अच्छी क्वालिटी का मिठाई या अन्य खाद्य सामग्रियां जैसे दूध, दही, पनीर, घी इत्यादि मिल सके।

### एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल, प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी

# तीन आरोपियों से चोरी के 32,720 रूपये सहित मोटर सायकल जप्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




साजा थाना के अंतर्गत दुकान में चोरी के 327 20 जप्त करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उनसे मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है इस संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया है। जितेन्द्र जैन उम्र 51 साल साकिन वार्ड नंबर 14 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा ने थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह जैन स्टोर्स दुकान का मालिक है 20.10.2024 को रात्रि 08 बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था 21.10.2024 को सुबह 06 बजे इसका छोटा भाई दुकान में जाकर देखा तो दुकान का ताला टुटा हुआ और सटर खुला था फिर दुकान के अंदर जाकर देखा तो दराज का लाक टुटा हुआ था दराज में रखे नगदी रकम करीबन 4,75,000/- रूपये व 03 नग मोबाईल नही था किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में अज्ञात चोरो के विरूद्ध अपराध सदर धारा 305 (क), 331 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की सूचना वरिष्ट अधिकारियों को मिलने पर मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए तत्काल एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कौशिल्या साहू एवं थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं अन्य स्टाफ के साथ साजा जैन स्टोर्स पहुचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर अज्ञात चोरो की पतातलास हेतु त्वरित विशेष टीम गठित कर अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस विशेष टीम गठित की गई, गठित टीम द्वारा मौका मुआयना किया गया। चोरी के प्रकरण में विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य के अधार पर संदेहियों एवं आसपास के लोगो व आसपास के ग्रामों में पुछताछ की गई। डॉग स्काड टीम को बुलाया गया। प्रकरण में विवेचना के लिए जो टीम गठित हुई थी उनका मौके पर लगातार बने रहने एवं पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करते रहना और आरोपी पता साजी हेतु प्राप्त साक्ष्य के अधार पर संदेहियों एवं आसपास के लोगो व आसपास के ग्रामों आदि के यहां लगातार पुलिस के पुछताछ करने से पुलिस का दबाव बना। प्रकरण में विवेचना माल मशरूक पतासाजी के दौरान थाना साजा तथा सायबर सेल टीम के द्वारा लगातार आरोपी की पतासाजी कर आरोपी 1. संजय ठाकुर उम्र 22 साल साकिन खैरी थाना साजा जिला बेमेतरा, 2. गणेश नवरंगे उम्र 22 साल साकिन बनरांका थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को उक्त चोरी की घटना के संबंध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियो एवं विधि से संघर्षरत बालक से चोरी की रकम में मिले हिस्से के रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 03 नग लोहे के औजार एवं मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपी संजय ठाकुर पिता खेमू ठाकुर उम्र 22 साल साकिन खैरी थाना साजा जिला बेमेतरा, 2. गणेश नवरंगे पिता स्व. संतोष नवरंगे उम्र 22 साल साकिन बनरांका थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया एवं एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त प्रकरण में फरार अन्य आरोपियो की पता तलाश जारी हैं। आरोपी संजय ठाकुर पिता खेमू ठाकुर उम्र 22 साल साकिन खैरी थाना साजा जिला बेमेतरा,से चोरी की घटना में प्रयुक्त 03 नग लोहे के औजार को किया गया जप्त।

# शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में जनजातीय गौरव दिवस समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छ.ग. राज्य के जनजातीय समुदाय तथा उनकी परम्पराओं का छ.ग. के इतिहास, संस्कृति, कला एवं अन्य क्षेत्र में विशेष योगदान एवं गौरवशाली अतीत के सरक्षण हेतु जनभावनाओं के अनुरूप दिनांक 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती जयंती से 15 नवंबर तक भगवान बिरसा मुण्डा जयंती तक जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन राज्य में प्रत्येक जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान में किया किया जा रहा है। इसी कड़ी में रानी दुर्गावती की 500वी जयंती पर शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला, जिला बेमेतरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. रमन मेहर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक दीक्षित आर्य, सह-संयोजक आकांक्षा शुक्ला, एनएसएस प्रभारी कुंदन कुमार साहू, डॉ दीक्षा तिवारी, अतुल सिंह राजपूत, गौरव गुप्ता, दिवयंश चन्द्रवंशी, शिल्पी साहू, बहोरिक साहू, सोमेश देशमुख ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था में छात्र-छात्राओं के लिए विभन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण, चित्रकला, रंगोली, निबंध इत्यादि प्रतियोगिताओं में संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को अगले माह होने वाले जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम एवं भगवान बिरसा मुण्डा जयंती में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया जायगा।

# चिकित्सा, शिक्षा रक्षा कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर के माहेश्वरी भवन में अभिनंदन समिति द्वारा द्वारा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के दिवंगत पूर्व विधायकों की स्मृति में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के चिकित्सा, शिक्षा कृषि, विधी एवं रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रमुख लोगों का गरिमामय समारोह में सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के प्रभारी ब्रम्हचारी डॉ. इंदूभवानंद अध्यक्षता प्रख्यात भाषाविद चितरंजन कर रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों एवं पूर्व विधायकों के परिजनों का स्वागत सम्मान के साथ दिवंगत पूर्व विधायकों के उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए उनका जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पार्षद मनोज शर्मा ने पढ़ा। पूर्व विधायक स्व. गंगाधर राव यादव तामस्कर का जीवन परिचय संतोष सिंह राजपूत नें दिया तामस्कर की स्मृति में नगर वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक स्व.पं. लक्ष्मण प्रसाद वैद्य का जीवन परिचय लेखमणी पाण्डेय ने दिया। स्व.वैध के स्मृति में सेना के रिटायर्ड कैप्टन मनमोहन बाजपेई जी का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक स्व. देवेन्द्र सिंह वर्मा का जीवन परिचय शत्रुहन साहु ने दिया। पूर्व विधायक रेवेन्द्र सिंह वर्मा की स्मृति में नरसिंह वर्मा का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक स्व. महेश तिवारी का जीवन परिचय डोसन साहु ने दिया। महेश तिवारी के स्मृति में सी. पी.तिवारी का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक स्व डॉ चेतन वर्मा का जीवन परिचय सुमन गोस्वामी ने दिया। स्व. चेतन वर्मा के स्मृति में डॉ बांके प्रसाद तिवारी का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायकों के परिजनों ने भी मुक्त कंठ से इस आयोजन का प्रशंसा की कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात भाषा विद चितरंजन कर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन सही मायनों में इसलिए भी आकर्षण का विषय रहा। इस क्षेत्र के लोग आज भी अपने पूर्व जन्म प्रतिनिधियों का स्मरण करते हुए उनके स्मृति में अनेक विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। हम सब सम्मान पाने वाले परिजनों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई देते हैं कि ऐसे कार्यक्रम और भी होता रहे, ताकि आने वाली पीढ़ी भी हमारे पूर्वजों को पहचानने लगे, जिनकी स्मृति में यह सम्मान दिया जा रहा है वह केवल राजनीतिक नेता ही नहीं बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले भी रहे हैं। दिवंगत होते हुए भी उनकी स्मृति में सम्मान करना उनकी अमरता की निशानी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी डॉक्टर इंदु भवानंद में भी अपने उद्बोधन में इस आयोजन के लिए अभिनंदन सम्मान समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से क्षेत्र के नौजवानों में नई ऊर्जा जगेगी एवं अपने पूर्व जनप्रतिनिधियों को जानने अच्छा प्रयास है। सही मायने में यह समाज को नई दिशा देगी ऐसा आयोजन समाज को नई दिशा देने वाली है। कार्यक्रम का संचालन सुनील झा ने किया आभार प्रदर्शन दिनेश पटेल ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बासु बंधु दीवान सुजीत शर्मा विकास शर्मा बलवंत साहू पुष्कर अवस्थी सुमन गोस्वामी चंद्र प्रकाश मुंदड़ा अरुण राठी नितेश शर्मा दीपक मोटवानी थानेश्वर साहू अजय मिश्रा। धर्म यादव रविंद्र कुर्रे विजेंद्र वर्मा प्रमोद ठाकुर हरीश अग्रवाल सीताराम यदू राम यदू ज्ञानेश्वर तिवारी मनोज मिश्रा गोलू साहू शिवम तिवारी उपस्थित थे।

# विद्यालय में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने विविध प्रतियोगिता का आयोजन

## बच्चों के मन में दिपावली को पर्यावरण मित्रवत मनाने भावना उत्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



दीपावली के अवकाश के पूर्व, सिरबोड़ा विद्यालय प्रांगण में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक धर्मेंद्र नाथ राणा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि संतलाल बारीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानपाठक धर्मेंद्र नाथ राणा ने दीपावली के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण और उससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिया सजाओ प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कस्तूरी और चेतना को दूसरा स्थान मिला। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में तनुजा ने प्रथम और अमृता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं बालवाड़ी से सान्वी और खुशबू क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में मिडिल से वर्षा और प्राइमरी से कुलदीप प्रथम रहे, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में सरिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, सुआ नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। नृत्य का निर्देशन महेश कुमार साहू द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक हीरालाल साहू ने बच्चों को इस दीपावली को पर्यावरण-संरक्षण के साथ मनाने की प्रेरणा दी। साथ ही, सुरक्षित शनिवार के तहत भूकंप से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन कमलेश बारिक ने किया और निर्णायक मंडल में क्षिरोद्र कुमार चौधरी, अनिता साहू और महेश कुमार साहू ने अपनी भूमिका निभाई। समापन पर सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के शिक्षकगण क्षिरोद्र कुमार चौधरी, अनिता साहू, महेश कुमार साहू, कमलेश बारिक एवं विद्यालय स्टाफ के महेंद्र नायक, धरणीधर नायक, बेलमती नायक, जयदेव बुडेक और पिंटू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस आयोजन ने बच्चों के मन में दीपावली को पर्यावरण-मित्रवत तरीके से मनाने की भावना उत्पन्न की।

# बडजा के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जवाहर नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों के संगठन, बस्तर डिवीजन जेएनवी एल्युमिनी एसोसिएशन के तत्वाधान में बीजापुर जिले के कन्या रेशीडेंशियल आश्रम शाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल शिक्षा समिति के अध्यक्ष राव द्वारा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत कर बडजा के इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी। जेके हॉस्पिटल जगदलपुर से आए चिकित्सकीय दल ने लगभग 350 से अधिक छात्राओं का जांच कर 83 बच्चों को चश्मा बनाने चिन्हांकित किया। जिन्हें एक सप्ताह में बडजा द्वारा बच्चों को निशुल्क वितरित किया जाएगा।

जिला मुख्यालय से आए शिक्षा विभाग के अधिकारियों विजय झाड़ी एवं मनोज कावटी ने बडजा के इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए सहयोग करने की बात कही। ज्ञात हो कि बडजा, बस्तर संभाग के नवोदय विद्यालयों से निकले छात्रों का पंजीकृत संगठन है। जिसका उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में सहभागिता निभाना है। जिले में पहली बार हुए बडजा के इस आयोजन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षा समिति के अध्यक्ष, अधीक्षिका एवं शिक्षिकाओं एवं संभागीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर बडजा अध्यक्ष प्रदीप भंडारी, बेनीशिव, शेषमणि, चिन्मय, अंकित, सदाशिव, भरत, अनूप, राजकुमार, देवप्रकाश, शैलेश, नवीन, लता, बीरेन्द्र, कृष्णा, सुनील, पंकज, अभिषेक, पीटर, हर्ष, अंजली, अदिति, अंकित झाड़ी, अंकुश, चंद्रदीप आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जगाने स्कूल स्तर पर भी कार्यक्रम किए जा रहे हैं आयोजित

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव में स्वास्थ्य योजनाओं एवं सुविधाओं की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने स्कूल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विगत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेम्स मिंज एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु दल के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं विकासखंड नोडल अधिकारी टी.बी. कार्यक्रम द्वारा शालेय स्वास्थ्य चिकित्सा एवं व्यक्तित्व विकास के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। जिसमें राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के तहत निर्धारित किए गए 6 मापदंडों की जानकारी दी गई। चिरायु कार्यक्रम के तहत विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के 0 से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अलग-अलग कैटेगरीवार कुल 44 प्रकार की बीमारियों का पूर्णतः निःशुल्क इलाज कराया जाता है इसकी भी जानकारी दी गई। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चमड़ी पर दिखने वाले चमकदार तेलिया, तामिया, सुन्नपन सहित दाग अगर दिखाई दे रहे हो तो ऐसे व्यक्ति को स्वास्थ्य संस्था में ले जाकर जांच एवं उपचार करने हेतु जागरूक किया गया। मलेरिया डेंगू के बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। सर्पदंश का इलाज झाड़-फूंक से नहीं कराकर चिकित्सक से इलाज कराने हेतु जागरूक किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी व्यक्तियों का कार्ड बनाए जाने हेतु जागरूक किया गया। एनीमिया मुक्त भारत योजना के तहत सभी स्कूलों में प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड की गोली खिलाई जाती है उसकी जानकारी दी गई। कृमि मुक्ति दिवस प्रत्येक 6 माह में मनाया जाता है जिसमें एल्बेंडाजोल की गोली परिवार के सभी सदस्यों एवं बच्चों को खिलाई जाती है इसकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, सभी आचार्यगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

# जिले में नशीली पदार्थो के रोकथाम के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थो या नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए आज कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के प्रभारी सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर रोकथाम की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में सक्रियता के साथ नशीली दवाईयों के रोकथाम के लिए कार्यवाही की जा रही है। साथ ही चेकपोस्ट, बैरियरों के द्वारा सघन निगरानी कर संदिग्ध वाहनों की भी जांच की जा रही है। प्रभारी सचिव गुप्ता ने कहा कि अंतर्राज्यीय बस ट्रांसपोर्ट एवं वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाए। लक्जरी वाहनों में नशीली दवाईयों की सप्लाई की भी संभावना रहती है। ऐसे सभी संदिग्ध वाहनों की बैरियर में निगरानी रखकर रेण्डम चेकिंग की जाए। प्रभारी सचिव ने नशीली पदार्थो के बारे में जागरूकता लाने एवं लोगों को इसके दुरूपयोग से दूर रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि जिले में नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने विभागों के समन्वय से नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जा रहा है। इस दौरान बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह एवं वरूण जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, सहायक ड्रग कन्ट्रोलर संजय राजपूत सहित समन्वय समिति के सदस्यगण शामिल हुए। बैठक में सहायक ड्रग कन्ट्रोलर ने बताया कि नार्कोटिक्स एवं साईकोट्रॉफिक्स दवाईयां विशेष रूप से मरीजों के इलाज के लिए सीमित रूप में उपयोग की जाती है। यह दवाईयां केवल चिकित्सक के सलाह पर ही दी जाती है। इन दवाईयों को नशे के रूप में दुरूपयोग भी की जाती है। इससे लोगों को बचना चाहिए।

# दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी दी जा रही है जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बगीचा विकास खंड के सन्ना के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डां. साक्षी और डॉ अदिति की टीम द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य संबंधी विशेष जानकारी दी जा रही है। उनको पोष्टिक आहार हरी साग सब्जी, आयर और खून की मात्रा बढ़ाने वाली दवाईयां की जानकारी देकर दी जा रही है। बुजुर्गो को ठंड से बचाव के लिए उचित परामर्श दिया जा रहा है। मरीजों को निःशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# बगीचा के दूरस्थ अंचल तोरा गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य जांच

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विकासखंड बगीचा के दूरस्थ अंचल में बसे ग्राम तोरा सेक्टर सन्ना में विगत दिवस स्वास्थ्य शिविर लगाया गया डाक्टरों की टीम ने 11 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच निःशुल्क दवाई और परामर्श भी दिया गया स्वास्थ्य शिविर में कुल 40 लोगो का इलाज किया गया जिसमे बहुत से वृद्धजनों का जिन्हें मोतियों बिंद ऑपरेशन की आवश्यकता है। उनके ईलाज के लिए सेक्टर प्रभारी को आदेशित किया गया।

# स्कूली बच्चों को महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ∢ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद माध्यमिक स्कूल जयनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर, एसएचजी समूह की बैठक शिवनंदपुर में यूनिसेफ़ और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह और बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को और समूह की महिलाओं को बाल विवाह की हानियों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी, मनोज जयसवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि को बच्चों के संरक्षण के क्षेत्र में काम करने का आह्वान किया, बच्चे ही कल के भविष्य हैं, ये सुरक्षित हैं तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित है, पॉक्सो एक्ट में बच्चों को लैंगिक अपराध से बचाने के लिए प्रावधान दिये गये हैं, बच्चों को गलत तरीके से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना, ग़लत चित्र दिखाना, गलत तरीके से छुना भी अपराध है, गुड टच बैड टच के बारे भी विस्तृत जानकारी दी गई, बच्चो को मानव तस्करी के बारे में बच्चो को जानकारी दी गई इसमें गावों से दलालों के द्वारा बच्चो को काम के बहाने एक शहर से दूसरे शहर और राज्यो में बच्चो ले जा कर उनका शोषण किए जाता है, बच्चो को काम के अलावा अपने पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। सोशल मीडिया के उपयोग कितना करना है सोशल मीडिया माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे जानकारी दी गई, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के बारे जानकारी दी गई, जेजे एक्ट में बच्चों को नशे से बचाने के लिए नए प्रावधान दिये गये हैं जिसमें यदि कोई बच्चे को नशा कराता है या नशे का समान बेचता है उसे एक लाख रुपये जुर्माना व दो वर्ष के सजा का प्रावधान है, चुप्पी तोड़ो गतिविधिय से बच्चो को बोलने के लिये प्रेरित किया गया। जायसवाल ने चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,181,112 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी, साइबर क्राइम और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर ज़िला बनाने के लिए शपथ भी ली। यूनिसेफ़ के ज़िला समन्वयक प्रथमेश मानेकर ने एसएचजी समूह की महिलाओं के साथ बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# मटका मिडिल स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता परीक्षण शिविर

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता अभियान के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर मार्गदर्शक शिक्षिका ज्योति बनाफर द्वारा विद्यालय में डॉक्टर प्रीति ठाकुर (संजीवनी होमियो फार्मेसी)को आमंत्रित किया गया। शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई रख संतुलित भोजन करने की सलाह दी गई। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर प्रीति ठाकुर ने 129 बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी चर्चा करते हुए बताया कि प्रदूषण और भाग दौड़ भरी वातावरण में संक्रामक बीमारियां हमें शीघ्र घेर लेती है इनसे बचने के लिए व्यायाम करने और संतुलित भोजन लेने के साथ ही समय-समय पर चिकित्सीय परामर्श लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनीमिया से बचाव/ प्रबंधन, कृमि के लिए सरकार द्वारा वितरित की जा रही क्रीमी नाशक गोली साप्ताहिक आयरन गोली के महत्व को समझाते हुए उसे नियमित लेने का निर्देश दिया गया। डॉक्टर ने बालिकाओं को विशेष रूप पर माहवारी संबंधी जानकारी प्रदान की।उन्होंने कहा की माहवारी एक सामान्य शारीरिक चक्र है लेकिन आज भी संकोच पूर्वाग्रह भेदभाव से गिरी हुई है नतीजा लोगों को माहवारी एवं संबंधित उत्पादों के बारे में सटीक जानकारी ,शौचालय का उपयोग और आवश्यकता पड़ने पर मदद मांगने में बाधाओ का सामना करना पड़ता है। बालिकाओं का जीवन एक उल्लेखनीय भाग सार्वजनिक डोमेन में व्यतीत होता है।डॉक्टर प्रीति ठाकुर द्वारा बच्चों को माहवारी के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए सेनेटरी नैपकिन पैड, माहवारी चक्र माहवारी के दौरान खानपान तथा व्यायाम की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। माहवारी और अंधविश्वास पर भी चर्चा की गई साथ ही कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता का बालिकाओं के लिए आयोजन किया गया इसमें माहवारी संबंधित तथा व्यक्तिगत स्वच्छत संबंधित सवाल पूछे गए जिसमें जिसमें अदिति स्वीटी भावना आरती सोफिया लक्ष्मी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्राजंलि गोस्वामी बी.एड. प्रशिक्षणार्थी समाधान कॉलेज द्वारा पुरस्कृत किया गया। मार्गदर्शक शिक्षिका ज्योति बनाफर बताती है की अच्छी शिक्षा के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना अत्यंत आवश्यक है अपर्याप्त माहवारी स्वच्छता महिलाओं को शारीरिक मानसिक और सामाजिक रूप से हानि पहुंचा सकती है।जहां बालिकाएं संक्रमण, स्कूल ड्रॉप आउट, भेदभाव का शिकार हो सकते हैं यह केवल व्यक्तिगत स्वच्छता का मामला नहीं है बल्कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमें शिक्षा, जागरूकता अभियान, नीतिगत सुधार, संरचना सुधार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। माहवारी को रूढ़ि मुक्त करके हम भारत में माहवारी स्वच्छता को बेहतर बना सकती हैं। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया सुनीता मानिकपुरी प्रधान पाठक, मंजू साहू पुनीत राम निर्मलकर, सौखि लाल पोर्ते तथा छात्र अध्यापक प्राजंलि गोस्वामी, प्रांजल पांडे वेद प्रकाश ठाकुर अभिषेक गायकवाड श्रद्धा पांडे की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग, अन्धत्व निवारण, सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ∢ गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग, अन्धत्व निवारण, परिवार नियोजन सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विकासखण्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित रूप से संस्थागत प्रसव कराने और शत प्रतिशत शिशु टीकाकरण के निर्देश दिए। उन्होंने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पर विशेष निगरानी रखने और सीजेरियन डिलेवरी की स्थिति में जिले से बाहर रिफर नहीं करना पड़े इसके लिए जिला चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने सीएमएचओ को निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा सुविधा, दवाईयों की उपलब्धता एवं लैब के मशीनों की नियमित रखरखाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए दिए गए वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध विगत 6 माह (अप्रेल से सितम्बर 2024) तक प्राप्त उपलब्धियों की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए उपलब्धियों में और अधिक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कर सुपोषित करने, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु योजना) के तहत स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा गंभीर बीमारी वाले बच्चों को रिफर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण कराने और आँख कमजोर होने पर परीक्षण कर चश्मा वितरीत करने कहा।

# सरकारी फरमान से किसान आगबबूला... गांवों में मुनादी, धान की फसल लेने पर 50 हजार का जुर्माना, चेतावनी से भड़का आक्रोश

■ जिला प्रशासन की रबि फसल को लेकर पहल से खड़ा हुआ विवाद, किसान प्रदर्शन की तैयारी में

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



धान की फसल लेने पर जुर्माना, कार्रवाई जैसी चेतावनियों के खिलाफ किसान एकजुट हो गए हैं। विकासखंड छुरिया के गांव -गांव में जिला प्रशासन के आदेश पर धान की फसल लेने पर कार्रवाई की मुनादी की जा रही है। इसके खिलाफ देर शाम-रात तक बैठकें कर रणनीति बनाई जा रही है। बैठकों में जिला प्रशासन द्वारा दबाव बनाए जाने की खिलाफत हो रही है। सोमवार को तहसील स्तर पर किसान बड़े आंदोलन के साथ अपनी आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी में हैं।

भू-जल संरक्षण के लिए चलाई जा रही जिला प्रशासन की मुहिम को लेकर गांवों में जारी हो रहे आदेशों को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। छुरिया इलाके के कई गांवों में रबि सीजन में धान की फसल लेने पर 50 हजार रुपए के अर्थदंड की मुनादी की जा रही है। कई जगहों पर रबि की फसल में धान की बोआई की सख्त मनाही का ऐलान किया जा रहा है। छुरिया क्षेत्र के ग्राम तेलीनबांधा, बजरंगपुर, भर्रीटोला सहित कई गांवों में ऐसी ही मुनादी को लेकर किसान सामने आए हैं।

धान की फसल न लेने के लिए जारी हो रहे फतवों पर किसान भड़के हुए हैं। किसान छबिलाल यादव ने कहा कि, बगैर हमारी सहमति और हमसे चर्चा के जिला प्रशासन आदेश थोप रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर गांवों में कुर्की की मुनादी करवाई जा रही है। क्षेत्र में दलहन-तिलहन उत्पादन की क्या संभावनाएं हैं और किसान किस तरह इसकी तैयारी करें ऐसी कोई पहल नहीं की गई है। बजाए इसके किसानों को अप्रत्यक्ष रुप से धान की फसल लेने पर अंजाम के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी जा रही है। हम इसकी खिलाफत कर रहे हैं।

किसान संघ के नेता इस तरह की चेतावनियों के खिलाफ मुहिम छेड़ने की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार को इसे लेकर बड़ा प्रदर्शन किए जाने को लेकर किसानों में आपसी चर्चा चल रही है। मिलेट्स और दूसरे अनाज की फसल लेने को लेकर किसानों में सहमति जरुर बन रही है लेकिन इस बीच धान की फसल लेने पर अर्थदंड और कार्रवाई की चेतावनियों ने उन्हें नाराज किया है।

### एक ही साल में 60 फीट नीचे गया जलस्तर : कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किसानों के सामने मौजूदा स्थिति रखी है। परेवाडीह में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कहा कि जिले में अभी पानी का संकट है। उन्होंने कहा कि पानी को संरक्षित करना बहुत जरूरी है। कलेक्टर ने कहा कि पहले पानी 100 से 150 फीट में बोर कराने से पानी आ जाता था, लेकिन भू-जल स्तर अब इतना कम हो गया है कि 400-600 फीट नीचे चला गया है। कलेक्टर ने बताया कि पिछले वर्ष रबी मौसम में अधिक मात्रा में धान की खेती के लिए 42 हजार पंप के माध्यम से सिंचाई करने से भू-जल स्तर 60 फीट नीचे चला गया है। उन्होंने इससे बचने के लिए सभी किसानों को रबी मौसम में कम पानी उपयोग वाली फसल लगाने के लिए आग्रह किया।

### चिंताजनक स्थिति निर्मित हो रही

जिला प्रशासन ने इस बार रबि सीजन में लगाई जानी वाली फसल में धान की खेती न करने को लेकर अभियान छेड़ा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल खुद इस मुहिम को लीड कर रहे हैं। प्रशासनिक आंकड़ों में बताया गया है कि बीते सालों में विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ में 32000 नलकूपों से भूजल का दोहन फसल के लिए किया जा रहा है। इसके चलते प्रभावित इलाकों में 150 से 200 फीट में मिलने वाले भूजल का स्तर 400 से 600 फीट नीचे चला गया है। अधिकारियों के मुताबिक जिले में घटते हुए जल स्तर ने विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ में चिंताजनक स्थिति निर्मित की है। इन क्षेत्रों में भू-जल के अत्यधिक दोहन के कारण जल संकट की स्थिति बन सकती है।

### मृदा परीक्षण कराने से मिलेंगे अच्छे परिणाम

मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला राजनांदगांव से प्राप्त मिट्टी नमूनों के विश्लेषण के आधार पर जिले में विश्लेषित कुल 23782 नमूनों में से 554 नमूनें तीव्र अम्लीय (5.5 पीएच से कम) एवं 6365 नमूनें मध्यम अम्लीय तथा 31 नमूने तीव्र क्षारीय 8871 नमूनें मध्यम क्षारीय (7.1 से 8.5 पी.एच.) प्राप्त हुए है। तीव्र अम्लीय वाले खेतों में भूमि सुधारक का उपयोग कर अनानास, टेपिओक एवं गाजर जैसी फसलें एवं तीव्र क्षारीय भूमि में भूमि सुधारक का उपयोग करके कपास एवं ज्वार की खेती की जा सकती है।

# महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया



■ आदिवासी बाहुल्य मानपुर के शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला/मानपुर
www.dailypioneer.com

जिला अंतर्गत धुर नक्सल प्रभावित आदिवासी बाहुल्य मानपुर ब्लॉक मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव सम्पन्न हुआ। 24, 25 व 26 अक्टूबर को तीन दिनों तक कॉलेज परिसर तथा स्थानीय इंदिरा मैदान में आयोजित उक्त खेल महोत्सव के दरमियान महाविद्यालयिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया। स्लो सायकल रेस, कुर्सी दौड़, कबड्डी, भाला फेंक, तवा फेंक, ऊंची खुद, लंबी कूद, कैमर, शतरंज सहित अन्य खेलों का यहां आयोजन किया गया। 26 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे तक इंदिरा मैदान में खेल जारी रहा। कबड्डी खेल के साथ इस दरमियान उक्त तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन हुआ। समापन उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज ठाकुर ने आकाशवाणी को बताया कि महाविद्यालय महाविद्यालय के वार्षिक गतिविधियों के तहत उक्त तीन दिवसीय खेल महोत्सव छात्र छात्राओं के मध्य आयोजित किया गया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विभिन्न खेल स्पर्धाओं के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, टीमों को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी व अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

# एक करोड़ 23 लाख की विकास की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव के समुचित विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और वह सक्रियता के साथ विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान भी कर रहे हैं। डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से महतारी सदन के लिए राजनांदगांव को 1 करोड़ 23 लाख 50 हजार की मंजूरी मिली है। जिससे महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव आएगा।

ज्ञात हो कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महतारी सदन योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 5 गांव में 1 करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति देने के निर्णय का स्वागत किया है। स्वीकृत ग्राम पंचायतों में सोमनी, मोखला, भानपुरी, सुकुलदैहान और देवादा शामिल हैं, जहां प्रत्येक महतारी सदन के निर्माण के लिए 24 लाख 70 हजार रुपए का बजट निर्धारित किया गया है । यह योजना स्वच्छ भारत मिशन के साथ अभिशरण करके संचालित की जा रही है। जिससे ग्राम स्तर पर स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत किया जा जाएगा।

इन सभी 5 महतारी सदनों का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। इसके अलावा पानी की आपूर्ति के लिए ट्यूबवेल और वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाए जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि इस घोषणा का स्वागत करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसे लागू करते कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता ने महतारी सदन की स्वीकृति पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार जताते कहा है कि यह योजना ग्रामीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### फसलों में कीट प्रकोप की शिकायत, टीम पहुंची ग्राम घुमका

**राजनांदगांव।** ग्राम घुमका के कृषकों द्वारा फसल में कीटप्रकोप के संबंध में प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लिया गया है। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय द्वारा ग्राम घुमका के कृषकों के फसल का निरीक्षण करने के लिए डायग्नोस्टिक टीम गठित की गई। गठित डायग्नोस्टिक टीम में सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेन्द्र अनंत, कीट वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय सुरगी डॉ. मनोज चन्द्राकर, सहायक संचालक कृषि संजय राय, शस्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी मनीष सिंह, कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे, ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी घुमका भरत लाल उईके शामिल थे। डायग्नोस्टिक टीम द्वारा ग्राम घुमका पहुंचकर कृषकों के धान फसल का निरीक्षण कर कीट नियंत्रण के लिए तकनीकी सलाह दी गई। टीम द्वारा कृषक श्रीमती ठगिया बाई साहू के धान फसल खेत का निरीक्षण किया गया।

# अवैध शराब दुकान, अयोग्य नियुक्ति पर सहायक आयुक्त आबकारी पर हो अपराध दर्ज : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छ ग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं विधि विभाग के प्रदेश महामंत्री रूपेश दुबे ने छग में बदहाल कानून व्यवस्था को निरंकुश प्रशासन व वसूली के लिए भाजपा सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को जो संरक्षण दे रहे हैं उसी के कारण हालात बेकाबू है। इसका प्रमाण राजनांदगांव के आबकारी विभाग को निरूपित करते हुए कहा कि यहां के सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर को नियम विरुद्ध कार्य करने में महारत है। तभी तो सीएसएमसीएल के नियम के अनुसार किसी भी शॉप में मुख्य विक्रयकर्ता (सुपरवाइजर) की शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन के विरुद्ध नियुक्तियां की गई है।

उन्होंने कहा कि, राजनांदगाव जिले में राठौर ने अपने प्रिय लोकेशन ऑफिसर रजत दुबे को जिले में शराब में पानी मिलाने, ओवर रेट, कोचिया को बोरी भर-भर कर शराब देने के लिए धनपत धुर्व, राहुल सिन्हा, परमानन्द साहू, विनोद डोंगरे, राजू पड़ोती, दीपेश शर्मा, कैलाश सिन्हा, अमित देवांगन आदि सुपरवाइजर को शैक्षणिक योग्यता के विपरीत नियुक्ति देकर मात्र वसूली कराने रखा गया है। दुबे ने कहा कि, कोचियों को बोरी भर-भर के शराब देने के मामले में परमानंद साहू और शुभम को पुलिस ने गिरफ्तार कर के जेल भेजा था। उनका मामला कोर्ट में लंबित है। शराब दुकान के किराए के कमीशन खोरी में एसीबी के हाथों पकड़े जाने और जेल यात्रा करने वाले द्वारा राजनांदगांव में भी उसी तर्ज पर काम चालू कर दिए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि, अपने इस काले कारनामे में एडिशनल एसपी, कोषालय अधिकारी सहित अन्य को भी अवैध कारोबार के संचालन अनुमति में सहभागी बनने का कार्य किया है। क्योंकि जिस परिसर में दुकानें चल रही उसकी भवन अनुज्ञा निगम से हुई ही नहीं है और न ही व्यावसायिक डायवर्सन हुआ है। ऐसी दशा में यह परिसर अवैध है। इस अवैध कार्य को छिपाने निगम क्षेत्र में होने के बाद भी निगम के किसी अधिकारी को स्थल चयन समिति का सदस्य नहीं बनाया गया। क्योंकि वे सदस्य होते तो भवन अनुज्ञा की बात सामने आती। उन्होंने कहा कि, अवैध शराब दुकान के विरोध करने वालों पर अपराध दर्ज करा कर प्रशासनिक आतंकवाद का भी परिचय दिया गया है। अवैध स्थल पर दुकान चलवा कर अयोग्य लोगों को नियुक्ति देकर शासन को राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है। अतः सहायक आयुक्त आबकारी राठौर पर अपराध दर्ज कर राशि वसूली की जावे।

# डोंगरगढ़-कठघोरा लाइन के लिए मिले 300 करोड़ छत्तीसगढ़ में डबल इंजन का जादू : सांसद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक उपरांत डोंगरगढ़-कटघोरा नवीन रेल मार्ग हेतु भू-अर्जन एवं प्रारंभिक निर्माण कार्य हेतु 300 करोड़ की राशि स्वीकृत प्रदान करने पर सांसद संतोष पांडे ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार का जादू दिखने लगा है। सांसद पांडे ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने बजट 2024 में उक्त रेल मार्ग के लिए राशि का प्रावधान किया था, जिसे छत्तीसगढ़ रेल कार्पोरेशन की आयोजित बैठक में स्वीकृत किया है। जिससे रेल मार्ग के प्रारंभिक निर्माण कार्य एवं भू-अर्जन के कार्य चालू हो सकेंगे। सांसद पांडे ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने द्वेषपूर्वक शासन करते उक्त रेल मार्ग को लंबित रखा था, उनके द्वारा मार्ग में अनुचित बदलाव के भी प्रयास किए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के दूसरे कार्यकाल में रेल मंत्रालय द्वारा उक्त रेल मार्ग के लिए 500 करोड़ जारी किया गया था, जिस पर किसी भी प्रकार का निर्णय न लेने के कारण निर्माण कार्य लंबित होते रहा। सांसद पांडे ने कहा कि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे की पंक्ति को चरितार्थ करते काम कर रही भाजपा की सरकार नित नए आयाम गढ़ रही है।

# शहर में विद्युत दुर्घटना से बचाव व उसके उपायों पर आधारित सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव के कैलाश नगर स्थित पूर्वी जोन उपकेन्द्र में सुरक्षित ढंग से कार्य करने हेतु विद्युत कर्मियों के लिए सेफ्टी ड्रिल ट्रेनिंग कार्यषाला का आयोजन किया गया। राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी, सहायक अभियंता रोहित मंडावी व कनिष्ठ अभियंता नेहा गढ़पायले के द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने एवं लाइन मेन्टेनेंस तथा एरियर्स रिकवरी के उपायों के विषय में जानकारी दी गयी। उन्होंने कि ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि थोड़ी से लापरवाही से जान जा सकती है इसलिए विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों ने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हुए एबी स्वीच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लेवें, और यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाइन पर विद्युत प्रदाय तो नहीं किया जा रहा है यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो बैकफीड परमिट अवश्य ले तथा लाइन को बंद करावें। मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। समस्त तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने विद्युत कर्मियों से कहा कि अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, टेस्टर, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया।

## क्वीक न्यूज

### मुनीम से राह चलते 8 लाख की लूट

**राजनांदगांव।** पड़ोसी जिले खैरागढ़ में बड़ी वारदात हो गई। यहाँ बाइक सवार तीन लोगों ने एक शख्स से तक़रीबन 8 लाख रुपए लूट लिए। बताया गया कि सहसपुर दल्ली के बीच यह घटना शुक्रवार शाम 06 बजे की है। राजनांदगांव में रहने वाले सीमेंट व्यापारी चंद्रशेखर अग्रवाल सीमेंट कारोबार करता है। उसका मुनीम अपने मुनीम डोमर सिंह देवांगन वसूली का काम देखता है। वह गंडई से करीब सात लाख 80 हजार रुपये लेकर बाइक से राजनांदगांव लौट रहा था, उसी दौरान ठेलकाडीह थाना क्षेत्र के सहसपुर-दल्ली डामर प्लांट के पास बाथरूम के लिए ठहरा के लिए रुका। तभी यह वारदात हुई और आरोपी मोके से रकम लेकर भाग गए। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### परेवाडीह पहुंचा जिला प्रशासन

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर एवं वनांचल ग्राम परेवाडीह में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को संबंधित विभागों के स्टॉल में पहुंचकर सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में 259 आवेदनों को निराकरण किया गया।

### विवाह योजना का लाभ, मिलेंगे 50 हजार

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के हितग्राही परिवार की प्रथम 2 कन्याओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना अंतर्गत विवाह में प्रति कन्या 50 हजार रूपए व्यय करने का प्रावधान है। योजना के नवीन प्रावधानों के अनुसार 35 हजार रूपए ड्रॉफ्ट व बैंक खाते के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा। विवाह आयोजन पर प्रति जोड़ा 8 हजार रूपए एवं वर-वधु के कपड़े व अन्य सामग्री के लिए प्रति जोड़ा 7 हजार रूपए के मान से राशि व्यय करने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही संबंधित विकासखंड के एकीकृत बाल विकास परियोजना महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर में शामिल हुए जिले के छात्र

**राजनांदगांव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में आयोजित किया गया। इस शिविर में राजनांदगांव जिले से 16-16 बालक-बालिका छात्रों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर में छत्तीसगढ़ के सभी 33 से 900 प्रतिभागी तथा 110 प्रभारी शामिल हुए। पांच दिवसीय इस शिविर में मार्च पास्ट, लोकगीत, लोक नृत्य, निबंध, हस्तकला, रंगोली, पेंटिंग, क्विज, अंताक्षरी, फिजिकल डिस्प्ले, फर्स्ट एण्ड प्रदर्शन, फूड जंक्शन, झांकी, गणेश प्रदर्शनी, बेस्ट जूनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में राजनांदगांव जिले के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी बच्चों ने साहसिक गतिविधियों के साथ भिलाई स्टील प्लांट, नगपुरा जैन मंदिर, मैत्री बाग का भी भ्रमण किया।

### नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यशाला संपन्न

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवर ने कार्यशाला के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। टीकाकरण से नवजात मृत्यु, शिशु मृत्यु में कमी दर्ज की गई है। उन्होंने टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के संभागीय प्रतिनिधि डॉ. खान एवं उनकी टीम द्वारा नियमित टीकाकरण के कवरेज को बढ़ाए जाने हेतु सूक्ष्म कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई।

## अंतिम पड़ाव में अभियान, पूरा जोर लगा रहे कार्यकर्ता

# भाजपा की सदस्यता के लिए तीन दिन विशेष अभियान : अनुराग सिंहदेव

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व के तहत जारी सदस्यता अभियान अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है। इस अंतिम दौर में पार्टी पूरी ताकत लगाकर सदस्यता अभियान के लिये मिले लक्ष्य को प्राप्त करने की पुरजोर कोशिश प्रारंभ कर दी है। इस संदर्भ में भाजपा कार्यालय में प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव व सहप्रभारी नवीन मार्कण्डेय व कमल गर्ग की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, सदस्यता अभियान प्रभारियों व मोर्चा-प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें आने वाले तीन दिनों में 'सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान' चलाकर जिले को मिले लक्ष्य को पूरा करने का आव्हान किया गया।

बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने सदस्यता अभियान के प्रगति की जानकारी दी, मजबूत व कमजोर कार्यक्षेत्र का विवरण रखा और उपस्थित मंडल अध्यक्षों से लक्ष्य के प्रति जवाबदेही से काम करने का आग्रह किया। प्रदेश में सदस्यता अभियान के प्रमुख अनुराग सिंहदेव ने प्रत्येक मंडल अध्यक्षों से उनके मंडलों में सदस्यता अभियान को लेकर किये गये कार्यों की पूछताछ की, प्रत्येक मतदान केन्द्र में 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य की पूर्ति संबंधी जवाबतलब किया, बचे वार्डों में शीघ्र ही इस लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

सिंहदेव ने मोर्चा अध्यक्षों से भी बात की , उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी ली तथा लक्ष्य के लिये बचे कार्यों को पूरा करने को कहा। सिंहदेव ने सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान 26 एवं 27 व 28 अक्टूबर को वृहद पैमाने पर शक्ति केन्द्रों से लेकर मतदान केन्द्रों व सार्वजनिक स्थानों पर चलाने का आह्वान करते हुये कहा कि राजनांदगांव जिले के कार्यकर्ताओं की क्षमता अपार है। इससे पूरे प्रदेश का संगठन परिचित है, यदि कार्यकर्ता ठान ले तो तीन दिनों के भीतर ही बचे हुये लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने लक्ष्य पूर्ति के लिये विशेष टास्क दिया व जिलेभर के सदस्यता अभियान की व्यापक समीक्षा की।

इस दौरान प्रमुख रूप से भरत वर्मा, सचिन सिंह बघेल, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, सावन वर्मा, आभा तिवारी, रवि सिन्हा, मूलचंद लोधी, शिव वर्मा, हिरेन्द्र साहू, मोनू बहादुर सिंह, रविन्द रामटेके, रघुवीर वाधवा, आलोक श्रोती, आकाश चोपड़ा बोधन साहू, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, हर्ष रामटेके, मनोज साहू, जैन कुमार मेश्राम, बोधी राम साहू, जागेश्वर साहू, गोलू सूर्यवंशी, संदीप भट्टाचार्य, पप्पी भाटिया, प्रदीप अवथनकर, किरण साहू, देवा झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# राइस मिलों को बड़ा झटका, नए सत्र में कस्टम मिलिंग के राइस मिलों को मिलेंगे 120 की जगह 60/-, विष्णु सरकार ने जारी कर दिया फरमान

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश की साल 2018 से 2023 तक प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ के राइस मिलों की मांग पर उन्हें बड़ा तोहफा देते हुए वर्षों से चली आ रही 40 प्रति क्विंटल कस्टम मिलिंग को 120 रुपए प्रति क्विंटल किया था, किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में साल 2023 में भाजपा की सरकार ने काबिज होते ही मिलरों को दी जाने वाली इस बढ़ोतरी को आने वाले नए खरीदी सत्र में 60 पर ला दिया है, तथा 24 अक्टूबर 2024 को छत्तीसगढ़ शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय रायपुर के जारी आदेश में कस्टम मिलिंग को लेकर नई नीति की जानकारी देते हुए केवल 60 रुपए ही दिए जाने की बात कही गई है, राज्य शासन के इस निर्णय से जहां राइस मिलरो के माथे पर चिंता की लकीरें हैं तो वहीं प्रदेश में 120 होने के बाद सैकड़ो की संख्या में नई राइस मिले खुल गई थी जो कि अब राज्य शासन के नए आदेश से बंद होने की कगार पर आ जाएंगी तथा राइस मिलरो का कहना है कि राज्य सरकार के इस निर्णय से वे चिंतित हैं एवं राज्य सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए अन्यथा छत्तीसगढ़ के सारे राइस मिलर एक होकर राज्य सरकार के खिलाफविरोध का बिगुल फुकेंगे तथा मिलरों का कहना है कि पूरे प्रदेश में 120 रुपए की दर होने के बाद स्थानीय स्तर पर मजदूरी के भी खर्च उनके डबल हो गए हैं तथा अब वे खर्चे तो वापस होंगे नहीं तो आखिर में इस घाटे की भरपाई कहां से होगी, किंतु छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार जो कि सुशासन की सरकार होने की बात कहती है, तो प्रदेश के सारे व्यापारी वर्ग, उद्योगपति आखिरकार राज्य सरकार की इन नीतियों के चलते नाराज देखे जा रहे हैं।

# बलरामपुर में पुलिस के कार्य प्रणाली से मचे बवाल के बीच परिजनों ने किया अंतिम संस्कार





पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य कर्मचारी गुरु चंद मंडल के पुलिस थाना में संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार संतोषी नगर में कर दिया। इस दौरान एसडीएम सहित पूरे राजस्व अमला और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। शहर में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुबह से ही सभी चौक चौराहों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दी गई थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस के आला अधिकारी पीड़ित परिवार जनों से चर्चा उपरांत समझाइए के बाद परिजन एवं ग्रामीण शव लेने एवं अंतिम संस्कार करने के लिए अपनी सहमति देने के बाद शनिवार को मृतक गुरुचंद मंडल के शव का अंतिम संस्कार किया गया। इधर पुलिस ने उक्त मामले में पुलिस थाना पर हमला करने वाले लोगों के ऊपर एफआईआर करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 132, 221, 121 (आई), 296, 115(2), 126 (1), 351 (3), 324(4), 190, 191(आई), 191 (2), 195 (1) बीएनएस एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। उक्त घटना के बाद जशपुर एएसपी निमिषा पांडेय को व्यवस्था सुधारने हेतु बलरामपुर रवाना किया गया था जब गुरु चंद मंडल का शव को लेकर उसके ग्रह ग्राम की ओर पुलिस जा रही थी उस समय भीड़ में शामिल महिलाओं के द्वारा हाथापाई कर दी गई थी। इस दौरान हुए पथराव में भी कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें आई थीं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस मामले में भी पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज कि जा सकती है।

# भारतीय किसान संघ द्वारा बम्हनीडीह में निकला गया गर्जना रैली




पायनियर संवाददाता ∢ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वाधान में तहसील स्तरीय बम्हनीडीह के किसान संघ के द्वारा शुक्रवार को बम्हनीडीह तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपी गया है रैली बम्हनीडीह के मध्य स्थित बजरंग चौक से चल कर नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चाकर ज्ञापन सौंपी गई द्य जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवप्रसाद तिवारी, तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार जायसवाल, खण्ड प्रमुख मनहरनलाल चंद्रा, मंत्री दुकालू पटेल, सहकारिता प्रमुख मोहन डडसेना, विपरण रमेश डडसेना, कार्यकारी रघुनंदन पटेल, महिला प्रमुख मीना जायसवाल, आशा साव, ऊषा राठौर, विहिप जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल, इसके साथ ही बहुसंख्यक किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन विधि प्रमुख सोन चरण डडसेना के द्वारा किया गया।

# राम भरोसे चल रहा यहां का सरकारी स्कूल





पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बच्चों के शिक्षा अधिकार कानून के लिए भले ही सरकार लाख प्रयास कर ले लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। ना तो यहां सरकारी आदेश निर्देश का कोई मायने और ना ही बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा व्यवस्था। यूं कहें तो शिक्षा विभाग सब कुछ रामभरोसे चल रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां पर स्कूल में शिक्षक नदारत रहते हैं। मामला लैलूंगा विकासखण्ड के एक स्कूल का है। मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा विकासखंड के ग्राम खार में संचालित पुर्व माध्यमिक विद्यालय का है, जहां पर छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि यहां शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण पढ़ाई व्यवस्था ठप्प रहती है। उन्हें स्कूल में शिक्षक कभी नहीं पढाते हैं। शिक्षक स्कूल में कभी कभार एकाध बार ही आते हैं फिर दर्शन दुर्लभ हो जाता है।ग्राम पंचायत के सरपंच सहित जागरूक ग्रामीणों ने हमारे संवाददाता को बताया कि यहां का स्कूल शिक्षा पुरा ठप्प पड़ा हुआ है, जब भी वे स्कूल आते हैं, लेकिन शिक्षकों से कभी मुलाकात नहीं हुई। लेकिन इस तरह मामले में संकुल व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़ा होता है, क्या विकासखंड क्षेत्र के शिक्षा की व्यवस्था पर नजर नहीं? क्या विकासखंड शिक्षा अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण नहीं करते हैं? और यदि करते भी हैं, तो फिर इतनी बड़ी लापरवाही शिक्षकों द्वारा कैसे किया जा रहा है। जहां पर इस तरह से स्कूलों के शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है। बहरहाल अब देखना होगा, खार स्कूल के शिक्षा व्यवस्था कब तक सुधार होगा, ये तो राम ही जाने।

# न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। वित्तवर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा 4.2 एमएमटी रही। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड राजस्व 2,269 करोड़ रुपये रहा। बीती तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड 229 करोड़ रुपये रहा। वित्तवर्ष 2025 के लिए केंद्रीय बजट में, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के निवेश के बावजूद, जमीनी स्तर पर प्रोजेक्ट्स पर काम की स्पीड में अभी भी उल्लेखनीय वृद्धि नहीं देखी गई है। इसके अलावा, वित्तवर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के दौरान तीव्र और लंबे समय तक मानसून की स्थिति ने विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों को प्रभावित किया है। इन चुनौतियों के बावजूद, कंपनी ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है। कंपनी ने पिछली 12 तिमाहियों में सबसे कम मिक्स फ्यूल लागत, 1.54 रुपये प्रति मैकल हासिल की है। इसके अलावा, सोनाडिह सीमेंट प्लांट में नए क्लिंकर वैगन लोडिंग सिस्टम की सफल शुरूआत ने रेल के माध्यम सेक्लिंकर डिस्पैच क्षमताको बढ़ाया है, जो लॉजिस्टिक कार्यकुशलता में सुधार के लिए कंपनी के समर्पण को दर्शाता है। प्रीमियमाइजेशन, कंपनी के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र बना हुआ है, जिसमें प्रीमियम उत्पादों की हिस्सेदारी वित्तवर्ष 25 की दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड उच्चस्तर 43 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पेशकशों में, प्रीमियम सीमेंट वैरिएंट कॉंक्रीटो यूनो पूर्व में हाईक्वालिटी वाली निर्माण सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा कर रहा है।और महत्वपूर्ण गति देख रहा है।

# उत्सव के रंग यूनिवर्सल के संग




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

धनतेरस एवं दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए सिटी कोतवाली चौंक एवं मेन रोड शंकर नगर स्थित इलेक्ट्रॉनिक आइटमों का भव्य एक्सक्लुजिव शोरूम यूनिवर्सल सर्विसेस द्वारा ग्राहकों के लिए उत्सव के रंग यूनिवर्सल के संग योजना लागू की गई है जिसमें आकर्षक डिस्काउंट एवं एक्सचेंज ऑफर प्रदान किया जा रहा है। संस्थान द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स पर 75% तक कि आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है एवं एसी की रेंज 25,000/- से शुरू की गई है इसके साथ ही एक्सचेंज ऑफर सभी बड़ी कंपनियों के प्रोडक्ट के साथ दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस एक्सक्लुजिव शोरूम में विश्व प्रसिद्ध कंपनिया, सैमसंग, एलजी, पैनासोनिक, सोनी, आईएफबी, हायर, टीसीएल, केल्विनेटर, वर्लपूल, गोदरेज, डाईकिन, मित्सुबिशी, ब्लूस्टार, कैप्स, ग्लेन, बुश, जेबीएल, कंपनियों के सारे प्रोडक्ट्स आकर्षक डिस्काउंट एवं एक्सचेंज ऑफर योजना में उपलब्ध है। विगत 40 वर्षो से निरंतर कार्यरत छत्तीसगढ़ का सबसे विश्वसनीय एक्सक्लुजिव शोरूम यूनिवर्सल सर्विसेस में एक ही छत के नीचे सारे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स उपलब्ध हो जाते है, जिसमें एलईडी टीवी, एसी, वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेव ओवन, डी फ्रीजर, विशी कुलर, डायसन प्रोडक्ट्स एवं बूस प्रोडक्ट्स इन सभी में स्पेशल फेस्टिवल ऑफर के अंतर्गत 3 वर्ष की वारंटी, आकर्षक गिफ्ट एवं 15,000 हजार रुपए तक का कैश बैक प्रदान किया जा रहा है।

# दीपावली पर छात्रों ने विप्र हाट बाजार में रोचक गेम, स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच जमकर की खरीददारी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



दीपावली के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा एवं वाणिज्य प्रबंध विभाग द्वारा विप्र हाट बाजार लगाया गया। विप्र हाट बाजार का उद्घाटन मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र हाट बाजार में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित आकर्षक एवं मनमोहक दियों के साथ दीपावली के अवसर पर सजावट की वस्तुएं व मिष्ठान के स्टाल के साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों,भारत के विभिन्न प्रांतो के स्वादिष्ट और चटपटे व्यंजनों का आनंद विद्यार्थियों के साथ उनके पालक और विप्र समाज के सदस्यों ने लिया। फरा, चिला, चौसला जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ इटली वडा पाव, जलेबी, अप्पे जैसे व्यंजनों का मजा सभी ने लिया। छात्रों द्वारा रोमांचक गेम अंतर्गत आंखों में पट्टी बांधकर मटकी फोड़ना, बिंदी लगाना जैसे आकर्षक और मजेदार गेम मे जीतने से ज्यादा हारने का मजा आया। विप्र हाट बाजार में विद्यार्थियों के लिए मेहंदी, रंगोली, कलश सज्जा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में मेहंदी में प्रथम स्थान अंजलि नायक बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान पीजीडीसीए के रीना ओझा प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम लता साहू बी.काम सेकंड ईयर और पीजीडीसीए के फुलेश्वरी साहू द्वितीय स्थान पर रही। कलश सज्जा प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की सोनल ने प्रथम स्थान और डाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक द्वारका धाम में होगी श्रीमद् भागवत कथा, राधा सखी परिवार ने किया है कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण की नगरी श्री द्वारिकापूरी में आचार्य पुनीत कृष्ण महराज के परम सानिध्य एवं श्री राधा सखी परिवार के तत्वाधान में 29 से 5/12/2024 तक भगवान श्री कृष्ण की वांग्मय मूर्ति श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि जो भक्त जन अपने परिवार की मंगल कामना एवं अपने पूर्वजों के मोक्ष हेतु भागवत कथा एवं पोथी सेवा करना चाहते हैं, वे कृपया संपर्क करें, इस कार्यक्रम के लिए प्रति यजमान 35000/- रू की सहयोग राशि निश्चित की गई है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक यजमान के लिए एक वैदिक ब्राम्हण जो मूल पाठ करेंगे उनका समस्त पूजन सामग्री एवं द्वारिकापूरी में निवास, भोजन आदि की व्यवस्था की जाएगी, एवं उपरोक्त कार्यक्रम से संबंधित संपूर्ण एवं अधिक जानकारी के लिए आयोजक संस्था के सदस्यों के संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है, उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन राजा सखी परिवार ने किया है तथा इसमें धर्म प्रेमियों को आने जाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

# भानू प्रताप बनाये गए छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास खांडेकर, महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडेकर के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ जिला सक्ती के जिला अध्यक्ष इंजी. संतोष प्रसाद द्वारा गलगलाडीह, जैजैपुर निवासी भानू प्रताप को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात हो भानू प्रताप एस.ई.सी.एल से सेवानिवृत्त कर्मचारी है एवं ट्रेड यूनियन इंटक के पदाधिकारी भी रहे है।

## स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक पहुंचे शक्ति

# जिले के प्रमुख शिक्षा अधिकारियों की जे एल एन डिग्री कॉलेज में संपन्न हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com






संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर से आये सहायक संचालक प्रशांत राय एवं भूपेंद्र कौशिक द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन के चंद्रा की उपस्थिति में जिले के सभी संकुल स्त्रोत समन्वयक,विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक की समीक्षा बैठक जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती के सभा कक्ष में ली गई। सहा. संचालक राय ने प्रत्येक संकुल सीएसी से उनके द्वारा अवलोकन किए गए विद्यालय से संबंधित जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया गया कि विद्यालय का समग्र एवं सम्यक रूप से अवलोकन करें। विभिन्न प्रकार की विद्यालय में घटित घटनाएं जो समय समय पर समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं ऐसी घटित घटनाओं से तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाय।विभागीय योजनाओं के तहत निशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा साइकिल वितरण की समीक्षा, शालाओं में न्योता भोज का आयोजन व प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना की समीक्षा, शाला निरीक्षण के अद्यतन स्थिति की समीक्षा, द्वितीय मेगा पेटीएम के आयोजन की समीक्षा, अपार आईडी निर्माण के प्रगति के संबंध में चर्चा एवं जाति प्रमाण पत्र के प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई । जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन के चंद्रा ने सभी बीईओ, एबीईओ, बीआरसी एवं सीएसी को लगातार स्कूल निरीक्षण एवं 25 बिंदु पर जारी शिक्षक गुणवत्ता योजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। गए बैठक में सक्ती बीईओ के.पी.राठौर, मालखरौदा बीईओ एन के प्रधान, जैजैपुर बीईओ विजय सिदार सहित सभी बीआरसी, सीएसी, जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज, हायर सेकंडरी किरारी के प्राचार्य के व्ही रमन, खैरा प्राचार्य सुरेश कुमार जायसवाल,यू आर पटेल, रोशन पटेल, विकास तिवारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक का संचालन राकेश अग्रवाल सांख्यिकी अन्वेषक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती द्वारा किया गया।

# आईडीबीआई बैंक लिमिटेड - 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए वित्तीय परिणाम

IDBI BANK

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 39त्न की साल दर साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,868 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 45% की साल दर साल वृद्धि करते हुए 3,006 करोड़ हो गया। एनआईएम 4.87% दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय 26% की साल दर साल वृद्धि के साथ 3,875 करोड़ रही। जमा की लागत क्यू 2-2025 के लिए 4.66% रही, जबकि क्यू 2-2024 के लिए यह 4.22% थी। सीआरएआर साल दर साल 72 बीपीएस सुधरकर 21.98% रहा। परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 38 बीपीएस की साल दर साल वृद्धि करते हुए 1.97% रहा और इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 130 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 20.35% रहा। शुद्ध ब्याज आय क्यू2-2025 में 26% बढ़कर 3,875 करोड़ हो गई, जबकि क्यू2-2024 में यह 3,066 करोड़ थी। क्यू2-2025 में नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 54 बीपीएस सुधार हुआ, जो बढ़कर 4.87% हो गया।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 20.13 करोड़ के विकास और निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपा पूर्णता प्रमाण पत्र, हितग्राहियों को चेक भी बांटा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर जिले के खरोरा में 20 करोड़ 13 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 30 लाख 53 हजार रुपए लागत के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 19 करोड़ 83 लाख रुपए के 11 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। साव ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने महिला स्वसहायता समूहों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को कुल सात लाख रुपए के बैंक ऋण का चेक भी प्रदान किया। धरसीवा के विधायक अनुज शर्मा और खरोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल



सोनी भी लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने खरोरा के दीनदयाल उपाध्याय चौक में आयोजित कार्यक्रम में 25 लाख 53 हजार रुपए की लागत से निर्मित पौनी-पसारी हाट-बाजार और पांच लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नायकताड़ से खरोरा शहर तक 19 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से बनने वाले साढ़े तीन किलोमीटर गौरव पथ का भूमिपूजन भी किया। यह सड़क खंड राज्य मार्ग क्रमांक-20 का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो सिमगा, तिल्दा, खरोरा, आरंग, नयापारा और कुरूद को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ता है। इसके निर्माण से राष्ट्रीय राजमार्ग-130 से सिमगा-तिल्दा-खरोरा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-130बी से जुड़ेगी जिससे बिलासपुर, सिमगा, तिल्दा की तरफ से आने वाले लोगों तथा व्यवसायिक उपयोग के लिए सुगम एवं सुव्यवस्थित मार्ग उपलब्ध होगा। उप मुख्यमंत्री साव ने खरोरा नगर पंचायत में 36 लाख रुपए से अधिक की लागत के 11 कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें शहर के विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण और पाइपलाइन विस्तार के कार्य शामिल हैं। साव ने लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों के विकास के लिए राज्य शासन के पास राशि की कमी नहीं है। सभी नगरीय निकायों में विकास कार्यों और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए पर्याप्त राशि दी जा रही है। पिछले दस महीनों में राज्य के नगरीय निकायों को करीब 2800 करोड़ रुपए दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों के साथ ही प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

# हाईकोर्ट ने दिया तत्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार एवं रिटायर्ड रीडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने एक अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए बिलासपुर जिले के तत्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार जयशंकर उरांव, रिटायर रीडर एनके पांडे और जमीन खरीदार सुरेन्द्र बहादुर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला जमीन खरीदी-बिक्री से संबंधित है। मिली जानकारी के अनुसार मामला 2013-14 में पौंसरा की 2.15 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री का है। तब इस जमीन का नामांतरण तत्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार जयशंकर उरांव के हस्ताक्षर से किया गया था। बाद में पेखन लाल शेंडे ने रजिस्ट्री और नामांतरण आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि मांगते हुए 31 अगस्त 2024 को तहसील कार्यालय में आवेदन दिया। दस्तावेज न मिलने पर शेंडे ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। जिसके बाद कोर्ट ने तहसील को दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया था। तहसील कार्यालय की ओर से समय सीमा के बाद भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे परेशान होकर शेंडे ने अवमानना याचिका दायर की। कोर्ट ने इसके जवाब में एसडीएम बिलासपुर पीयूष तिवारी, तहसीलदार अतुल वैष्णव और मुकेश देवांगन को नोटिस जारी किया। अधिकारियों ने दस्तावेज की खोज के लिए समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने 24 अक्टूबर तक का समय दिया था। बावजूद इसके, दस्तावेज नहीं



मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की। करीब 15 दिनों तक दस्तावेजों की खोजबीन के बाद भी नामांतरण और रजिस्ट्री संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं मिल सका। तहसील अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि पूरे रिकॉर्ड गायब हैं, और रिटायर रीडर एनके पांडे की लापरवाही की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हाईकोर्ट ने इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि गुमशुदा दस्तावेजों के लिए केवल रीडर को दोषी ठहराना सही नहीं है। नामांतरण आदेश पर तत्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार जयशंकर उरांव (अब तहसीलदार) के हस्ताक्षर भी थे, जिससे उन्हें भी दोषी माना गया। कोर्ट ने तत्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार उरांव, रीडर पांडे और जमीन खरीदार सुरेन्द्र बहादुर सिंह के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होनी है।

# दीपक बैज का बयान विष्णु के सुशासन पर मुहर : संजय श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई मुठभेड़ों को कभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुर में सुर मिलाकर फर्जी बताने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आखिरकार सन् 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर यह तो स्वीकार कर ही लिया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद टारगेटेड एनकाउंटर हुए हैं और टारगेटेड एनकांटर में कोई आपत्ति नहीं है, बस्तर में शांति लौटनी चाहिए। श्रीवास्तव ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर बैज ने मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान की तारीफ की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और प्रदेश सरकार के रणनीतिक सूझबूझ से नक्सलियों को उनकी मांद में घुसकर जवान मार रहे हैं, जो एक ऐतिहासिक सफलता है।



# दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस की तैयारी बैठक संपन्न

**नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिवगण एस.ए. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ हुये बैठक में शामिल**




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी एस.ए. सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं सह प्रभारी जरिता लैतफलांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी ने सभी सेक्टर तथा बूथ एवं वार्ड प्रभारियो को उनके क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दिया। सभी ब्लाकों में तथा कुल 19 वार्डो में विधानसभा क्षेत्र को बांटकर नेताओं को प्रभार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बात के लिये एकजुटता दिखाई कि दक्षिण विधानसभा में अबकी बार कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। बैठक को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आप सभी को जिम्मेदारी दी गयी है। 2 मोबाईल से आप लोगो को काम करना है। वोटर को चिन्हित उसे ब्लाक या वार्ड या स्थानीय ही वोटर को चिन्हित कर सकते है। सभी समाज के लोगो को जोड़कर काम करना है। भाजपा ने 10 माह में कौन सा काम किया है उनको बताना है। सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। सूरजपुर में पुलिस की बेटी और पत्नी को मार डाला गया। बलरामपुर की घटना निंदनीय है। बलौदाबाजार, लोहारीडीह की घटना को बताना है। भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर दिया है। भाजपा की सरकार ने सामाजिक वातावरण को खराब किया है। सरकार के खिलाफ वातावरण बना सकते है। 10 महीने में हड़ताल पदयात्रा हो रही है इस सरकार में। भाजपा सरकार ने 10 महीने में अराजकता फैलायी है। भाजपा सरकार की अराजकता को लोगो को बताना है। एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि पूरी ताकत से चुनाव लड़ना है। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा युवा प्रत्याशी है, एनएसयूआई के अध्यक्ष थे, अब युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष है।

# सूर्यकांत तिवारी समेत 4 आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग खारिज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कोल घोटाले मामले में सूर्यकांत तिवारी समेत 4 आरोपियों के नार्को टेस्ट को लेकर एसीबी ईओडब्ल्यु की ओर से लगाए गए आवेदन पर स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के तर्क को सुनने के बाद कोर्ट ने एसीबी ईओडब्ल्यु के आवेदन को खारिज कर दिया है। आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग में सूर्यकांत तिवारी, रजनीकांत तिवारी, निखिल चंद्राकर, रोशन कुमार सिंह का नाम शामिल है। कोल लेवी मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी ने छत्तीसगढ़ एसीबी चीफ अमरेश मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए थे।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403